दैनिक **नवप्रदेश** — आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — सीएम ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से की चर्चा...

4 अभिव्यक्ति — भारत के सख्त तेवरों से पीछे हटा चीन...

9 मनोरंजन/खेल — जगदीप के निधन से एक और नगीना खो दिया...

11 व्यापार — कृषि क्षेत्र के उन्नयन के नये अवसर...

www.navpradesh.com रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2020, श्रावण कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-150 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए — छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आजादी के बाद से राजनीति के अपराधीकरण की प्रक्रिया का जो चहुंमुखी विकास हुआ है, उसका ही प्रतीक है कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे। जो पुलिस की पकड़ में आ गया है और शायद अपने किए की सजा भी पाएगा किन्तु एक विकास के विनाश से राजनीति के अपराधीकरण का विकास नहीं रुकेगा। ऐसे विकास पैदा होते रहेंगे और अपने राजनीतिक आकाओं की सरपरस्ती में समाज को, सरकार को और कानून को चुनौती देते रहेंगे। नेताओं की पूंछ पकड़कर अपराधी खुद नेता बन जाते हैं। विधानसभा और ससंद तक पहुंच जाते हैं। जरूरी है कि राजनीति के अपराधीकरण की प्रक्रिया पर प्रहार हो।

विवि संशोधन बिल पर आयोग व राज्यों की कार्यप्रणाली की होगी स्टडी

नव प्रदेश संवाददाता

■ प्रदेश के चार मंत्रियों से मुलाकात में राज्यपाल उइके ने कही उक्त बात

■ राजभवन में मंत्री चौबे, अकबर, डहरिया व पटेल ने की मुलाकात

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके से गुरुवार को यहां राजभवन में संसदीय कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल के समक्ष लंबित विधेयकों तथा छत्तीसगढ़ से जुड़े विकास के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य राज्यों की प्रणाली का अध्ययन किया जाएगा और विशेषज्ञों से सलाह लेने के पश्चात जो भी निर्णय लिया जाएगा उसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना होगा। किसी भी विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना होता है, उसे पूरा किया जाएगा। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि जनता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ग्रापं के नपं में परिवतर्न में बदलाव की जरूरत

राज्यपाल ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लाभांश, उनका बीमा और उनके बच्चों की छात्रवृत्ति की योजना से संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि पांचवी अनुसूची क्षेत्र में जो ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में परिवर्तन किया गया है, उससे जनजातियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इसमें परिवर्तन की आवश्यकता है।

राजधानी तरबतर: डेढ़ घंटे में 30.2 मिमी बारिश

रायपुर (नव प्रदेश)। राजधानी में गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई जोरदार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। करीब डेढ़ घंटे में रायपुर में 30.2 मिमी पानी गिर गया। इस बारिश से शहरवासियों को उमस से निजात तो मिली। लेकिन निचले इलाकों के घरों में पानी घुसने की नौबत आ गई। हालांकि बाद में बारिश की रफ्तार कम होने से खतरा टल गया।

उप्र का गैंगस्टर व 8 पुलिकर्मियों का हत्यारा विकास दुबे मप्र में गिरफ्तार

अपराध के 'विकास' पर शिकंजा

■ उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में पुलिस ने दबोचा,

■ दो अन्य साथी भी पकड़ाए अब उप्र पुलिस के हवाले

उज्जैन/भोपाल/नवप्रदेश। उत्तरप्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर और कानपुर शूट हाउट केस में आठ पुलिसवालों की हत्या के प्रमुख आरोपी विकास दुबे को गुरुवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया गया। उज्जैन पुलिस ने ही विकास को गिरफ्तार किया। विकास के अलावा उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि कोर्ट में पेश कर उज्जैन पुलिस ने रात को उसे उप्र पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुबे को महाकाल पुलिस चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह सुबह महाकाल मंदिर में प्रवेश करना चाह रहा था, तभी वहां सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों की सतर्कता की वजह से वह पहचान लिया गया। सूचना मिलने पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विकास की गिरफ्तारी ने खोली योगी सरकार के दावों की पोल: प्रियंका

लखनऊ। (वार्ता) उत्तर प्रदेश पुलिस के मोस्टवांटेड अपराधी विकास दुबे की गिरफ्तारी पर तंज कसते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अलर्ट के बावजूद हिस्ट्रीशीटर का उज्जैन पहुंचना योगी सरकार के सुरक्षा दावों की पोल खोलता है और अब सरकार को सीबीआई जांच करा कर इस घटनाक्रम से जुड़े सभी तथ्यों को जगजाहिर करना चाहिये। प्रियंका ने ट्वीट कर यह बात कही। दिवंगत पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र मिश्रा के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंद देव को लिखे गये पत्र को लेकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गिरफ्तारी पर मप्र, यूपी से लेकर छग तक उठे सवाल

' इसमें किसी बड़ी सियाशी साजिश की बू आ रही है। इतने बड़े इनामी अपराधी के, जिसको पुलिस रात-दिन खोज रही है, उसका कानपुर से सुरक्षित मध्यप्रदेश के उज्जैन तक आना और महाकाल मंदिर में प्रवेश करना और खुद चिल्ला- चिल्लाकर खुद को गिरफ्तार करवाना, कई संदेह को जन्म दे रहा है। किसी संरक्षण की ओर इशारा कर रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होना चाहिये।'

-कमलनाथ, पूर्व सीएम, मप्र

यह संयोग है, प्रयोग है या राजनीतिक दुरुपयोग है। पूरे मामले की हाई लेवल जांच होनी चाहिए।

आरपी मिश्रा, प्रवक्ता, छग कांग्रेस

योगी सरकार को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि यह गिरफ्तारी है या सरेंडर।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

'जिनको लगता है महाकाल की शरण में पाप धुल जाएंगे, उन्होंने महाकाल को जाना ही नहीं।'

-शिवराज सिंह चौहान, सीएम, मप्र

यह तो एनकाउंटर से बचने के लिए एक प्रायोजित सरेंडर लग रहा है। मेरी सूचना है कि मप्र भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के सौजन्य से यह संभव हुआ है। जय महाकाल। शिवराज जी आप बिना किसी कारण श्रेय ले रहे हैं। इसका श्रेय तो आपके गृह मंत्री जी (नरोत्तम मिश्रा)को देना चाहिए।'

-दिग्विजय सिंह, पूर्व सीएम, मप्र

लापरवाही

रिपोर्ट आने से पहले श्रमिक को भेजा घर, दो अफसर निलंबित

दंतेवाड़ा/(वार्ता)। दंतेवाड़ा में कोरोना जांच रिपोर्ट आने से पहले प्रवासी मजदूर को घर भेजने के मामले में पोंदूम क्वारंटाइन सेंटर के प्रभारी अधीक्षक रघुवीर नेताम व दंतेवाड़ा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ गौतम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी ने इन दोनों अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश दिए है। लापरवाही पर कलेक्टर के इस कड़े रुख के बाद हड़कंप मच गया है। दरअसल हैदराबाद से आया कोरीरास का मजदूर पोंदूम के क्वारंटाइन सेंटर में रुका था। सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट आने के पहले ही शनिवार को उसे घर भेज दिया गया। सोमवार को आई रिपोर्ट में वह पॉजिटिव निकला। गौरतलब है कि प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में इस लापरवाही को गंभीरता से लिया गया है।

कोरोना : 146 नए मरीज रायपुर से 56, एक और मौत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में गुरुवार को कोरोना के कुल 146 नए मरीज मिले हैं। जबकि स्वस्थ होने के उपरांत 68 मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि एक मौत भी दर्ज की गई है। सरगुजा के 76 वर्षीय बुजुर्ग ने एम्स रायपुर में दम तोड़ दिया। पूरे प्रदेश में रायपुर जिले से ही सर्वाधिक पॉजिटिव मरीज आने का सिलसिला अब भी जारी है। गुरुवार को रायपुर से ही सर्वाधिक 56 पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। जबकि नारायणपुर से 38, बीजापुर से 13, कोरबा से 9, सरगुजा से 6, बलरामपुर-बिलासपुर से 5-5, जांजगीर से 3, दंतेवाड़ा, कांकेर व बेमेतर से 2-2, दुर्ग राजनांदगांव, कवर्धा, जशपुर व सूरजपुर से 1-1 मरीज की पहचान की गई है।

एक्टिव केस 761

अब प्रदेश में कुल एक्टिव पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 761 हो गई है। इनमें भी रायपुर से सर्वाधिक 296 मरीज हैं। वहीं प्रदेश में कोरोना के कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा अब 3679 हो गया है। जबकि मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। 25 जून के बाद 9 जुलाई को एक्टिव पॉजिटिव केस का आंकड़ा 700 के पार हुआ है।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	7,94,180	21,622
अमेरिका	3,183,618	135,240
ब्राजील	17,27,279	68,355
ब्रिटेन	287,621	44,602
इटली	242,363	34,926
मैक्सिको	275,003	32,796
फ्रांस	169,473	29,965
स्पेन	300,136	28,401
ईरान	250,458	12,305
रूस	707,301	10,843

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 36737.69

निफ्टी- 10813.45

गोल्ड- 49190 (10 ग्रा.)

सिल्वर- 51992 (1 कि ग्रा.)

चीन से जारी रहेगी सैन्य और राजनयिक बातचीत : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली/ए.। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव में कमी के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सैन्य और राजनयिक अधिकारी सेना के पीछे हटने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अपनी बैठकें जारी रखेंगे। विदेश मंत्रालय ने मतभेदों के दूर होने की उम्मीद जाहिर करते हुए कहा, ''हम बातचीत के माध्यम से सीमा क्षेत्र में अमन-चैन और मतभेदों के समाधान को लेकर आश्वस्त हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा भारत क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि चाइनीज विदेश मंत्री के साथ बातचीत के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने एलएसी और गलवान घाटी में डिवेलपमेंट्स को लेकर भारतीय पक्ष से अवगत करा दिया था।

डोभाल की बातचीत का भी जिक्र

विदेश मंत्रालय ने एनएसए डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत का ब्योरा देते हुए कहा, 'एनएसए डोभाल और वांग यी इस बात पर सहमत हुए कि दोनों पक्षों को ऐसी किसी घटना को रोकने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, जिससे भविष्य में सीमा पर शांति बाधित हो सकती है।

पिता व भाई समेत भाजपा नेता की हत्या, 10 पुलिसवाले हिरासत में

श्रीनगर/(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा व्यस्था में चूक की वजह से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता वसीम बारी, उनके पिता वसीम अहमद तथा उनके भाई उमर बशीर की हत्या हुई। कुमार ने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यस्था में चूक हुई और बताया कि भाजपा नेता की सुरक्षा में तैनात 10 पुलिसकर्मियों को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 38 वर्षीय भाजपा नेता वसीम, उनके पिता तथा उनके भाई की आतंकवादियों ने बुधवार की रात नजदीक से गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस वारदात के समय ये लोग अपने घर से सटे अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। इस वारदात समय के समय इन लोगों के पास एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं था,जिसके कारण आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर भाग निकलने में कामयाब हो गये।

कवर्धा : राइस मिल के दो मुंशियों से 71 लाख की लूट

■ दो अज्ञात बदमाशों ने पहले दोनों की आंख में डाली मिर्च, फिर तान दिया कट्टा

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले में राइस मिल के दो मुंशियों से दो अज्ञात बदमाशों ने 71 लाख रुपए से ज्यादा की नगदी लूट दी। बदमाशों ने मुंशियों की आंख में मिर्च का पाउडर झोंक बंदूक तान इस वारदात को अंजाम दिया। पूरा मामला कवर्धा के पांडातराई थाना क्षेत्र के जंगलपुर का है।जिले के एक राइस मिल के मालिक ने अपने दो वर्कर्स को 71 लाख 57 हजार रुपए दिए थे। दोनों मुंशी इस बड़ी रकम को लेकर बिलासपुर के किसी व्यापारी को देने जा रहे थे। रास्ते में ही दो लोगों ने उनसे ये रकम लूट ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दोनों मुंशी निकले ही थे कि कुछ दूर आगे जाने के बाद जंगलपुर और कुंडा थाने के बीच दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से आए। अज्ञात लोगों ने दोनों मुंशी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर छिड़क दिया और उनकी गाड़ी को लात मारकर गिरा दिया। आरोपियों ने मुंशियों को कट्टा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलिस ने की नाकेबंदी

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जगह-जग नाकेबंदी कर ली है। हर वाहन की बारीकी से तलाश की जा रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक आरोपियों का सुराग नहीं लग सका।

गरमा-गरम

फूड पॉइजनिंग एक ही परिवार के 6 लोग बीमार, खाट के जरिए खेत से लाए गए घर तक

जंगली फुटू खाकर कोई घर में बेहोश तो खेत में मिला पड़ा

नव प्रदेश संवाददाता

दोरनापाल। सुकमा जिले के पालामडगु गांव में बुधवार को जंगली फुटू खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार पड़ गए। कोई घर में बेहोश पड़ गया तो खेत जाकर बदहवास हो गया। एकाएक सभी को बीमार पड़ता देख गांव में एक तरह से दहशत का माहौल बन गया क्योंकि इनके बीमार पड़ने की वजह समझ नहीं आ रही थी। अंततः फूड प्याइजनिंग की बात सामने आई। जिसके बाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फूड पॉइजनिंग की वजह से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार पड़ गए थे हमारी टीम उस इलाके में मलेरिया टेस्ट के लिए निकली हुई थी इसी दौरान जब हमारी वापसी हो रही थी तो ग्रामीणों ने हमें इसकी सूचना दी। हमने प्राथमिक तौर पर उपचार किया और एंबुलेंस मंगवा कर उन्हें तत्काल रेफर कर दिया। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है।

- डॉ. मुकेश बख्शी, चिकित्सक ,आरएमए

2 घर में 4 खेत में पड़े थे

परिवार के बीमार पड़े 6 में से 2 लोग घर पर थे वहीं 4 अन्य खेत में बेहोश पड़े थे। जब गांव में चिल्लाने की आवाज सुनी गई तो हड़कम्प मच गया जिसके बाद परिवार के अन्य लोगों को खोजने ग्रामीणों की टुकड़ी निकली। 1 किमी दूर खेतो में अन्य मरीज मिले जिन्हें खाट के माध्यम से निकाला गया। बीमार लोगों में फूट पॉइजनिंग का शिकार एक वृध्दा, एक गर्भवती महिला एक युवती समेत 3 अन्य युवक शामिल हैं। जिनको गांव में एम्बुलेंस मंगवाकर अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल सभी स्वस्थ हैं।

'सूरमा भोपाली' सुपुर्द-ए-खाक

मुंबई नवप्रदेश। बॉलीवुड ने एक और स्टार खो दिया। शोले फिल्म में सूरमा भोपाली की भूमिका निभाने वाले हास्य अभिनेता जगदीप ने बुधवार की रात को अंतिम सांस ली। जगदीप को जय और वीरू (अमिताभ बच्चन व धर्मेंद्र) की जोड़ी बहुत मिस करेगी। उन्हें गुरुवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। महानायक अमिताभ बच्चन ने जगदीप के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री ने एक और नगीना खो दिया है। हास्य की दुनिया के बेताज बादशाह जगदीप ने 8 जुलाई 2020 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जगदीप के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। अमिताभ ने जगदीप को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी है। महानायक ने ब्लॉग में लिखा, 'बीती रात हमने एक और नगीना खो दिया। जगदीप... कॉमेडी में अद्भुत काबिलियत रखने वाले, गुज़र गये। अदाकारी का उनका विलक्षण अंदाज था। मुझे कई फिल्मों में उनके साथ काम करने का सम्मान हासिल हुआ।

भारत के आगे झुका पाक, कुलभूषण को फिर से अपील दायर करने का दिया मौका

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जाधव को मौत की सजा के खिलाफअपील की अनुमति दी

इस्लामाबाद ए.। पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव के मामले में भारत के सख्त रुख के बाद अब पाकिस्तान पलट गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर शाम कुलभूषण जाधव को मौत की सजा के खिलाफअपील करने की अनुमति दे दी। पाकिस्तान ने दावा किया कि जाधव को यह अपील दायर करने के लिए उसे विशेष अध्यादेश लाना पड़ा है। भारत ने पाकिस्तान के इस पूरे दावे को 'स्वांग' करार दिया है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के दक्षिण एशिया मामलों के महानदिशक जनरल जाहिद हाफिज और अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अहमद इरफान ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के मुताबिक सभी जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अपील और समीक्षा याचिका को जाधव या उनके कानूनी प्रतिनिधि या इस्लामाबाद में भारत के काउंसलर अधिकारी दायर कर सकते हैं।



भारत ने पाकिस्तान के दावे को 'स्वांग' करार दिया

पाकिस्तान ने कहा था कि मौत की सजा का सामना कर रहे भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव ने सैन्य अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के खिलाफइस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के इस दावे को 'स्वांग' करार दिया है । भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को 'जासूसी और आतंकवाद' के आरोपों पर अप्रैल 2017 में पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को 'जासूसी और आतंकवाद' के आरोपों पर अप्रैल 2017 में पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके कुछ हफ्ते बाद, भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच नहीं दिए जाने और मृत्युदंड को चुनौती देते हुए आईसीजे का रूख किया था। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने पिछले साल जुलाई में फैसला दिया था कि पाकिस्तान को दोषसिद्धि की समीक्षा करनी चाहिए और बिना किसी देरी के जाधव को राजनयिक पहुंच देना चाहिए।

19 जुलाई तक दायर करनी है अपील

पाकिस्तान के अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अहमद इरफान ने कहा कि 17 जून 2020 को जाधव को अपनी सजा और दोषसिद्धि की समीक्षा के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करने की पेशकश की गयी। जाहिद हाफिज चौधरी के साथ इरफान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कमांडर जाधव ने अपनी सजा और दोषसिद्धि की समीक्षा और पुनर्विचार के लिए याचिका दाखिल करने से मना कर दिया। इसके बजाय उन्होंने अपनी लंबित दया याचिका पर आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने 20 मई को एक अध्यादेश जारी कर भारतीय सरकार, जाधव या उनके कानूनी प्रतिनिधि को 60 दिन के भीतर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करने को कहा। इस अध्यादेश की अवधि 19 जुलाई को खत्म हो रही है। इरफान की टिप्पणी के बाद नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने उनके दावे को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह उसी 'स्वांग' का हिस्सा है जो पाकिस्तान पिछले चार सालों से कर रहा है।

पूर्वी लद्दाख की सीमा पर हालात में हो रहा सुधार

अगले दौर की बैठक जल्द : चीन

पैट्रानोबिस ए.। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में कई महीनों से चल रहे तनाव में अब कमी आने लगी है। चीन ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों की सीमा पर हालात में सुधार आ रहा है। हाल ही में शीर्ष सैन्य अधिकारी और एनएसए अजीत डोभाल व चीनी विदेश मंत्री के बीच बातचीत के बाद से भारत-चीन के सैनिक पीछे लौटने लगे हैं। कई इलाकों से चीनी सैनिक पूरी तरह से पीछे हट चुके हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग भारत और चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय (डब्ल्यूएमसीसी) के लिए कार्य तंत्र के तहत नई दिल्ली के साथ बातचीत का नया दौर शुरू करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने गुरुवार को कहा, 'कमांडर-स्तरीय वार्ता में सहमति बनने के बाद भारत-चीन के सैनिकों ने गलवान घाटी और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों को पीछे हटाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।'

उन्होंने कहा, 'सीमा पर हालात स्थिर हैं और सुधार हो रहा है। दोनों पक्षों में सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत जारी रहेगी, जिसमें सीमा मामलों पर ड्डस्स्ष्ट की बैठक भी शामिल है।' उन्होंने आगे कहा, 'आशा है कि भारत ठोस कार्रवाई करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेगा और सहमति को लागू करेगा। साथ ही संयुक्त रूप से सीमा पर डी-एस्केलेशन के लिए काम करेगा।'

इससे पहले चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया था कि नई दिल्ली और बीजिंग द्वारा एक साथ क्षेत्र में दो महीने की तनावपूर्ण स्थिति को समाप्त करने के अपने फैसले की घोषणा के एक दिन बाद, उसके सैनिकों ने गलवान घाटी से पीछे हटना शुरू कर दिया था।

चीन के दबाव में नहीं आया कनाडा

हांगकांग पर सुरक्षा कानून थोपने के खिलाफ चीन को दिया झटका

नई दिल्ली ए.। कनाडा और चीन के बीच चल रहे तीखे रिश्तों में और कड़वाहट भर गई है। चीन के साथ रिश्तों में कटौती करते हुए कनाडा ने हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को रद्द कर दिया है। कनाडा ने यह कदम चीन द्वारा अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए हांगकांग पर नया सुरक्षा कानून थोपने की वजह से उठाया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ने कहा, ''कनाडा तत्काल प्रभाव से संवेदनशील सैन्य सामानों को हांगकांग निर्यात की अनुमति नहीं देगा। कनाडा यह भी मानता है कि सभी संवेदनशील सामान जो हांगकांग निर्यात किए जा रहे हैं उनका इस्तेमाल मेनलैंड चाइना में होगा।'' कनाडा के विदेश मंत्री ने नए कानून को स्वतंत्रता के लिए अहम कदम बताया। कनाडा के इस कदम से चीन और चिढ़ गया है। चीन

ने हांगकांग सुरक्षा कानून की आलोचना के लिए कनाडा पर भड़ास निकाली थी तो हांगकांग के अधिकारियों ने प्रत्यर्पण संधि के कनाडा के निलंबन पर निराशा व्यक्त की। दोनों देशों के बीच संबंध 2018 में बिगड़ गए थे जब कनाडा ने हुआवेई की सीएफ़ओ मेंग वांगझू को यूएस के वारंट पर गिरफ्तार कर लिया था। मेंग की गिरफ्तारी के बाद चीन ने कानाडा के नागरिक और पूर्व कूटनीतिज्ञ माइकल कोवरी और बिजनेसमैन माइकल स्पावोर को जाजूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था।

चीन पर बरसा अमेरिका, कहा–

भारत ने दिया बेहतर जवाब : पोम्पियो

***नई दिल्ली ए.।** भारत-चीन सीमा विवाद पर अमेरिका ने बुधवार को ड्रैगन को आड़े हाथों लेते हुए जमकर निशाना साधा है। अमेरिका ने कहा है कि चीन ने पूर्वी लद्दाख में हुई हालिया झड़प में 'आक्रामकता' दिखाई, जिसका भारत ने बेहतर तरीके से जवाब दिया। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी तनाव पर अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा, 'मैंने इस मामले में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से कई बार बातचीत की। चीन ने आक्रामकता दिखाई, जिसका भारत ने जवाब दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि चीन अपने कई पड़ोसी देशों के साथ सीमा को लेकर विवाद पैदा कर रहा है। दुनियाभर के देशों को चीन को ऐसा करने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'ऐसा कोई पड़ोसी देश नहीं हैं, जो स्पष्ट रूप से कह सकता है कि वह जानता है कि उसके देश की संप्रभुता कहां समाप्त होती है और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी उस संप्रभुता का सम्मान करेगी।' अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि जवाब देने के लिए दुनिया को एक साथ आना चाहिए। इसे राष्ट्रपति ट्रंप ने गंभीरता से लिया है।*

भारत के सोहम का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉड्‌र्स में, एक पैर से 101 छलांग

दुबई ए.। दुबई में रहने वाले एक भारतीय युवा ने अद्भुत कारनामा कर दिखाया है और देश के नाम एक गौरव जोड़ दिया है। सोहम मुखर्जी ने एक पैर से 101 बार कूदकर अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज करा लिया है। इस कारनामे के लिए गिनीज बुक के अधिकारी मौजूद थे और सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए उनका वीडियो लिया गया जिसके आधार पर उनके नाम यह करतब किया गया।

दिल्ली से ताल्लुक रखने वाले मुखर्जी ने 30 सेकेंड में 96 बार कूदने के पिछले रेकॉर्ड को तोड़ दिया। रिकॉर्ड तोड़ने पर वैश्विक संस्था ने एक बयान जारी करके कहा, 'शयनकक्ष में लिए गए वीडियो में मुखर्जी कुल 110 बार कूदा लेकिन इनमें से नौ को अमान्य घोषित किया गया।' मुखर्जी ने कहा कि इसे दो कैमरों से रिकॉर्ड किया गया और पास से 'स्लो मोशन' से इसे नापा गया। मुखर्जी ने एक बयान में कहा, 'रिकॉर्ड को नजदीक से स्लो-मोशन वीडियो से मापा गया था, ताकि लाइन ऑब्जेक्ट और मेरे पैर स्पष्ट रूप से दिखाई दें।' मुखर्जी ने इसका श्रेय अपने सक्रिय खेल

जीवन को देते हुए कहा कि इस विशिष्ट रेकॉर्ड को तोड़ने में उनकी मदद ताइक्वांडो में 13 वर्षों की उनकी मेहनत ने की ।

किर्गिस्तान में फंसे बिहार के 1500 मेडिकल छात्र कर रहे घर लौटने का इंतजार, नहीं मिल रही मदद

सहरसा ए.। लॉकडाउन के दौरान विदेशों में फंसे लोगों को वापस लाने के लिए चलाये गये वंदे भारत मिशन का लाभ सहरसा सहित बिहार के बहुत सारे छात्र छात्राओं को नहीं मिल रहा है। करीब चार हजार किलोमीटर दूर किर्गिस्तान में सहरसा के दर्जनों मेडिकल छात्र सहित बिहार के करीब 1500 विद्यार्थी वतन वापसी की राह देख रहे हैं। ये विद्यार्थी बिहार से लेकर केंद्र सरकार और बालीवुड अभिनेताओं तक मदद की गुहार लगाकर थक चुके हैं।

सहरसा के गौतम नगर निवासी रिटायर्ड बैंक अधिकारी रंजन कुमार सिंह के पुत्र अमन सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 से किर्गिस्तान के जलालाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। इस साल स्नातक की पढ़ाई पूरी हो चुकी है। दो महीने से वतन वापसी का प्रयास कर रहे हैं। 31 अगस्त को भारत में एमसीआई की परीक्षा होने वाली है। उन्होंने बताया कि जलालाबाद यूनिवर्सिटी में मनु वत्स, मनीष कुमार, आकांक्षा कुमारी, नेहा भारती भी पढ़ाई कर रहे हैं।

किर्गिस्तान में परीक्षा खत्म हुए दो माह बीत चुके हैं। घर वापसी के लिए बिचौलियों से सम्पर्क किया। लेकिन दूसरे राज्यों के बच्चे जहां 20 हजार रुपये में टिकट खरीद रहे थे वहीं हमसे टिकट के लिए 42 हजार रुपये मांगा गया। छात्रों ने बताया कि वंदे भारत मिशन में बिहार के लिए एक भी फ्लाइट नहीं है क्योंकि बिहार सरकार क्लीयरेंस नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हमलोग पेड होम क्वारंटाइन में भी रहने को तैयार हैं। छात्रों ने बताया कि अन्य राज्यों के बच्चे अपने घर लौट चुके हैं।

अमेरिका में नए वीजा नियमों से भारतीय छात्रों को हो सकती है परेशानियां: अधिकारी

वॉशिंगटन ए.। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने कहा कि एफ-1 वीजाधारक कुछ विदेशी छात्रों के लिए वीजा संबंधी नए दिशा निर्देश 'अनिश्चितता और मुश्किलें पैदा' करने वाले हो सकते हैं। इस दिशा-निर्देशों के मुताबिक विदेशी छात्रों को कम से कम एक पाठ्यक्रम ऐसा लेना होगा जिसमें वह व्यक्तिगत रूप से कक्षा में उपस्थित रह सकें अन्यथा उन्हें निर्वासित होने के जोखिम का सामना करना होगा।

भारतीय दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा, 'ऐसे वक्त में जब अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने नए अकादमिक वर्ष के लिए अपनी योजनाओं की घोषणा नहीं की है तो इन नए दिशा निर्देशों से अमेरिका में अपनी पढ़ाई जारी रखने के इच्छुक कुछ भारतीय छात्रों के लिए अनिश्चितता के हालात बन सकते हैं और मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। सवालों के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि भारत सरकार ने अमेरिका के संबंधित

अधिकारियों के समक्ष इस मामले को उठाया है। सात जुलाई को भारत-अमेरिका विदेश कार्यालय विचार गोष्ठी में विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने राजनीतिक मामलों के उप विदेश मंत्री डेविड हेल के समक्ष भारत की चिंताओं को उठाया। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल जनवरी में अमेरिका के विभिन्न अकादमिक संस्थानों में 1,94,556 भारतीय छात्रों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,26,132 पुरुष और 68,405 महिलाएं हैं। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी अधिकारी कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा हुई असाधारण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय छात्रों के लिए अपने वीजा नियमों में पर्याप्त नरमी दिखाएंगे।

मुस्लिमों के प्रति अच्छी सोच रखने वाले गैर मुस्लिमों को भी नहीं मिलेगी जन्नत

क्वालालंपुर ए.। मलेशिया में रह रहे भगोड़े इस्लामी धर्म गुरु जाकिर नाइक ने एक बार फिर से गैर मुस्लिमों के प्रति विद्वेष फैलाने वाला बयान दिया है। जाकिर नाइक ने कहा कि अच्छी सोच रखने वाले 'गैर मुस्लिमों' को भी जन्नत नहीं मिलेगी। नाइक ने कहा कि मुसलमानों के प्रति अच्छी सोच रखने वाले गैर मुस्लिमों ने चूंकि धर्म परिवर्तन करके इस्लाम स्वीकार नहीं किया है, इसलिए उन्हें जन्नत नहीं नसीब होगी। जाकिर नाइक ने कहा कि ऐसे गैर मुस्लिम नरक में ही जाएंगे क्योंकि मूर्ति पूजा करने करने का उनका पाप किसी अन्य अपराध से बढ़कर है। नाइक का यह वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया गया है। बता दें कि नाइक पर अब शिकंजा कसता जा रहा है। केंद्र सरकार ने नाइक की प्रत्यर्पण के लिए मलेशिया सरकार से औपचारिक अनुरोध किया है।

मनी लॉड्रिंग और नफरत फैलाने का आरोप

सरकारी सूत्रों के मुताबिक सरकार मलेशिया सरकार के साथ इस मामले को उठा रही है। नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) नाइक के मामले की जांच कर रही है। लेकिन उसके जांच शुरू करने से पहले ही नायक भारत से भाग गया था। इसके बाद से ही वह मुस्लिम बहुल देश मलेशिया में रह रहा है। नायक पर मनी लॉड्रिंग और नफरत फैलाने वाले भाषण देने का आरोप है। नाइक का नाम 2016 में ढाका में हुए बम धमाकों में भी आया था। इन धमाकों में सैकड़ों लोग मारे गए थे। इन धमाकों में शामिल एक आरोपी ने बाद में स्वीकार किया था कि नाइक के भाषणों के कारण वह यह घिनौना काम करने के लिए प्रेरित हुआ। एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक नाइक पिछले तीन साल से मलेशिया में रह रहा है। भारत में उसके भाषण पीस टीवी पर प्रसारित होते थे जिस पर अब प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मलेशिया ने नाइक को स्थाई नागरिकता दी

ब्रिटेन और कनाडा ने उसे वीजा देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद मलेशिया ने उसे स्थाई नागरिकता दे दी। उसके एनजीओ इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन ने 2007 से 2011 के बीच मुंबई में पीस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित किए थे। एनआईए के मुताबिक नाइक पर लोगों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करने और हिंसा फैलाने का भी आरोप है।

कोरोना से मरने वाले 53% लोगों की उम्र 60 साल से ज्यादा: स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली ए.। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि हम विश्व में जनसंख्या के आधार पर दुनिया के दूसरे बड़े देश हैं। इतनी बड़ी आबादी होने के बाद भी हमने कोरोना को मैनेज करने में संतोषप्रद काम किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना से होने वाली 53 फीसदी मौतें 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी राजेश भूषण ने कहा है कि डब्ल्यूएचओ की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार आज भारत में 538 केस प्रति मिलियन (10 लाख) हैं। वहीं कुछ देशों की प्रति मिलियन केसों की संख्या भारत से 16-17 गुना ज्यादा है। भारत में प्रति मिलियन पर मौत की

संख्या 15 है। उन्होंने कहा है कि रिकवर केस और एक्टिव केसों के बीच का गैप अब लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस वक्त विश्व में 100 से अधिक वैक्सीन कैंडिडेट हैं जो अलग-अलग ट्रायल स्टेज पर हैं।

दूसरे देशों की तुलना में भारत में प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर सबसे कम कोरोना केस और मौतें : सरकार

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के बीच केंद्र सरकार ने बताया है कि दुनियाभर के अन्य देशों की तुलना में भारत में प्रति दस लाख की जनसंख्या पर सबसे कम मामले और सबसे कम मौतें हुई हैं। सरकार ने गुरुवार को कहा, 'विश्व में पांच सबसे अधिक प्रभावित देशों की तुलना में भारत में प्रति दस लाख की जनसंख्या पर सबसे कम केस (538) हैं और मौतें (15) हैं। वहीं, वै?श्विक औसत 1,453 (कोरोना वायरस के मामलों) और 68.7 (मौतों का) है।' देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक साढ़े सात लाख से ज्यादा कोरोना के कुल मरीजों की संख्या हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 24,879 मामले सामने आए हैं, जबकि 487 लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,67,296 है जिसमें 2,69,789 सक्रिय मामले हैं और 4,76,378 ठीक हो चुके हैं। इसके अलावा 21,129 की मौत हुई है। वहीं, सरकार ने एक बार फिर से दावा किया है कि देश में कोरोना वायरस का कम्युनिटी ट्रांसमिशन नहीं हो रहा है। हर्षवर्धन ने कहा कि हमारी चर्चा के दौरान, विशेषज्ञों ने फिर कहा कि भारत में कोई सामुदायिक प्रसारण नहीं है। कुछ स्थानीय पॉकेट हो सकते हैं, जहां ट्रांसमिशन अधिक हैं, लेकिन एक देश के रूप में कोई कम्युनिटी ट्रांसमिशन नहीं है।

भाजपा की नई टीम में 'एक व्यक्ति, एक पद' पर होगा अमल

जेपी नड्डा युवा नेताओं को देंगे तरजीह

नई दिल्ली ए.। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम में 'एक व्यक्ति, एक पद' के सिद्धांत पर अमल किया जा सकता है। इसकी घोषणा जल्द होने वाली है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपनी नई टीम में युवाओं को मौका दे सकते हैं। साथ ही वेंकैया नायडू, अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, अनंत कुमार की जगह नए चेहरे को मौका दिया जा सकता है। नई टीम में काफी बदलाव होने की संभावना है। इसमें युवाओं को ज्यादा तरजीह दी जाएगा। साथ ही जो नेता संगठन में काम करेंगे वे सरकार में शामिल नहीं होंगे। ऐसे मं कुछ नेताओं को संगठन से सरकार में भेजा जा सकता है और कुछ नेता सरकार से संगठन में भी आएंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पार्टी की कमान संभाले करीब चार महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी टीम सामने नहीं आई है। इसकी एक वजह कोरोना रहा, जिसने सारी व्यवस्थाओं को बदल दिया। अब संगठन को सुचारू ढंग से चलाने के लिए तेजी लाई जा रही है। पीर्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय टीम का खाका तैयार हो चुका है और इसे जल्द ही जारी किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

लोन दिलाने के नाम पर महिला से 45 हजार से अधिक की ठगी

रायपुर। समाचार-पत्र में पर्सनल लोन दिलाने का विज्ञापन जारी कर अज्ञात आरोपी द्वारा एक महिला से 45 हजार रूपये से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता द्वारा घटना की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पार्वनीनगर गुढ़ियारी रायपुर की रहने वाली श्रीमती डिरजा साहू पति स्व. खेदूराम 35 वर्षीय ने एक समाचार-पत्र में पर्सनल लोन दिलाने का प्रकाशित विज्ञापन को पढ़कर उक्त विज्ञापन में प्रकाशित फोन नंबर 97686-65404 पर संपर्क किया। उक्त फोन नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने प्रार्थियां से पूछा गया कि उसे कितना लोन पास कराना है। प्रार्थियां ने दो लाख रूपये कहा। इस पर आरोपी ने उसे लोन पास होने की गारंटी देते हुए पहले उससे अपने बताये खाता क्रमांक 157534067703 में 3500 रूपये जमा कराये। इसके बाद आरोपी ने कई बार में प्रार्थियां से उक्त खाता में लगभग 45 हजार 150 रूपये जमा कराया और लोन पास नहीं कराकर धोखाधड़ी किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी खाता धारक के खिलाफ धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की विवेचना जारी है।

दुष्कर्म मामले में लार्ड बुद्धा फाउंडेशन के चेयरमैन गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी के नया रायपुर स्थित लार्ड बुद्धा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमाद्रि बरुवा को राखी थाना पुलिस ने एक विवाहित महिला से रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता फाउंडेशन में ही कार्य करती है। राखी थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार लार्ड बुद्धा फाउंडेशन में काम कर रही एक विवाहित महिला ने फाउंडेशन के चेयरमैन हिमाद्रि बरुवा पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए बीती रात उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि आरोपी पिछले 8 महीने से अपने झांसे में लेकर उसके साथ बलात्कार कर रहा था। पीड़िता की शिकायत दर्ज पर पुलिस ने आज आरोपी हिमाद्रि बरूवा को धारा 376 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला अपने पति से विवाद के चलते पिछले एक साल से उससे अलग नया रायपुर में एक किराये के मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहती है। यहां रहकर वो लार्ड बुद्धा फाउंडेशन में काम कर अपना और अपने बच्चे का जीवन-यापन चला रही है। महिला का पति जगदलपुर में रेलवे में पदस्थ है।

रेस्टारेंट में हुक्का बार चलाते दो गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर के कई रेस्टोरेंट और बड़े होटलों में नाबालिगों के साथ युवाओं को तंबाकुयुक्त हुक्का पिलाने का व्यवसाय धड़ल्ले से जारी है। सिविल लाईन थाना पुलिस ने बुधवार की देर शाम को कटोरा तालाब स्थित कुक एण्ड कुक रेस्टारेंट में दबिश दी और यहां मौके पर रेस्टारेंट के कर्मियों को वहां खाना खाने पहुंचे नाबालिग लड़कों को खाना के साथ तंबाकुयुक्त हुक्का परासते रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने इस मामले में रेस्टारेंट के संजू प्रमाणिक पिता मुक्ति 20 वर्ष एवं आमीर खान पिता बबलू 24 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा तम्बाकु अधिनियम 22/2, किशोर अधिनियम 77 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक पर चाकु से जानलेवा हमला

रायपुर। शहर के बंधवा पारा इलाके में बीती रात एक युवक को उसके घर से बुलाकर आरोपी युवक ने उस पर चाकु से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुरानी बस्ती थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक यादव 28 वर्ष का आरोपी शुभम यादव पिता श्यामलाल से पूर्व में हुए झगड़े को लेकर पुरानी रंजिश थी।

सीएम ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से की चर्चा, जाना स्वास्थ्य का हाल

- **कहा : कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में बुजुर्गों के लिए सुरक्षित रहना सबसे बड़ी जरूरत**
- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सात जिले के वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से की बातचीत**
- **आज अपने परिवार के सियान से कर रहा हूं बात: वृद्धाश्रम में बुजुर्ग खुश हैं, यह देखकर अच्छा लगा**
- **बुजुर्गों ने दिया मुख्यमंत्री को आशीर्वाद**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के सात जिलों में स्थित वृद्धाश्रमों के बुजुर्गों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत कर उनका हाल-चाल पूछा। बुजुर्गों के स्वास्थ्य, वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों से कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के कारण रोजमर्रा के जीवन में परिवर्तन आया है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता सुरक्षित रहने की है।

मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों से चर्चा के दौरान कहा कि मैं अपने परिवार के सियान लोगों से मिल रहा हूं। वे स्वस्थ्य और वृद्धाश्रम में खुश हैं, यह देखकर अच्छा लगा। मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता से बातचीत की और बातचीत की शुरूआत में उन्हें प्रणाम किया। बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। वे इस बात से खुश थे कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने स्वयं परिवार के सदस्य की भांति उनकी सुध ली।

बुजुर्गों से बातचीत के दौरान भावुकता के क्षण भी आए। जब बघेल ने उनसे पूछा कि आपके परिवार के लोग उनसे मिलने आते हैं क्या। बुजुर्गों ने नम आंखों से

कहा कि समय-समय पर परिवार के लोग मिलने आते हैं। जांजगीर के देव समिति की बुजुर्ग महिला श्रीमती पूर्णिमा थवाईत ने बताया कि वे पिछले 15 सालों से वृद्धाश्रम में रह रही है। परिवार के लोग उनसे बीच-बीच में मिलने आते हैं। मुख्यमंत्री ने जब उनसे पूछा कि आश्रम की साफ-सफाई कैसी है, तो पूर्णिमा थवाईत ने कहा कि बढ़िया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयं आकर वृद्धाश्रम की व्यवस्था देखने के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों से वृद्धाश्रम की दैनिक गतिविधियों और कोरोना से बचाव के लिए अपनायी जा रही सावधानियों का भी जायजा लिया।

बघेल ने बुजुर्गों से कहा कि बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण की ज्यादा संभावना रहती है। बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में बाहर से आने वाले लोगों से मास्क लगाकर दूर से बात करें, सेनेटाईजर का उपयोग करें, साबुन से हाथ धोते रहे और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों का लोगों ने पालन किया है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रोकथाम में काफी हदतक सफलता मिली।

मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के ग्राम भिलाई में प्रेरक संस्था द्वारा संचालित सियान सेवा सदन, मुंगेली में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, राजनांदगांव में समता मंच द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, रायगढ़ और बस्तर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, बिलासपुर में जनपरिषद द्वारा और जांजगीर-चांपा में देव सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के वृद्धजनों से बातचीत की। गरियाबंद के भिलाई ग्राम के सियान सेवा सदन की वृद्ध महिला श्रीमती मीरा बाई साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि वृद्धाश्रम में अच्छी व्यवस्था है, सभी लोग स्वस्थ्य है। चाय और नश्ता समय पर मिलता है, समय-समय पर डॉक्टर भी आते हैं, दवाई मिलती है। इसी वृद्धाश्रम की श्रीमती दुलारी बाई से मुख्यमंत्री ने पूछा कि वृद्धाश्रम में काम करने वाले कर्मचारियों से परेशानी तो नही है, उनका व्यवहार आप के साथ कैसा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों से उन्हें कोई परेशानी नहीं है। मुंगेली के वृद्धाश्रम के सदानंद सोनी ने बताया कि वृद्धाश्रम आश्रम में साफ-सफाई अच्छी, दवा-पानी सब मिलता है, बिस्तर और कपड़े की साफ-सफाई होती है। कर्मचारी सेवा भाव से उनकी देखभाल कर रहे हैं।

राजनांदगांव वृद्धाश्रम की श्रीमती दुरपति ने बताया कि सभी लोगों का स्वास्थ्य अच्छा है, सबेरे नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना समय पर मिलता है। बस्तर के आस्था निकुंज वृद्धाश्रम की श्रीमती राधा बाई और श्रीमती ऊषा बाई ने बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक है। उन्होंने बताया कि आश्रम की सभी व्यवस्थाएं ठीक है और कोई दिक्कत नहीं है।

राज्यपाल से छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य भेंट

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के संरक्षक सोहन पोटाई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश यदु एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

अंबेडकर अस्पताल का भार कम करने ईएसआईसी अस्पताल में भी कोरोना संक्रमितों का इलाज

गायत्री अस्पताल करेगी ई.एस.आई.सी. अस्पताल का संचालन, स्वास्थ्य विभाग ने संचालन के लिए आमंत्रित की थी खुली निविदा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोविड-19 के साथ ही नॉन-कोविड मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहे रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय का भार कम करने भनपुरी स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नवनिर्मित अस्पताल में भी कोरोना संक्रमितों का इलाज किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अस्पताल के संचालन के लिए निजी क्षेत्र के अस्पतालों से खुली निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में सबसे कम दर का प्रस्ताव देने वाले गायत्री अस्पताल को इसके संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में अभी कोविड-19 के इलाज के साथ ही आई.सी.यू., ऑपरेशन थिएटर, कैंसर व हृदय रोग से संबंधित बीमारियों के उपचार तथा आपातकालीन सेवाएं संचालित की जा रही हैं। ये सेवाएं बाधित न हों और लोगों को लगातार नॉन-कोविड बीमारियों के इलाज की सुविधा मिलती रहे, इसके लिए ई.एस.आई.सी. अस्पताल को भी कोविड-19 के इलाज के लिए तैयार किया जा रहा है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत शासन द्वारा दर निर्धारित कर निजी क्षेत्र के अस्पतालों को भी कोविड-19 के उपचार हेतु इम्पैनलमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा भनपुरी में सर्वसुविधायुक्त ई.एस.आई.सी. अस्पताल का निर्माण किया गया है। मानव संसाधन की कमी के कारण अभी इसे संचालित नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने खाली पड़े इस अस्पताल का अधिग्रहण कर यहां कोविड अस्पताल संचालित करने का निर्णय लिया है। खुली निविदा के माध्यम से अस्पताल संचालन के लिए 1448 रूपए प्रति बिस्तर प्रतिदिन का सबसे कम दर का प्रस्ताव देने वाले गायत्री अस्पताल द्वारा शीघ्र इसका संचालन किया जाएगा।

सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने कार्ययोजना बनाने के निर्देश

मंत्री भगत ने की राज्य योजना आयोग के काम-काज की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री अमरजीत भगत ने आज मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित बैठक में राज्य योजना आयोग के कार्यों की गहन समीक्षा की। श्री भगत ने अधिकारियों को सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता और स्वरोजगार, बांधों, जलाशयों की तलहटी में गाद (सिल्ट) हटाने, सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने, रेनवॉटर हार्वेटिंग को प्रोत्साहित करने, प्रदूषण नियंत्रण तथा फ्लाई ऐश की उपयोगिता को अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहन देने के लिए 9 माह की कार्ययोजना बनाने कहा है।

श्री भगत ने कहा कि कार्ययोजना बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाए। इसमें विषय विशेषज्ञों तथा हितभागियों के साथ विचार-विमर्श उपरांत निकले निष्कर्ष को संबंधित विभागों को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विकसित देशों में स्थापित उद्योगों का छत्तीसगढ़ में निवेश करने की संभावनाओं को देखते हुए, उन उद्योगों के अनुकूल प्रदेश में मानव संसाधन तैयार करें, ताकि राज्य के बेरोजगार युवकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले।

हादसा

रायपुर। कंकालीपारा के पास एक प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में लगी आग।

काम को सम्मान — रायगढ़ और बलौदाबाजार के पुलिसकर्मियों को डीजीपी ने इंद्रधनुष सम्मान से किया सम्मानित

त्वरित कार्रवाई से पुलिस के प्रति जनता में बढ़ता है विश्वास : डीजीपी

रायगढ और बलौदाबाजार में डकैती के आरोपियों को पुलिस ने किया था तत्काल गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अपराधियों को पकड़ना इस बात पर निर्भर करता है कि घटना के बाद पुलिस का रिस्पॉन्स कैसा रहा। पुलिस त्वरित कार्रवाई में जुट जाए तो अपराधों की गुत्थी आसानी से सुलझायी जा सकती है। इसके साथ ही जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। पुलिस को सफलता तभी मिलती है जब पूरी टीम ने कोशिश की हो। उक्त बातें डीजीपी श्री डीएम अवस्थी ने इंद्रधनुष सम्मान समारोह में पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए कहीं। सम्मान समारोह में बिलासपुर आईजी श्री दीपांशु काबरा, रायपुर आईजी डॉ आनंद छावड़ा, बलौदाबाजार एसपी श्री आई कल्याण एलिसेला, रायगढ़ एसपी श्री संतोष कुमार सिंह और अपराधियों को पकड़ने में शामिल पैंतालीस पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हाल में ही रायगढ़ में कैश वैन लूटकांड, हत्या और बलौदाबाजार में डकैती की घटना पुलिस द्वारा चौबीस घंटे के अंदर सुलझा ली गयी थी। पुलिस द्वारा तत्काल अपराधियों को पकड़ने के बाद डीजीपी ने पुलिस टीम को सम्मानित करने की घोषणा की थी। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बड़े ही गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ पुलिस आपराधिक घटनाओं को तत्काल सुलझा ले रही है। अपराध घटित होने के बाद जब एसपी से लेकर सिपाही तक मिलकर केस सुलझाने में जुट जाते हैं तो अपराधी पुलिस की पकड़ में जल्दी आते हैं। इस अवसर पर एआईजी श्री राजेश अग्रवाल, रायगढ़ एएसपी श्री अभिषेक वर्मा, बलौदाबाजार एएसपी श्रीमती निवेदिता पाल एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

गृह मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रायगढ़ में एटीएम कैश वैन लूट कांड के आरोपियों को 10 घंटे के भीतर पूरी रकम के साथ गिरफ्तार करने की सफलता पर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह और उनकी टीम को आज अपने रायपुर निवास पर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है, अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

मंत्री उमेश पटेल की पहल पर घायल विनोद पटेल को इलाज के मिलेंगे पूरे पैसे

मृतक अरविंद पटेल के परिवारजनों को सीएमएस कंपनी करेगी 17 लाख का भुगतान, पत्नी को मिलेगी नियमित पेंशन

रायपुर/रायगढ़। उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल की पहल पर रायगढ़ जिले में एटीएम केशवेन लूट कांड में घायल श्री विनोद पटेल के इलाज पर हुये व्यय की पूर्ण राशि 3 लाख रुपये सीएमएस कंपनी भुगतान करेगी। गौरतलब है कि एटीएम केशवेन लूट कांड में घायल होने पर विनोद पटेल को इलाज के लिए जिंदल अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज पर एक लाख पचास हजार रुपए घायल श्री विनोद पटेल के परिवार द्वारा भुगतान किया गया है। सीएमएस कंपनी एक लाख 50 हजार रुपए श्री पटेल परिवार को वापस करेगी और शेष राशि 1.50 लाख रुपए जिंदल अस्पताल को भी भुगतान करेगी। मंत्री श्री पटेल के निर्देश पर कलेक्टर ने एटीएम केशवेन लूट कांड में मृतक वाहन चालक श्री अरविंद पटेल को बीमा तथा अन्य राशि का भुगतान दिलाने के लिये सीएमएस कंपनी प्रबंधन से सीधे बात की। सीएमएस कंपनी प्रबंधन की ओर से बीमा के 10 लाख रुपए और 01 लाख रुपये बहादुरी के लिये तथा 6 लाख रुपये कम्पनसेशन इस प्रकार कुल 17 लाख रुपये का भुगतान किया जायेगा। साथ ही पीएफ में जमा राशि का भुगतान अतिरिक्त किया जायेगा और मृतक श्री अरविंद पटेल की पत्नी को नियमित रूप से पेंशन का भी भुगतान किया जायेगा।

संपादकीय

कब रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

उत्तर प्रदेश के कानपूर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोपी कुख्यात गैगस्टर विकास दुबे मध्यप्रदेश के उज्जैन में नाटकीय रूप से पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पिछले 6 दिनों से कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह सब की आखों में धूल झोंकता रहा। उज्जैन में भी उसने संभवतः खुद ही गिरफ्तारी दी है, क्योंकि उसे अपने एनकाउंटर का डर सता रहा था। बहरहाल अब पुलिस उससे पूछताछ करेगी तो वह शायद कई राज खोले। दरअसल विकास दुबे जैसे मामूली गली के गुंडो को राजनीतिज्ञ ही संरक्षण देते है और उन्हे कुख्यात अपराधी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यूपी और बिहार में तो लंबे समय से ऐसे गुंडे मवालियों की तूती बोलती रही है, अपने राजनीतिक आकाओं के संरक्षण में ये अपराधी अपने अपने क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बन जाते है और पुलिस को भी शीशे में उतारने में कामयाब हो जाते है। विकास दुबे की भी अन्य अपराधियों की तरह की ऐसी ही कहानी है। कानपूर के एक गांव का यह मामूली गुंडा पिछले तीन दशकों के दौरान कुख्यात गैगस्टर बन गया। इसे तात्कालीन सत्तारूढ़ पार्टीयों का संरक्षण मिलता रहा और यह एक के बाद एक कई अपराध करता चला गया। इसका आतंक इस कदर था कि कोई भी उसके खिलाफ गवाही देने का साहस नहीं कर पाता था, नतीजतन लगभग 60 संगीन मामलों का यह आरोपी अदालत से जमानत पाने में कामयाब हो जाता था। इसका हौसला इस कदर बढ़ गया कि उसने गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस बल पर नक्सलियों की तरह हमला कर दिया जिसमें 8 पुलिस जवान शहीद हो गए। विकास दुबे को पुलिस वालों ने ही गिरफ्तारी की सूचना दी थी। पुलिस महकमे में रह कर ऐसे गुंडे बदमाशों की ड्यूटी करने वाले उन पुलिस कर्मियों को भी गिरफ्तार किया गया है, उन्हे तो कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए रही बात विकास दुबे की तो इस बार उसका कड़ी सजा से बच पाना असंभव की हद तक कठीन है। विकास दुबे जैसे और भी कई अपराधी है जो राजनीतिक संरक्षण में सरकार और समाज के लिए चुनौती बने हुए है। यह सिलसिला उस समय तक नहीं टूटेगा जब तक राजनीति के अपराधीकरण को नहीं रोका जाएगा। आप स्थिति यह है कि बाहुबली अपराधी आसानी से किसी भी पार्टी का टिकट पा जाते है और शाम, दाम, दंड, भेद की निति अपनाकर चुनाव जीतने में भी सफल हो जाते है। देश के विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में और लोकसभा में ऐसे सैकड़ो माननीय है जिनकी छवि आपराधिक है। बलात्कार और हत्या जैसे संगीन आरोप उनपर लगे है, जब ऐसे दागी लोग विधानसभा और संसद में पहुंचेंगे तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकने वाला कानून आखिर कैसे बन पाएगा। आज जरूरत इस बात की है कि राजनीति के अपराधीकरण को रोकने कड़ कानूनी प्रावधान किए जाएं अन्यथा ऐसे विकास दुबे पैदा होते ही रहेंगे।

अभिव्यक्ति

डॉ. श्रीनाथ सहाय

भारत के सख्त तेवरों से पीछे हटा चीन

> बहरहाल, गलवान घाटी में चीन का पीछे हटना भारत की वैश्विक साख का भी प्रतीक है। खासकर चीनी दादागिरी के शिकार देशों का मनोबल भारत के प्रतिरोध से बढ़ेगा। निस्संदेह कोरोना संकट से जूझ रहा देश एक पूर्ण युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं था। चीनी सैनिकों का पीछे हटना सुखद ही माना जायेगा। फिलहाल भरोसा करने की गुंजाइश बेहद कम है, क्योंकि चीन पलट कर कई बार पीठ में वार कर चुका है। सबसे गहरा आघात तो 1962 का है, जब समझौता करने और 'हिंदी-चीनी, भाई-भाई' का नारा बुलंद करने के बावजूद चीन के करीब 2000 सैनिकों ने गलवान घाटी में हमला कर दिया था। अंततः युद्ध पूरा ही हुआ, जिसमें भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। बहरहाल 1962 और 2020 में गहरे अंतर हैं। आज हमारी सेनाएं भी वैश्विक स्तर की हैं। बहरहाल युद्ध की बात न करें, तो सेनाओं की इस वापसी का विश्लेषण भी किया जाएगा। उसी के बाद भारत किसी निष्कर्ष तक पहुंच सकता है। गलवान में चीनी सेना का पीछे हटना एक राहत भरी खबर है और हमारी कूटनीतिक जीत भी। चीन एक धोखेबाज देश है, उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। अतीत की गलतियां न दोहराते हुए और सजग रहना होगा और चीन पर आर्थिक, राजनीतिक और सैनिक दबाव लगातार बनाना होगा।

आखिरकार भारत सरकार का दबाव काम आया और चीनी सेना गलवान घाटी से करीब दो किलोमीटर पीछे हट गई। गलवान में ही पीपी-14 के पास 15 जून को हिंसक और हत्यारी झड़प हुई थी। तब से भारत और चीन के सैनिकों के बीच तनाव और तनातनी की ऐसी स्थिति थी कि कभी भी टकराव संभव था। इस बार भारतीय सैनिकों को गोली चलाने और हथियार इस्तेमाल करने की अनुमति मिल चुकी है, लिहाजा अगली झड़प किस हद तक जा सकती है, यह दोनों ओर की सेनाएं ही तय करेंगी। बहरहाल यह तनाव और तनातनी कम करने की खबर है कि चीनी सेना ने गलवान घाटी के साथ-साथ हॉट स्प्रिंग, गोगरा आदि इलाकों से पीछे हटना शुरू किया है, लेकिन पैंगोंग झील और डेप्सांग इलाकों से चीनी सेना नहीं हटी है। क्या यह चीनी सेना की अधूरी वापसी है? बहरहाल कुछ तंबू उखाड़े गए हैं। अस्थायी ढांचों और अन्य निर्माणों को ध्वस्त किया है। सेना के वाहन भी लौट रहे हैं।

अभी तक यह खबर सरकारी सूत्रों के जरिए आई है या टीवी चैनलों पर कुछ सेटेलाइट इमेज दिखाई गई हैं। सेना का आधिकारिक खुलासा सामने क्यों नहीं आया, इसका जवाब सेना ही देगी, लेकिन 72 घंटे तक चीनी सैनिकों की गतिविधियों पर निगरानी रखने की बात कही गई है। यह भी सूचना आई है कि गलवान घाटी क्षेत्र में विवादित जगह के चारों ओर, तीन किलोमीटर तक, बफर जोन बनाया जाएगा। वहां किसी भी देश का सैनिक नहीं जाएगा। सेना के पीछे हटने की कवायद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच करीब दो घंटे के टेलीफोनिक संवाद के बाद शुरू हो सकी। स्पष्टीकरण दिया गया कि कमांडर स्तर की बातचीत में अभी तक जो सहमतियां तय हुई थीं, उन्हें लागू कर सेनाओं को पीछे करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय का बयान गौरतलब है कि भारत-चीन संबंधों की परीक्षा तूफान से हुई है।

दोनों देशों में बातचीत जारी रहेगी। चीन फर्स्ट लाइन फोर्स पीछे हटा रहा है। भारत ने भी दोहराया है कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान करे। बहरहाल चीन को एकदम ही यह निर्णय नहीं लेना पड़ा कि सेनाएं पीछे हटेंगी और अवैध निर्माण धराशायी किए जाएंगे। यह चीन की अंतरराष्ट्रीय घेराबंदी, भारत सरकार द्वारा उसके 59 ऐप्स पर पाबंदी लगाने, सरकारों के स्तर पर ही चीनी कंपनियों के ठेके रद्द किए जाने और चीनी उपकरणों तथा सामान के बहिष्कार की घोषणाओं से जो दबाव चीन ने महसूस किया, उसके मद्देनजर सीमा क्षेत्रों में तनाव कम करने और लिहाजा सैनिकों को पीछे हटाने के फैसले लेने पड़े। दरअसल चीनी सेना और उसके कमांडरों ने भी कल्पना नहीं की थी कि भारतीय सैनिक इतना कड़ा प्रतिरोध करेंगे और सीमा पर आंख में आंख डाल कर तैनात रहेंगे। भारत की युद्ध संबंधी तैयारियों को देखकर भी चीन पुनर्विचार करने पर विवश हुआ होगा कि इतने मोर्चों पर जंगी माहौल बनाकर वह जीत हासिल नहीं कर पाएगा।

चीनी सैनिक पीछे कहां से हटे। इसका मतलब है कि वे अतिक्रमण कर हमारी सरजमीं पर आए थे? ऐसे सवाल लोकतांत्रिक लिहाज से अनुचित न हों, लेकिन सवाल करने वालों की अज्ञानता और दुराग्रह स्पष्ट झलकते हैं। ये सवाल करते हुए यह भी याद रखना चाहिए कि अक्साई चिन, पाक अधिकृत कश्मीर, गिलगिट और बाल्टीस्तान तथा लद्दाख का एक हिस्सा किसके कब्जे में है? क्या ये इलाके भारतीय नहीं हैं? इन पर चीनी कब्जा किस सरकार ने होने दिया? यथार्थ यह है कि कब्जाई गई यह सरजमीं हजारों वर्ग किलोमीटर की है। कब्जों का इतिहास आज का नहीं है। मौजूदा इतिहास तो यह है कि लेह और आसपास के इलाकों में हमारे सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने सामरिक महत्त्व के 40 पुल बनाने हैं, जिनमें से 20 पुल लगभग बनकर तैयार हैं।

2022 तक 66 सामरिक सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह बुनियादी ढांचा हमारी सेना और टैंकों, तोपों, भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही की सुविधा के मद्देनजर बनाया जा रहा है। जाहिर है कि चीन के माथे पर चिंता और विरोध की सिलवटें उभरती रही हैं। वह जरूर सोचता होगा कि ऐसे दुर्गम, पहाड़ी इलाकों में भारत सड़कों और पुलों के जाल क्यों बिछा रहा है? सियाचिन भी यहां से नजदीक है, लिहाजा उसकी सैन्य रणनीति भी मजबूत होती है। बेशक सेना के पूर्व जनरल कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी सेनाओं की गश्त में बाधा डालने की कोशिश की थी, तंबू गाड़े गए थे, ढांचे भी खड़े करने की कोशिशें की गई, लेकिन हमारे सैनिकों ने उन्हें खदेड़ कर यथास्थिति बदलने नहीं दी। तो फिर कब्जों के सवाल उचित कैसे हो सकते हैं? सुझाव है कि फिलहाल देश एकजुट रहे। तनाव खत्म होने के बाद माहौल सामान्य होगा, तो सरकार और सेना देश के सामने खुलासा जरूर करेंगी।

कमोबेश भारतीय मोर्चे पर चीन ने समझौता करना ही बेहतर समझा। बेशक हमारे प्रधानमंत्री के लेह दौरे ने भी सैनिकों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाला। बेशक अहम सवाल यह है कि क्या यह सैन्य वापसी और कवायद स्थायी है? एलएसी पर भारतीय दावे के जिन इलाकों का उल्लंघन चीन ने किया था, क्या वह उन्हें सुधारेगा और वहां से हमेशा के लिए पीछे हटेगा? क्या यह छह कदम आगे और दो कदम पीछे वाली चीनी सेना की वापसी है? कुछ भी हो, इस बार भारत चीन की भावना और 70 साल पुराने कूटनीतिक रिश्तों की दुहाई कबूल नहीं करेगा। दरअसल, चीन को यह गलतफहमी है कि दुनिया के तमाम देश कोरोना संकट से घिरे हैं, ऐसे में उन्हें कमजोर मानकर वह दुनिया में मनमानी करना चाह रहा है। उसने केवल भारत की सीमा में ही अतिक्रमण नहीं किया बल्कि ?हांगकांग में नागरिक अधिकारों के दमन के लिये सख्त कानून लागू किया, आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिबंध लगाये, दक्षिण चीन सागर में वियतनाम की मछली पकड़ने वाली नौकाओं को डुबोया और अब भूटान के इलाकों पर दावेदारी जता रहा है। इससे पहले वह महत्वाकांक्षी वन बेल्ट, वन रोड योजना के जरिये महंगे ऋण देकर कई देशों की संप्रभुता का अतिक्रमण कर चुका है। बहरहाल, गलवान घाटी में चीन का पीछे हटना भारत की वैश्विक साख का भी प्रतीक है। खासकर चीनी दादागिरी के शिकार देशों का मनोबल भारत के प्रतिरोध से बढ़ेगा। निस्संदेह कोरोना संकट से जूझ रहा देश एक पूर्ण युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं था। चीनी सैनिकों का पीछे हटना सुखद ही माना जायेगा। फिलहाल भरोसा करने की गुंजाइश बेहद कम है, क्योंकि चीन पलट कर कई बार पीठ में वार कर चुका है।

विचार -

छात्रों की वापसी पर अड़ा अमेरिका

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे विदेशी स्टूडेंट्स को ट्रंप प्रशासन की ओर से एक और बड़ा झटका लगा है। प्रशासन ने इन विद्यार्थियों से कहा है कि उनके कॉलेज या विश्वविद्यालय अगर पूरी तरह ऑनलाइन पढ़ाई पर आ गए हैं तो वे या तो किसी और संस्थान में कोई ऐसा कोर्स जॉइन कर लें जहां क्लासरूम में प्रत्यक्ष उपस्थिति के जरिए पढ़ाई हो रही हो, या फिर अमेरिका छोड़कर अपने देश चले जाएं, क्योंकि ऑनलाइन पढ़ाई के लिए उनका वीजा मंजूर नहीं किया जाएगा। ध्यान रहे, कोरोना के चलते अन्य देशों की तरह अमेरिका में भी ज्यादातर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन क्लासेज ही ली जा रही हैं। बहुत सारे स्टूडेंट महामारी की दहशत में पहले ही अपने घर लौट आए हैं। इस नए निर्देश का मतलब यह होगा कि कुछ समय बाद महामारी का असर कम होने पर जब वे अमेरिका लौटना चाहेंगे तो उन्हें वीजा नहीं मिलेगा और जो बाहरी छात्र अभी वहां रह रहे हैं, उन्हें भी कई तरह की उलझनों का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका के इन विदेशी स्टूडेंट्स में सबसे बड़ी संख्या चीनियों की और उसके बाद भारतीयों की है।

अमेरिकी सरकार के इस कदम के पीछे सीधा तर्क यह हो सकता है कि जब ऑनलाइन पढ़ाई ही करनी है तो इससे क्या फर्क पड़ता है कि आप इसके लिए किसी अमेरिकी शहर में बैठे हैं या भारत स्थित अपने घर में। इस काम के लिए आपको अमेरिकी वीजा क्यों दिया जाए? लेकिन ध्यान रखने की बात यह है कि जब भी कोई युवा लाखों रुपये लगाकर किसी अमेरिकी यूनिवर्सिटी के कोर्स में दाखिला लेने का फैसला करता है तो इसके पीछे सिर्फ वहां के स्टडी मटीरियल का आकर्षण नहीं होता। इस कोर्स के दौरान, और हो सके तो कोर्स के बाद कुछ दिन वहां काम करके उस देश के माहौल का प्रभाव ग्रहण करना, अपने संपर्क बढ़ाना और एक ऐसी ग्लोबल पर्सनैलिटी के रूप में खुद को विकसित करना, जिसकी करियर संभावनाएं किसी खास देश तक सीमित न रहें, ये सभी कारक उसके इस फैसले के पीछे होते हैं। ऐसे में ऑनलाइन पढ़ाई का हवाला देकर उनसे वीजा छीनना उन्हें उन अवसरों से वंचित करना है जिनके लिए उन्होंने किसी अमेरिकी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने का फैसला किया था। ध्यान रहे, ये विदेशी स्टूडेंट्स कुल अमेरिकी स्टूडेंट्स का 5.5 फीसदी हैं और साल 2019 में इन्होंने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में 41 अरब डॉलर तो सिर्फ फीस भरी थी।

कोविड की दूसरी लहर तेल की कीमतें गिरा सकती हैं

के रवीन्द्रन

> दूसरी लहर का परिदृश्य एविएशन सेक्टर में लंबे समय तक रिकवरी का कारण बनता है, जो कि 2020 की दूसरी छमाही में होने वाली इस तरह की लहर के नकारात्मक जोखिम और अगस्त से अक्टूबर 2020 तक की अवधि में सभी क्षेत्रों में एक दूसरा नकारात्मक मांग प्रभाव वृद्धि है। अनुमानों के लिए उपयोग किए जाने वाले बेस-केस में, कोविद -19 का प्रसार इस धारणा के तहत किया जाता है कि शुरू में कठोर सामाजिक दूरी के उपाय किए जाते हैं, जिसका अर्थ अक्सर सख्त संगरोध होता है। यह परिदृश्य वायरस को दबा देता है ताकि मामलों की संख्या कम स्तर तक गिर जाए। सरकारें फिर नियंत्रित तरीके से समाज को फिर से खोल सकती हैं। वर्ष के अंत तक दो परिदृश्यों के बीच का अंतर दिसंबर के तेल की मांग में 5ः बीपीडी अंतर को दर्शाता है जो दूसरी कोविद -19 लहर के मामले में है। यदि दूसरी लहर भौतिक हो जाती है, तो वैश्विक तेल की मांग 2021 में बहुत धीरे-धीरे ठीक हो जाएगी, हमारे वर्तमान बेस केस के तहत 4 मिलियन से 5 मिलियन बीपीडी प्रति माह के बीच लैंडिंग, इस प्रकार महामारी के बाजार प्रभाव को और अधिक समय तक खींचती है।

इसे केवल दैविक हस्तक्षेप के रूप में वर्णित किया जा सकता है कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का उपयोग करके पैसा बनाने की मोदी सरकार की योजना के शून्य होने की संभावना है। कोविड प्रकोप की दूसरी लहर की संभावनाएं तेल विश्लेषकों को एक वैकल्पिक मूल्य परिदृश्य पेश करने के लिए मजबूर कर रही हैं, जहां वर्ष के शेष हिस्से में कच्चे तेल की कीमत कम रहने की उम्मीद है। मोदी सरकार ने ओपेक. तेल उत्पादकों द्वारा बाजार को बढ़ावा देने के लिए आपूर्ति में कटौती करने की सहमति के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में मामूली वृद्धि का हवाला देते हुए दैनिक आधार पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि की है। उनका आशावाद वायरस फैलाने के प्रबंधन में सरकारों की बढ़ती सफलता और लॉकडाउन के लिए कार्य करने की रणनीति पर आधारित था।

विश्लेषकों का कहना है कि कई देशों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में महामारी की एक दूसरी लहर तेजी से स्पष्ट हो रही है, क्योंकि पुष्टि की गई नई कोविद मामलों की संख्या प्रति दिन 200,000 से अधिक के नए वैश्विक ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है, 2020 में वैश्विक तेल मांग कम हो सकती है। 86.5 मिलियन बीपीडी, मौजूदा बेस-केस अनुमान 89 मिलियन बीपीडी की तुलना में। उन्हें डर है कि उत्तरी अमेरिका, विशेष रूप से निचले अमेरिकी राज्यों, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया दूसरी लहर से अपेक्षाकृत अधिक प्रभावित होंगे।

उनके अनुसार, अमेरिका में कोविड -19 मामलों का उदय सामान्य परिस्थितियों में देश की उच्च तेल खपत को देखते हुए तेल बाजार के लिए विशेष चिंता का विषय है, क्योंकि यह दूसरी लहर सड़क ईंधन की मांग को पंगु बना सकती है। चीन में, बीजिंग में हालिया मामले के पुनरुत्थान के लिए अधिकारियों की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि कड़े लॉकडाउन उपायों को फिर से लागू करना अभी भी एक व्यवहार्य विकल्प है। जब सितंबर और अक्टूबर में उत्तरी गोलार्ध में फ्लू का मौसम शुरू होता है, तो कोविद -19 हमारे 19 सेकंड वेव 'परिदृश्य में अन्य क्षेत्रों में भी फिर से उभरेगा। सामान्य तौर पर, हालांकि, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और रूस जैसे क्षेत्रों में लॉकडाउन की नई लहरें अधिक लक्षित और कम सख्त होने की उम्मीद है क्योंकि अप्रैल में वे स्वास्थ्य प्रणालियों से बेहतर तैयार होंगे। ऐसा रिस्टैड एनर्जी के वरिष्ठ तेल बाजार विश्लेषक अरस्तोमचेन का कहना है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि कुल तेल उत्पादों की मांग समान रूप से साझा नहीं की जा सकती है। मौजूदा यथास्थिति के समान, जेट ईंधन और गैसोलीन को सबसे दर्दनाक विस्फोट से निपटा जा सकता है। लेकिन अधिक परीक्षण और स्मार्ट लॉकडाउन के साथ, इस विनाश से बहुत कुछ बचा जा सकता है - अंतरराष्ट्रीय सीमाएं और यात्रा धीरे-धीरे फिर से खुल सकती हैं, कुछ देशों और क्षेत्रों पर यात्रा प्रतिबंधों के साथ नए कोविद हॉटस्पॉट के रूप में लगाए जा रहे हैं। घर से अधिक काम और कम अवकाश यात्रा अभी भी गैसोलीन की मांग को गिराएगी। लेकिन जैसा कि आर्थिक जोखिम बढ़ते हैं, विश्लेषकों का मानना है कि आबादी के स्वस्थ और गैर-जोखिम वाले हिस्सों के लिए रचनात्मक समाधान काम पर लौटेंगे और अर्थव्यवस्था को चालू रखेंगे।

दूसरी लहर का परिदृश्य एविएशन सेक्टर में लंबे समय तक रिकवरी का कारण बनता है, जो कि 2020 की दूसरी छमाही में होने वाली इस तरह की लहर के नकारात्मक जोखिम और अगस्त से अक्टूबर 2020 तक की अवधि में सभी क्षेत्रों में एक दूसरा नकारात्मक मांग प्रभाव वृद्धि है। अनुमानों के लिए उपयोग किए जाने वाले बेस-केस में, कोविद -19 का प्रसार इस धारणा के तहत किया जाता है कि शुरू में कठोर सामाजिक दूरी के उपाय किए जाते हैं, जिसका अर्थ अक्सर सख्त संगरोध होता है। यह परिदृश्य वायरस को दबा देता है ताकि मामलों की संख्या कम स्तर तक गिर जाए। सरकारें फिर नियंत्रित तरीके से समाज को फिर से खोल सकती हैं। वर्ष के अंत तक दो परिदृश्यों के बीच का अंतर दिसंबर के तेल की मांग में 5ः बीपीडी अंतर को दर्शाता है जो दूसरी कोविद -19 लहर के मामले में है। यदि दूसरी लहर भौतिक हो जाती है, तो वैश्विक तेल की मांग 2021 में बहुत धीरे-धीरे ठीक हो जाएगी, हमारे वर्तमान बेस केस के तहत 4 मिलियन से 5 मिलियन बीपीडी प्रति माह के बीच लैंडिंग, इस प्रकार महामारी के बाजार प्रभाव को और अधिक समय तक खींचती है। विश्लेषकों का कहना है कि हाल के महीनों के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल के स्टॉक के बेअसर होने तक तेल की महत्वपूर्ण कीमत में वृद्धि नहीं हो सकती है। इसका मतलब यह है कि जब तक आपूर्ति और मांग की गति में विरोधाभासों का विरोध हो रहा है - आपूर्ति और मांग घटने के साथ तेल की कीमतें काफी कम होती रहेंगी। वायरस की एक दूसरी लहर इन उत्पादों को भंडारण में बैठने के समय को लम्बा खींचती है, और रिफाइनरियों को वापस खींचने के लिए संकेत देती है।

- (संवाद)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

डूबता है चढ़ा सवेरा

डूबता है चढ़ा सवेरा भी, हश्र होना यही है तेरा भी.. उनसे उम्मीद कुछ नही बाकी, उठ गया ख्वाहिशों का डेरा भी.. लूट ने डाल दिया है लंगर, और मुस्तैद है लुटेरा भी.. उसकी वहशत का जोर देखेंगे, जिद में इस बार दिल है मेरा भी.. कितनी रातें गुजर गई आकर, बीत जाएगा ये अंधेरा भी।

- निश्चय वाजपेई

मुफलिसी में निबाह

मुफ़लिसी में निबाह कर लिए खुद को भी तबाह कर लिए ख्वाब सबके नहीं पूरे होते आओ फिर से जवाब हो लिए। तुम आफ़्ताब हो जाना हम महताब हो लिए। सात फेरों की कसम फिर से अहबाब हो लिए। साथ रहने की बात जन्मों की छोड़ कर चल दिए महीनों में। खुल गए झूठ के पुलिंदे सब कसमें अब शर्मसार हो लिए।

- तनु युग भारद्वाज

खास पाती

कुछ कह दूँ चुपके से

कुछ कह दूँ चुपके से , हौले से पास आ तेरी जुल्फे सँवार दूँ कुछ न कहो तुम , कुछ न कहूँ मै पास आ मोहब्बत बेशुमार दूँ,, शर्मो हया का परदा दरमियाँ न रहे आ तुझे बाँहो मे अपने समेट लूँ ,आवारगी मेरी थम जाएं तुझ पर आ तुझे जिंदगी अपनी भेट दूँ लफ्ज़ खामोश ,अहसास बेशुमार है पास आ आँखो के सपने हजार दूँ, पायल की रूनझुन ,चूड़ियों की खनक पास आ अनगिनत उपहार दूँ, फूल नाजुक है बहुत तेरी तरह आ इनसे तेरी माँग संवार दूँ, महकती है साँसे मेरी तेरे नाम से आ साँसो को अपनी तुझपर वार दूँ आ साँसो को अपनी तुझ पर वार दूँ। **- मीता खुराना**

दोस्ती का तुम्हें वास्ता दोस्तों दिल

दोस्ती का तुम्हें वास्ता दोस्तों दिल से करना न अपने जुदा दोस्तों दिल की बातें मेरी आपने जो सुनी शुक्रिया शुक्रिया आपका दोस्तो हँसते हँसते कटे जिंदगी का सफर चाहिए इस से ज्यादा भी क्या दोस्तों जिंदगी साथ दे क्या पता कब तलक है ये महबूब सी बे वफ़ा दोस्तों आप हँस कर मुझे करना उस दिन विदा जब कहूँ ज़ीस्त से अलविदा दोस्तों आज भी है 'लकी' अजनबी की तरह कहने को साथ में काफिला दोस्तों। **- लक्ष्मी माहोर**

ईश्वर जब तुमने मुझे मनुष्य

ईश्वर जब तुमने मुझे मनुष्य बनाया है तो क्यों बनाना चाहते हो अपने जैसा ! तुम्हारी तरह मैं मौन नही रह सकता जुल्म को चुपचाप नही सह सकता! पीड़ा होगी तो बोलूँगा अनीति के खिलाफ लब खोलूँगा! क्योंकि मैं ईश्वर नही मनुष्य हूँ !

- जावेद उस्मानी

तितली व मधुमक्खी ने तोते

तितली व मधुमक्खी ने तोते से प्रश्न किया,-उन दोनों में किसे पुष्प पर बैठने का पहला अधिकार है? तोता बोला यूं तो अधिकार दोनों का समान है परंतु तितली स्वांतः सुखाय बैठती हैं ; जबकी मधुमक्खी पुष्प के परागों को बिखेरकर बाग को बढ़ाने में मदद करती है। समाज सेवा करने में उसका अधिकार ऊंचा हो जाता है। तुम्हारा कद बढ़ा लेकिन झुकना क्यों नहीं सीखे। बहुत ऊंची रहने से भी साखें टूट जाती हैं? **- मनीष भट्ट शर्मा**

साँपों से, घबराता नहीं सपेरों से

साँपों से, घबराता नहीं सपेरों से डरता हूँ.. मैं हाँ, गैरों से, घबराता नहीं अपनों से डरता हूँ.. मैं हां, हाथों से, घबराता नहीं लकीरों से डरता हूँ.. मैं हाँ, अमीरों से, घबराता नहीं फक्कीरों से डरता हूँ.. मैं हाँ, मौत से, घबराता नहीं जीवन से डरता हूँ.. मैं हाँ दुनियाँ से, घबराता नहीं बीवी से, डरता हूँ.. मैं हां लातों से, घबराता नहीं, बातों से डरता हूँ.. मैं हाँ। **- जे डी कुदाल**

जिसने देखा जिस तरह ये जिन्दगी



जिसने देखा जिस तरह ये जिन्दगी वैसी लगे। कैसे कह दूँ मैं भला के ये सदा रोती लगे। सुख-दुखों की छाँव ही करती इसे नमकीन है- रो रही होती कभी तो ये कभी गाती लगे। **- रानी इन्दु**

तपन वसुधा की हरते हैं

तपन वसुधा की हरते हैं, सदा से ही सरस बादल धरा की प्यास हरने को, ज़रा खुलकर बरस बादल मचलती जा रही धरती, है तुझसे भीग जाने को सजल बौछार को धरती, रही कब से तरस बादल। **- निधि मुकेश भार्गव**

QUIZ TIME

1) ऑक्सफोर्ड एडवांस्ड लर्नर्स डिक्शनरी के 10वें संस्करण में कितने भारतीय अंग्रेजी शब्दों को शामिल किया गया था? (26 / 30)

2) किस शहर में भारत सरकार कुत्तों, घोड़ों खच्चरों जैसे सेवा जानवरों के लिए भारत का पहला युद्ध स्मारक स्थापित करेगी?

3) पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा विमोचित पुस्तक 'ह्मूमन डिग्निटी-ए पर्पज इन परपिटूइटी' के लेखक का क्या नाम है?

4) दक्षिण भारत का एक प्रमुख धार्मिक मठ 'पेजावर मठ' किस राज्य में स्थित है?

5) सामाजिक कार्यकर्त्ता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 26 (2) मेरठ (उत्तरप्रदेश) (3) अश्विनी कुमार (4) कर्नाटक (5) सरोजिनी वरदप्पन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1652 - इंग्लैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1739 - स्पेन से प्रतिशोध लेने के लिए किंग जॉर्ज द्वितीय ने एडमिरल्टी बोर्ड को अधिकृत किया। 1800 - भारत में ब्रिटिश सरकार ने फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की। 1806 - ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ भारतीय सिपाहियों द्वारा किया गया पहला विद्रोह 'वेल्लोर विद्रोह' हुआ। 1823 - एलिजाबेथ फ्री के जेल सुधार अभियान के आधार पर यूनाइटेड किंगडम की संसद द्वारा गैल अधिनियम पारित किया गया। 1851 - कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में कैलिफोर्निया वेस्लेयन कॉलेज के रूप में प्रशांत विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। 1890 - व्योमिंग को अमेरिका के 44वें राज्य के रूप में स्थापित किया गया।

कलेक्टर ने बताए सफलता के गोल्डन रूल

कठोर मेहनत करो, प्रतियोगी परीक्षा का मटेरियल व कोचिंग की व्यवस्था करेगा प्रशासन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जिले के मेरिटोरियस स्टूडेंट्स का सम्मान किया। अपने चैंबर में स्टूडेंट्स से बातचीत की। प्रेरक बातें सुनाते हुए जीवन में सफलता के साथ आगे बढ़ने के टिप्स दिए। 12 वीं कक्षा के मेरिटोरियस स्टूडेंट्स के अभिभावकों और शिक्षकों का भी सम्मान किया। कलेक्टर ने कहा कि सफलता पर गर्व करना चाहिए अहंकार नहीं। उन्होंने बच्चों से सक्सेस के गोल्डन रूल साझा करते हुए कहा कि मैं स्वामी विवेकानंद की उन पंक्तियों में विश्वास करता हूं कि जिस सीमा पर हमारी बुद्धिमत्ता समाप्त होती है। उसी सीमा से कठोर मेहनत की शुरूआत होना चाहिए। बातचीत के दौरान एक छात्रा लक्ष्मी ने कलेक्टर से कहा कि मैं भी आपकी तरह कलेक्टर बनना चाहती हूँ। कलेक्टर ने जवाब दिया कि मुझ जैसा नहीं। मुझसे ज्यादा अच्छी कलेक्टर बनो। हमेशा अपना बेंचमार्क ऊपर रखना चाहिए। कभी संतुष्ट नहीं होना चाहिए। अंग्रेजी में एक शब्द होता है काम्प्लेसेंसी जिसका अर्थ है ठहराव या आत्मसंतुष्टि के करीब। अगर आप अपने कार्य से संतुष्ट हो जाते हैं तो और बेहतर करने की संभावनाएं समाप्त हो जाती हैं। हमेशा जिज्ञासु बने रहें और सीखने तथा आगे बढ़ते रहने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि आपको प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मटेरियल जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ओवर कान्फिडेंस के बजाय थोड़ा अंडर कान्फिडेंस ज्यादा महत्वपूर्ण है। अपने काम को लेकर थोड़ा सा स्ट्रेस इसकी उत्पादकता को बहुत बढ़ा देता है। कलेक्टर ने कहा कि अपने ऊपर गौरव करना चाहिएए घमंड नहीं। इसकी बड़ी बारीक रेखा होती है। अगर आपको कोई चीज आती है तो इसे आप दो प्रकार से कह सकते हैं। आप कह सकते हैं कि मुझे भी आता है। केवल मुझे ही आता हैए यह कहना घमंड है। भी लगाने से यह आत्मगौरव में बदल जाता है।

महापौर परिषद की बैठक में स्वीकृति

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में निगम के सभागार में महापौर परिषद की बैठक हुई। जहां 17 करोड की लागत से प्रस्तावित कोसानाला का विकास एवं सौदर्यीकरण कार्य सहित दो प्रस्ताव पर चर्चा हुई। परिषद के सदस्यों ने निविदा कमेटी की अनुशंसा के अनुसार कोसानाला का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्राप्त निविदा दर को सर्वसम्मति से पास करते हुए सामान्य सभा में भेजने का निर्णय लिया। महापौर परिषद सदस्यों ने जोन 5 टाउनशिप अंतर्गत वार्डो की आकस्मिक साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में प्राप्त निविदा को निविदा क्रय समिति की अनुशंसा के अनुसार स्वीकृति दी है।

न्यूनतम दर दाता से जोन 5 अंतर्गत टाउनशिप के वार्डो का आकस्मिक कार्य कराने को महापौर परिषद ने पास किया है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, जोहन सिन्हा, डॉ दिवाकर भारती, दुर्गा प्रसाद साहू, सूर्यकांत सिन्हा, साकेत चंद्राकर, सत्येन्द्र बंजारे, जीराजू, सुशीला देवांगन, सदीरन बानो, सोशन लोगन, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता आरके साहू, सचिव जीवन वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

दो कोरोना पॉजीटिव मिले

दुर्ग। गुरुवार को जिले में दो नए कोरोना पॉजीटिव मरीज की पहचान हुई है। जिसमें नेवई का है व दूसरा पोटिया के समीप स्थित ऋषभ ग्रीन सिटी का बताया गया है। इस तरह जिले में अब तक 182 कोरोना प्रभावित सामने आ चुके है।

प्रशासन ने घोषित किए कंटेन्मेंट जोन

दुर्ग। जिला के अंतर्गत ग्राम परसदा चरोदा तहसील पाटन में नया कारोना पॉजिटिव केस पाये जाने पर इन क्षेत्रों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कन्टेनमेंट जोन में उक्त चिन्हांकित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकानें एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेनमेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाएगी। कन्टेनमेंट जोन के अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबन्ध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्ही भी कारणों से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। कन्टेनमेंट जोन की निगरानी हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी। जिला चिकत्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्बंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी करने के साथ ही आवश्यकतानुसार सैंपल इत्यादि जॉच हेतु लिया जायेगा।

नपा में वृक्षारोपण, एसडीएम भी रहीं मौजूद

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। राज्य सरकार के हरियर छत्तीसगढ़ योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा जनप्रतिनिधियों, डॉक्टर्स पालिका के कर्मचारियों सहित तमाम ग्रामवासियों ने नगर के विभिन्न वार्डो में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया।

सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जोगीराम साहू तथा स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इसके पश्चात शासकीय कन्या शाला प्रांगण, मणिकंचन केन्द्र वार्ड 14, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्टेशन चैक, आदर्श नगर कुगदा, जांजगीरी, रामपुर (चोरहा), ग्राम परसदा मे पौधारोपण किया गया। आयोजन के समापन नगर पालिका प्रांगण में धमधा एसडीएम दिव्या वैष्णव के हाथों पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा की आज के दिन सभी से यह अपील है की हर कोई अपने घर के आसपास या जहां भी हो एक पौधा अवश्य लगाएं एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उक्त आयोजन में पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जोगीराम साहू, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव सहित पार्षद मनहरण यादव, ओम नारायण वर्मा, युजेंद्र साहू, महेश सोनकर, लोकेश साहू, थनेश साहू, प्रमोद राजपूत, प्रमोद चंद्राकर, सुधाकर त्रिपाठी, एल्डरमैन रोहित कुर्रे, दिलीप धीवर, रामकुमार चक्रधारी, विधायक प्रतिनिधि शीश बंसल, किशोर सोनकर, मीडिया प्रभारी लेखराम साहू, निलीश देवांगन, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं, नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जलप्रदाय सुचारु रखने लगेगा जनरेटर

दुर्ग। निगम जलकार्य समिति की बैठक में समिति ने शहर मे जलप्रदाय को सुचारु रखने 3 नग जनरेटर खरीदी का प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वरिष्ठ पार्षद मदन जैन, पार्षद भास्कर कुण्डले, विजयेन्द्र भारद्वाज, अमित देवांगन, नजहत परवीन तथा निगम अधिकारी कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार बाबर, प्रभारी सहा. अभियंता एआर रहंगडाले, उपअभियंता राजेन्द्र ढबाले, भीमराव तथा जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर उपस्थित थे। शहर में आये दिन सप्लाई की समस्या होते रहता है।

विद्युत आपूर्ति के साथ किसानों को मिलेगी राहत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई संभाग के तहत जांमगांव (टी) जांमगांव (आर), ऊतई एवं गाड़ाडीह वितरण केंद्र के 04 ग्रामों में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं क्वालिटी पॉवर प्रदाय करने के उद्देष्य से विभाग द्वारा विभिन्न कार्य किये गए हैं। क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने बताया कि पाटन विधानसभा क्षेत्र 04 गांवों के लिए पिछले 15 दिनों में 03 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाएं गए तथा 01 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि उक्त सभी कार्य 14.33 लाख की लागत से संपन्न। अधीक्षण अभियंता व्हीआर मौर्या ने बताया कि जामगांव (टी) वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्रम बेंदरी में 63 केव्ही, जामगांव (आर) वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम खपरी में 25 केव्ही एवं ऊतई वितरण केंद्र ग्राम महकाकला में 63 केव्ही का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया। गाड़ाडीह वितरण केंद्र के ग्राम मटंग में 63 केव्ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 100 केव्ही किया गया है। इस कार्य से किसानों को पर्याप्त वोल्टेज एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति की सुविधा मिलेगी।

मास्क व सेनिटाइजर का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना महामारी के लगातार बढ़ते फैलाव से बचाव के लिए जागरूकता का संदेश देते हुए विप्र फाउंडेशन ने दुर्ग के पटेल चौक में मास्क और सेनिटाइजर का वितरण किया। सैकड़ों लोगों को मास्क और सेनिटाइजर का वितरण करते हुए कोरोना से बचने इनका उपयोग करने जागरूक किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि कोरोना महामारी लगातार फैल रही है। जरूरी सावधानियां बरतकर इससे बचाव किया जा सकता है। विप्र फाउंडेशन छग दुर्ग शाखा अध्यक्ष राहुल शर्मा व प्रदेश मंत्री संजय शर्मा के नेतृत्व में कोविड 19 कोरोना महामारी से सुरक्षा के लिए पटेल चौक शिव मंदिर के पास मास्क एवं सेनिटाइजर का वितरण करते हुए संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विप्र फाउंडेशन दुर्ग के महामंत्री अर्पित शर्मा और ब्राम्हण समाज दुर्ग के पूर्व युवा मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के संरक्षक रामकिशोर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गोपाल शर्मा, राजस्थानी गौड ब्राह्मण समाज दुर्ग के सचिव अजय शर्मा, विकास पुरोहित, राजेश शर्मा, सतबीर शर्मा, नवल शर्मा, दीपक बंटी शर्मा, ईशान शर्मा, गोपाल शर्मा, राकेश शर्मा, विक्रांत शर्मा, गिरधर शर्मा, राजीव शर्मा, रवि शर्मा, पंडित पदम जोशी, मयंक शर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कलेक्टर से मिले पार्षद एवं एल्डरमैन

भिलाईनगर। जिले के नवनियुक्त कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर से निगम पार्षदों, एल्डरमैन, जनप्रतिनिधियों व युवा कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर अभिवादन एवं स्वागत किए। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद पिछले वर्ष से निरंतर विकास कार्य जारी है एवं महापौर एवं देवेन्द्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री एवं शासन द्वारा निगम क्षेत्र में विकास कार्य हेतु लगभग 59 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई जिसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों ने आभार प्रकट किया।

दिव्यांग को दिया ट्रायसिकल का उपहार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जन समर्पण सेवा संस्था प्रमुख बंटी ने बताया कि 1 जनवरी 2017 से दुर्ग शहर के रेल्वे स्टेशन सहित कई अन्य स्थानों में अस्थायी रूप से फुटपाथ पर रहने वाले गरीब, असहाय, बेसहारा, दिव्यांगजनों को रोज निःशुल्क भोजन कराया जाता है। उनके उपयोग की सामग्री निःशुल्क वितरण की जाती है। संस्था द्वारा दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कम्बल, बर्तन आदि उपयोगी सामग्री का वितरण विगत 2 वर्षों से किया जा रहा है। संस्था द्वारा रोज करीब 100 लोगो को निःशुल्क भोजन कराया जाता है। अब तक 830 लोगों को कम्बल, 49 दिव्यांगजनों को बैसाखी, और 39 दिव्यांगों को ट्रायसिकल का वितरण किया गया है। इसके अलावा कपडे, बर्तन व अन्य उपयोगी सामग्री भी दी गई है। ट्रेन दुर्घटना में अपना पैर गंवा चुके रमेश मराठी को ट्रायसिकल दी गई। रमेश मराठी बीते कई साल से दुर्ग रेलवे स्टेशन में रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते थे। रिक्शा से आमदनी न होने पर जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा बांटे जाने वाले भोजन को खाकर स्टेशन के पास ही फुटपाथ पर रहकर गुजारा करते थे। इस साल फरवरी 2020 में ट्रेन दुर्घटना में उनका पैर कट गया। इसके कारण अब अपना जीवन.यापन भी नहीं कर पा रहे थे। जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा रमेश मराठी को प्रतिदिन भोजन, उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई। अब संस्था ने उन्हें संस्था के सदस्य दीपेश बावनकर के सहयोग से उसे ट्रायसिकल दी है।

देवेन्द्र ने दिए निर्देश... खुर्सीपार गेट के सामने केनाल और सर्विस रोड के किनारे होगा सौंदर्यीकरण

खूबसूरती का अनुभव कराएगा सर्विस रोड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। शहर के बीच से गुजरने वाले नेशनल हाइवे.53 का सफर राहगीरों को एक अलग ही आनंद का अनुभव कराएगा। केनाल रोड और नेशनल हाइवे के सर्विस रोड के बीच की खाली जगह का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसकी सुंदरता देखकर रोमांचित होंगे।

सौंदर्यीकरण के इस कार्य को शुरू कराने के लिए नगर पालिक निगम महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव ने निगम के अधिकारियों के साथ खुर्सीपार से पावर हाउस नंदनी रोड तक का जायजा लिया। जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा को केनाल रोड के ठेकेदार से अनुबंध शर्त के मुताबिक केनाल रोड और सर्विस रोड के किनारे की खाली जगह पर सुंदर कलाकृतियां स्थापित कराने के साथ ही ग्रीन जोन बनवाने के निर्देश दिए।

क्यारी बनाकर रोपे जाएंगे शोभायमान एवं फूल वाले पौधे

महापौर ने कहा कि केनाल रोड के किनारे और डिवाइडर को राजधानी रायपुर की तरह पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। आकर्षण के लिए सर्विस रोड के किनारे की जगह पर क्यारियां बनाई जाएंगी। जिसमें शोभायमान एवं फूल वाले पौधे रोपे जाएंगे। बस्तर की कलाकृतियां स्थापित किया जाएगा। दीवारों पर भित्ति चित्र उकेरी जाएंगी। इसके अलावा महापौर ने क्रांति मार्केट बीएसपी की पुरानी टंकी के पास खाली जमीन पर प्रस्तावित कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर शासन की महत्वाकांक्षी पौनी.पसारी योजना के अंतर्गत 26.88 लाख की लागत से चबूतरा सहित अन्य निर्माण कार्य के लिए विभागीय प्रक्रियाधीन कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एमआईसी सदस्य सत्येन्द्र बंजारे, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े मौजूद रहे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक तितुरडीह दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना/ ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 6/1 रकबा 0.283 हे. भूमि जो कि आवेदक घनश्याम सिंह खिचरिया एवं अन्य सहखातेदार पिता दुलार सिंह खिचरिया के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के जारी ज्ञापन क्र./ क्यू/ वा. 02/ तह. / 2018 दुर्ग दिनांक 30.09.2019 के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन गठित टीम द्वारा किया जाना है चूंकि उक्त भूमि से अनावेदक कृष्ण कुमार पदमशाली की भूमि खसरा नं. 6/3 रकबा 0.134 हे. लगी हुई है। अतः आवेदक, अनावेदक एवं हितबंद पक्षकार दिनांक 17.07.2020 को आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना है तो समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीमांकन तिथि को मौके पर प्रस्तुत करें बाद के दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 09.07.2020

मुहर — राजस्व निरीक्षक तितुरडीह दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता गजभिये पति किरण कुमार गजभिये निवासी सेक्टर 2 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 393/5 रकबा 0.050 हे. मे से 1800 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता असीम साहू पिता सुभाष साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 23.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./24/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगतूराम अन्य 02 पिता स्व. मोहन निवासी ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 96/13, 277/8 रकबा 0.025, 0.134 हें. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के बराबर- बराबर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400457

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार आ. श्री विष्णुराम वर्मा निवासी मरोदा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 346/8 रकबा 0.020 हें/ 2430 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400167

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री यशवंत बंछोर आ. श्री राम कुमार बंछोर निवासी दरबार मोखली तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 493/7 रकबा 0.023 हें/ 2530 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400150

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री विजय प्रकाश पांडे आ. राम मिलन पांडे निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 840/7 रकबा 0.02 हें/ 2178 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400166

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री नितिन कुमार वर्मा आ. श्री चंद्रिका प्रसाद वर्मा निवासी दरबार मोखली तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 493/6 रकबा 0.030 हें/ 3300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400810

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भूपेश कुमार आ. मनसुखी दामने निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 390/30 रकबा 0.03 हें/ 2680 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100401066

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती उर्वशी सागर पति नरसिंग सागर निवासी सेक्टर 10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 40 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 123/32 रकबा 0.02 हें/ 2205 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400160

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मीना वर्मा पति श्री कमलेश कुमार वर्मा निवासी दरबार मोखली तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 497/6 रकबा 0.016 हें/ 1710 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400164

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरल जैन पति श्री अमित जैन निवासी एकता विहार दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 495/9 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400145

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योशना बेहरा पति सिमाचल बेहरा निवासी सेक्टर 05 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 823/12 रकबा 0.015 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

ताराचंद देवांगन को निगम मंडल ,बोर्ड, आयोग में सदस्य बनाने की उठी मांग

भटगांव। बिलाईगढ़ विधायक राय के संसदीय सचिव बनने की मांग होने के बाद बिलाईगढ़ मे इन दिनों सोशल मीडिया में कार्यकर्ताओं एवं आम जनता द्वारा अब बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय के करीबी व माने जाने वाले सरसीवा कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष एवं देवागन समाज के युवा नेता ताराचंद देवागन को बिलाईगढ विधानसभा के उनके चाहने वालो ने निगम, मंडल आयोग में सदस्य बनाने की माग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , पीसीसी चीफ मोहन मरकाम से किये है। ताराचंद देवागन विगत 15 वर्षो से विधानसभा बिलाईगढ में कांग्रेस पार्टी के लिए खास कर युवा वर्ग , सामाजिक क्षेत्रो में पार्टी को मजबूत करने में सफ्ल रहे है। जिसका परिणाम 2018 की विधानसभा व लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है। ताराचंद देवांगन एक पार्टी समर्पित युवा चेहरा है। और पार्टी के लिए आला कमान के आदेशानुसार कार्य कर पार्टी को मजबूती प्रदान करते रहते है।वही ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में सरसींवा को उपतहसील का दर्जा मांग हो लेकर व मनाकोनी जलासय की मांग सफ्ल , जनपद पंचायत सदस्य व उपाध्यक्ष बनाने में सफ्ल, वही लगातार तारा चंद देवांगन के नेतृत्व में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओ को कांग्रेस प्रवेश कराया है। वही निगम, मंडल आयोग सदस्य बनने के बाद कांग्रेस पार्टी और बिलाईगढ़ क्षेत्र का चहुमुखी विकास के साथ पार्टी मजबूत करने को जिम्मेदारी है।

बिजराडीह में हुआ पौधारोपण

भाटापारा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा 6 जुलाई को मुनगा पौधारोपण का विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत शासकीय हाई स्कूल बिजराडीह विकासखंड भाटापारा में 6 जुलाई को मुनगा पौधारोपण विशेष अभियान के तहत मुनगा पौधो का रोपण शाला परिसर में किया गया । इस कार्यक्रम में सोमेश्वर राव जिला परियोजना अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा , धीरेन्द्र सिंह सिसोदिया (प्राचार्य), दर्शन सिंह ठाकुर (व्या एल बी),श्रीमती कात्यायनी साहू (सहायक ग्रेड 03), श्रीमती विद्या ध्रुव (सरपंच), गोविंद बंजारे(उपसरपंच) शम्भूनाथ ध्रुव (सचिव), श्री संजय कुमार ध्रुव , श्री यशवंत ध्रुव ,श्री सुरेश कुमार ध्रुव एवम सभी पंचगण उपस्थित थे।

प्रधानमन्त्री के सन्देशों को पहुचाने में लगे भाजपाई

भाटापारा। प्रधामन्त्री द्वारा जनता के नाम लिखे गए आम संदेश को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों,के जुड़े भाजपा के कार्यकर्त्ता जनता के बीच पहुँच कर रास्तो में ग्रामीण लोगो को परचा थमा कर मोदी सरकार के इस द्वितीय पंचवर्ष के प्रथम 1 साल में हुए रिकार्ड विकास कार्यो का उल्लेख व प्रधानमंत्री का संदेश है को ग्रामीण जनों के बीच घर घर जा कर वितरित किया गया। शहर के संजय वार्ड के युवा सकिय कार्यकर्त्ता राजा शर्मा के आलावा ग्राम पंचायत ढाबा डीह के जन प्रतिनिधियों द्वारा भी वितरण किया गया।

डीपीएस में हुई छाता सजाओ प्रतियोगिता

भाटापारा। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल' में नर्सरी,एलकेजी,यूकेजी के विद्यार्थियों के बीच *'ब्ल्यू डे' तथा 'अंब्रेला डेकोरेशन' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। नर्सरी कक्षा में 'ब्ल्यू डे' पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नीले परिधान पहनकर जहाँ एक ओर अपनी सुंदरता से लोगों को मोहित कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर एलकेजी,यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने 'अंब्रेला डेकोरेशन' प्रतियोगिता में कई प्रकार के रंगों द्वारा अपने-अपने अंब्रेला को सजा कर लोगों की वाहवाही लूटने में पीछे नहीं रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश,ऑनलाइन रहकर बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ पाँच-पाँच बच्चों का चुनाव करके,उन्हें ई- सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्या समेत,समस्त शिक्षक गण तथा बच्चे ऑनलाइन उपस्थित रहे।

सीईओ ने किया चारागाह और रेडी-टू-ईट से संबंधित कार्यो का निरीक्षण

छुरा। जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बुधवार को मनरेगा, गौठान, स्वच्छ भारत मिशन, चारागाह और रेडी-टू-ईट से संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया गया।इस निरीक्षण के दौरान साथ में छुरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूचि शर्मा (डिप्टी कलेक्टर) तथा जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। जिला सी0ई0ओ 0लंगेह द्वारा जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत शासन की महत्वकांक्षी कार्यक्रम के तहत् बनाये जा रहे, गौठान तथा अन्य निर्माण कार्यो निरीक्षण किया गया। जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत गादीमाई स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे। रेडी-टू-ईट का निरीक्षण किया गया।ग्राम कोसमबुड़ा में एस0बी0एम0 द्वारा एल.ओ.बी योजनांतर्गत निर्मित किये जा रहे, शौचालय निर्माण का निरीक्षण किया गया एवम उपयोग करने के संबंध में हितग्राहियों को निर्देश दिये। ग्राम पंचायत पाटसिवनी में मनरेगा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अभिसरण मद से तैयार किये जा रहे।

गौठान निर्माण का निरीक्षण कियाः उक्त गौठान में निरीक्षण करने पर विपरीत कार्य करने के संबंध में संबंधित एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बिलाईगढ़ मितानिन संघ ने चिकित्सा विभाग व विधायक को सौंपा ज्ञापन

- **मितानिन के मीटिंग में आकर मुझे मितानिन पद से निकालने की दी धमकी, थाने में की शिकायत : पीली बाई**
- **बिलाईगढ़ मितानिन संघ ने 7 दिवस के अंदर मितानिन पद पर नियुक्ति नही करने पर भूख हड़ताल करने की दी चेतावनी**

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। विकास खण्ड बिलाईगढ़ क्षेत्र के मितानिन संघ ने बिलाईगढ़ स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी

बीएमओ और बिलाईगढ़ कार्यलय पहुँचकर विधायक चंद्रदेव राय को ज्ञापन सौंपा । जिसमे मितानिन पीली बाई के ऊपर साजिश रचकर संगीता टंडन ने झूठा रिश्वत लेने का आरोप लगया था।जिसमे बिलाईगढ़ बीएमओ ने बिना जांच किये एकतरफ कार्यवाही करते हुए पद से पृथक कर दिया है। जिससे आक्रोशित बिलाईगढ़ मितानिन संघ ने बिलाईगढ़ विधायक व बीएमओ ज्ञापन के माध्यम से पुनः मितानिन पद पर नियुक्ति करने की मांग किया है।

पीली बाई पर लगाया आरोप झूठा : मितानिन संघ

वही बिलाईगढ़ क्षेत्र के मितानिनों ने बताया कि रंजिशवास संगीता ठण्डन ने मितानिन पीली बाई के ऊपर झूठा रिश्वत देने का आरोप लगाते हुए एस.एच आर.सी.में शिकायत किया था कि मुझसे काम करने के एवज में पैसा दिया हु बोल कर जिसमे बीसी फरीदा बेगम और डीसी व्दारा संगीता ठण्डन को बयान दिलवाया गया एवं उनके व्दारा झूठ आरोप लगया गया कि मितानिन पीली बाई को पैसा दिया हु बोलकर वही मितानिन पीली बाई ने बताया कि पूर्व में भी संगीता ठण्डन ने दुश्मनीवस 24 जून 2019 में अभी मितानिन के मीटिंग में आकर मुझे मितानिन पद से निकलने की धमकी दिया था जिसकी मैंने बिलाईगढ़ थाने में शिकायत दर्ज भी करवाया था।

वही सभी मितानिनों ने बताया कि अगर जब तक पीली बाई को मितानिन पद में नियुक्ति नही करते हैं तब तक उसके व्दारा स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नही देगा और अगर 7 दिवस के अंदर मितानिन पद पर नियुक्ति नही करते हैं तो भूख हड़ताल करने की चेतावनी दिया है।

मुझे फसाया गया है, संगीता टंडन से झूठा बोल कर मुझे फसा दिया गया है। पूर्व में भी संगीता ठण्डन ने दुश्मनीवस 24 जून 2019 में अभी मितानिन के मीटिंग में आकर मुझे मितानिन पद से निकलने की धमकी दिया था जिसकी मैंने बिलाईगढ़ थाने में शिकायत दर्ज भी करवाया था।

पीली बाई पीड़ित महिला

> जब तक पीली बाई को मितानिन पद में नियुक्ति नही करते हैं तब तक उसके व्दारा स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नही देगा और अगर 7 दिवस के अंदर मितानिन पद पर नियुक्ति नही करते हैं तो भूख हड़ताल करने की चेतावनी दिया है।
>
> **हेमलता घिरहे,** मितानिन

> पीली बाई द्वारा कोई गलत काम नही किया गया है , हमारे साथ को झूठ बोल फसा कर और एकतरफा कार्यवाही कर के पद से हटा दिया गया ये सरासर गलत है।
>
> **हेमलता सोनवानी,** मितानिन

> बिलाईगढ़ मितानिन संघ आये थे पीली बाई को बिना कोई जांच के बीएमओ द्वारा पद से हटा दिया गया है, इस मामले लेकिन पुनः जांच करने को अधिकारी को कहा गया ,सही जांच कर दोषियों पर कार्यवाही कराने की बात कही ।
>
> **चंद्रदेव राय,** विधायक बिलाईगढ़

आवक का दबाव : मंडी में पहली बार मोटा धान के लिए दो अलग-अलग नीलामी

- **रिकॉर्ड 20 हजार बोरा धान की आवक का अनुमान**
- **नफा और नुकसान को लेकर चर्चा का बाजार हुआ गर्म**

भाटापारा। खेती किसानी के बढ़ते काम और बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की कोशिश में लगे किसानों ने बुधवार की सुबह अचानक आवक बढ़ा दी। मोटा और बारीक धान मिलाकर करीब 20 हजार बोरा धान की आवक का अनुमान है। बढ़ी आवक को देखते हुए मंडी प्रशासन ने चर्चा के बाद प्रांगण में भी धान की नीलामी करवाई। शेड में ही नीलामी का फ़ैसला अपनी जगह बरकरार है लेकिन बीच में हुई बारिश के बाद खेती किसानी के काम में तेजी आ चुकी है। इस तेजी ने खर्चे भी बढ़ा दिए हैं। इन खर्चों की पूर्ति के लिए किसान खरीफकी तैयारियों को लेकर रखे धान निकालने लगे हैं। इसका असर बुधवार की सुबह कृषि उपज मंडी में पड़ता हुआ दिखाई दिया। आवक का एकाएक बढा दबाव देख मंडी प्रशासन ने व्यापारियों से चर्चा के बाद खुले प्रांगण में भी नीलामी की व्यवस्था करवाई। बादलों की आवाजाही के बीच किसी तरह कामकाज निपटा लिया गया।

मोटा धान के लिए पहली बार दो नीलामी

व्यवस्था बनाने के प्रयासों में लगे मंडी प्रशासन को पहली बार मोटा धान की बिक्री के लिए दो अलग व्यवस्था करनी पड़ी याने शेड और प्रांगण में एक साथ मोटा धान की नीलामी चालू की गई। इसके लिए चार से 6 अतिरिक्त कर्मचारी की तैनाती करनी पड़ी। पहली बार एक ही किस्म के धान के लिए दो जगह अलग-अलग नीलामी की व्यवस्था को लेकर मंडी प्रांगण में दिनभर चर्चा का बाजार गर्म रहा।

हुई रिकॉर्ड आवक

बारिश के बाद खेती किसानी के काम में तेजी आने लगी है। ऐसे में होने वाले खर्च के लिए पैसे की जरूरतें बढी हुई है। इसकी पूर्ति के लिए किसान बड़ी मात्रा में कृषि उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। इसमें मोटा धान की मात्रा सबसे ज्यादा है। बारिक धान की मात्रा बेहद सीमित है। बुधवार को मोटा और बारिक दोनों किस्म के धान की अनुमानित आवक 20 हजार बोरा का होना बताया जा रहा है। यही स्थिति गुरुवार को भी बने रहने की संभावना है क्योंकि बुधवार की दोपहर तक आने वाली गाड़ियां प्रांगण के बाहर खड़ी रही। उन्हें जगह मिलने पर ही प्रवेश की अनुमति दिए जाने की जानकारी मंडी प्रशासन ने दी है। इस बीच शेड खाली करवाने के प्रयास होते रहे।

नई व्यवस्था से नफा और नुकसान

बढ़ी आवक के बीच जो नई व्यवस्था की गई उसके पक्ष और विपक्ष में कई तर्क रखे जा रहे हैं। समर्थन में एक पक्ष का कहना है कि इससे रोजाना की आवक रोज नीलाम की जा सकेगी। शेड जाम नहीं होंगे। दोनों तरफएक साथ नीलामी और बाद की प्रक्रिया निपटाई जा सकेगी। दूसरा पक्ष इस तर्क से जरा भी सहमत नहीं है। कहा जा रहा है कि प्रांगण और शेड के नीचे मोटा धान के भाव में 100 से 150 रुपए का अंतर आ चुका है। प्रांगण में जो महामाया धान 12 सौ से 1450 रुपए पर नीलाम हुआ तो वही धान शेड में 1450 से 16 सौ रुपए पर नीलाम हुई। यह भी कहा जा रहा है कि अचानक मौसम बिगड़ने और बारिश होने पर नुकसान की जिम्मेदारी भी स्पष्ट नहीं है जबकि शेड के नीचे ऐसी कोई दिक्कत नहीं आएगी।

> मोटा धान के लिए दो नीलामी की व्यवस्था व्यापारियों के आग्रह पर ही की गई थी। आवक का भी काफी दबाव था इसलिए यह व्यवस्था करनी पड़ी। जो शेड खाली नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल खाली करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं।
>
> **- डी के सिंह,** सचिव, कृषि उपज मंडी भाटापारा

अंग्रेजी स्कूल में संविदा शिक्षकों की भर्ती के लिए 13 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार । जिले में इस साल से शुरू होने वाली सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने के लिए शिक्षकों की संविदा आधार पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला मुख्यालय के मनोहर दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला को उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के शाला के रूप में चयन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.के.वर्मा ने बताया कि इस स्कूल के लिए व्याख्याता, प्रधानपाठक प्राथमिक, प्रधानपाठक माध्यमिक,सहायक शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, प्रयोगशाला शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड दो,सहायक ग्रेड तीन के पदों को भरा जायेगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई को शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से स्वीकार किये जायेंगे। इस संबंध में और विस्तृत विवरण जिले की सरकारी वेबसाईट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है।

अर्जुनी। बरसात आगमन के बाद से ही अंचल में खेती बाड़ी का कार्य ने तेजी पकड़ लिया है, अन्नदाता सुबह से शाम तक अपने खेतों में कड़ी मेहनत करते नजर आ रहे है तो वही किसान अपने खेतों में रोपाई का कार्य कराने मजदूर तलाश रहे है,वंही अर्जुनी मिरगी मार्ग में कृषक तिलक वर्मा द्वारा उन्नत फसल के रूल में अपने 4 एकड़ में जापानी धान की रोपाई कराया जा रहा है।

स्वतः स्फूर्त अभियान के रूप में घर-घर पहुंचाएं शिक्षा : डीईओ

- **ऑनलाइन कांफ्रेस में डीईओ ने दिए आवश्यक निर्देश**

भाटापारा। कोरोना महामारी प्रकोप के समय लगभग चार माह से बंद हूई शिक्षण संस्थाओं से विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए पढ़ई तुंहर दुआर अभियान के माध्यम से सीजी स्कूल डाट इन वेबपोर्टल के द्वारा 7 अप्रैल 2020 से ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम की व्यवस्था छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा की गई है। अधिकाधिक बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़कर उन्हें स्वतःस्फूर्त आंदोलन की तरह सतत शिक्षा प्रदान करना सभी शिक्षकों का कर्तव्य है। इसके सभी शिक्षक कार्य क्षेत्र में सतत पालक संपर्क कर पालको से सहयोग की अपील करते हुए सीमित समय अनुसार ऑनलाइन कक्लासेस में विद्यार्थियों को शामिल करने आग्रह करे और नवाचारी तरीकों से बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास करें- उक्त बातें जिला शिक्षा अधिकारी बलौदा बाजार भाटापारा श्री आर के वर्मा द्वारा भाटापारा विकासखंड के प्रधान पाठकों की वेबेक्स ऑनलाइन कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक के दौरान कही गई। विगत दिवसो में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर विकासखंड के सभी शासकीय हाई /हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक का विभिन्न सत्रों में आयोजन कर विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी द्वारा पढ़ई तुहर दुआर अभियान को अधिकाधिक सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए अन्य विभागीय विषयों पर चर्चा की गई।कांफ्रेंस को डीएमसी श्री आर एस राव द्वारा भी संबोधित किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर विकासखंड के सभी स्कूलों में स्कूली बच्चों को राशन का वितरण कराया गया है। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रवृत्तियों को विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में प्रत्येक संकुल एवं हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर पर विद्यार्थियों की भागीदारी सेब मॉडल बनाने हेतु पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए एससीईआरटी रायपुर से ई मीटिंग कर निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 20/2020-2021
वार्ड का नाम- स्वामीअत्मानंद वार्ड क्र.-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामीअत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/1262 का भाग शॉप नं. 504 नेशनल कार्पोरेट पार्क जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती राजेश अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती आनंदधन कन्स्ट्रक्शन आईएनसी द्वारा पार्टनर- श्री निखिल अग्रवाल पिता पंचूगोपाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400061

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ललिता बंदे पति श्री अणय कुमार बंदे निवासी सिकोसा तह. गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 321/10 रकबा 0.017 हें/ 1820 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400170

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सावधान टोप्पो आ. श्री सिमोन टोप्पो निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/6 रकबा 0.022 हें/ 2240 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400178

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रमेश कुमार आ. श्री मंगल प्रसाद निवासी सेक्टर 10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 122/4 रकबा 0.020 हें/ 2206.23 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./456/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक क्रेता आनं शंकर सिंह आ. श्री पारसनाथ सिंह साकिन मॉडल टाउन भिलाई के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 191 रकबा 0.170 हे. भूमि विक्रेतागण प्रवीण करंबेलकर आ. स्व. आर.जी. करंबेलकर, डॉ. सुबोध चंद्राकर आ. स्व. एम.आर. चंद्राकर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 10.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 25.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम श्री ए.जे. पायस	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202007100400190

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ए.जे. पायस आ. श्री ए.जी. जोसफ निवासी सेक्टर 5 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	833/9	0.040 हें 4800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

■ न्यूज गैलरी

डोम्हाटोला एवं बसूला में विधायक बघेल ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। राजनांदगांव ब्लॉक में डोम्हाटोला व बसूला में विधायक भुनेश्वर बघेल व पंचायत प्रतिनिधि ग्राम वासी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक भुनेश्वर बघेल ने प्रति व्यक्ति कम से कम 1 पेड़ लगाने से उनके संरक्षण कर बढ़ाने तक का जवाबदारी लेने का संकल्प दिलाया। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि वर्तमान इस्थिति को देखते हुवे पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है, सभी व्यक्ति इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाये। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी, बसूला सरपंच कमलेश सण्डे, डोम्हाटोला सरपंच खिलेश्वरी साहू, कलदाबरी सरपंच शेखर यदु, परसबोड सरपंच प्रतिनिधि ललित चंदतारे, युवा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, रिलायंस फाउंडेसन डायरेक्टर देवेन्द्र पटेल, प्रह्लाद यादव, जितेन्द्र वर्मा, सुकालू राम मंडाले, तेजश्वी वर्मा, दीपक वर्मा, हितेश साहू, सेवन साहू आदि उपस्थित थे।

कोरोना के कहर के बीच आरटीई भर्ती प्रक्रिया पर भड़के पालक

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर के द्वारा 6 जुलाई को एक पत्र जारी किया गया है कि शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई और लॉटरी निकालने की तिथि 15 जुलाई निर्धारित किया गया है, जिसको लेकर अब छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने मोर्चा खोल दिया गया है, क्योकि प्रदेश के कई जिलों में कोरोना का कहर जारी है। कई जिलों में कई दिनों के लिए बंद कराया (टोटल लॉकडाउन) दिया गया है। राजनांदगांव शहर में कई वार्डो को कंटेंमेंट जोन बना दिया गया है और सील कर दिया गया है, क्योंकि इन वार्डो में संक्रमित लोगों और मरीजों की संख्या बढ़ते जा रहे है। सैकड़ों लोगों को कोरेंटाइन सेंटर में रखा गया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि उच्च अधिकारियों को जिले में जिला शिक्षा अधिकारियों और कलेक्टरों से सलाह कर और जिलों की परिस्थितियों ने अनुसार निर्णय लिया जाना चाहिए, लेकिन शायद ऐसा हो नहीं रहा है, शायद सरकार स्कूल आरंभ करने में जल्दबाजी कर रही है जो उचित नहीं है। परिस्थितियां सामान्य होने तक विभाग को इंतजार करना चाहिए, लेकिन शायद प्राईवेट स्कूलों के दबाव में सरकार भर्ती प्रक्रिया आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। श्री पॉल ने संचालक को ई-मेल भेजकर निवेदन किया है, कि स्थिति सामान्य होने तक किसी भी प्रकार की भर्ती प्रक्रिया को स्थगित रखा जावे।

कैदियों व स्टाफ का किया कोरोना टेस्ट 12 व्हीटीएम जांच के लिए सैम्पल भेजा

कवर्धा-(नवप्रदेश)। जेल के कैदियों व स्टाफकी स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 35 लोगों का कोरोना जांच भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश कुमार तिवारी व सहायक जेल अधीक्षक योगेश बंजारे की उपस्थिति में उक्त जांच किया गया। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ गौरव सिंह परिहार ने बताया कि जेल में पिछले एक माह से आने वाले कैदियों , पूर्व से बीमार अथवा लक्षण वाले कैदियों का कोरोना जांच किया गया। इनमें से 23 आर डी किट से जांच किया गया जिनका रिपोर्ट निगेटिव आया है शेष 12 व्ही टी एम जांच के लिए सैम्पल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कैदियों को हाथ धोने के तरीकों से लेकर कोरोना से बचाव के सभी उपाय विस्तार से बताए गए व सर्दी, खासी, बुखार, स्वांस लेने में तकलीफहोने पर तत्काल जेल प्रबन्धन को जानकारी देने के लिए भी कहा गया है। सहायक जेलर योगेश बंजारे ने बताया कि नए कैदियों को अन्य कैदियों से अलग बैरक में रखा जा रहा है व जितने लोगों का जांच रिपोर्ट आना शेष है उन सबको भी अलग रखा गया है। स्वांस , शुगर व बीपी के मरीजों का अनिवार्यतः कोरोना जांच कराया गया। उक्त स्वास्थ्य दल में डॉ परिहार के साथ आरएमए शिवगोपाल परिहार, काउंसलर तूलिका शर्मा व एमएलटी कुबेर सेन भी शामिल थे।

प्रवासी श्रमिकों के लिए क्वारेंटाइन सेन्टर बना आश्रय

क्वारेंटाइन अवधि में श्रमिकों को मिली सभी मूलभूत सुविधाएं

क्वारेंटाइन अवधि पूरी करने के बाद श्रमिकों को मिला मनरेगा में रोजगार

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। कोरोना (कोविड-19) संक्रमण से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश के अनुसार राज्य से बाहर गये श्रमिकों की घर वापसी के बाद उन्हें 14 दिन क्वारेंटाईन किया जा रहा है। इसके लिए विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम में क्वारेंटाईन सेंटर बना कर श्रमिकों एवं अन्य व्यक्तियों को सभी प्रकार की सुविधा दी जा रही है। राजनांदगांव विकासखड के 112 ग्राम पंचायतों में कुल 163 क्वारेंटाईन सेंटर की व्यवस्था की गई। इसमें महिला एवं पुरूषों के लिये अलग-अलग कमरा एवं अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था की गई। यहां रेड जोन एवं ग्रीन जोन से आने वाले श्रमिकों के लिए अलग-अलग क्वारेंटाईन सेंटर बनाया गया।

क्वारेंटाईन सेंटर में पंखे, गद्दा, रजाई, तकिया एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से चारपाई की व्यवस्था किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए ग्राम के कोटवार, सरपंच, मितानीन, एएनएम, रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम गांव में घूम-घूम कर लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गांव के सभी शासकीय भवनों एवं मोहल्लों को सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

राजनांदगांव विकासखंड के

ग्राम पंचायत महाराजपुर और आश्रित ग्राम भोथीपारकला के क्वारेंटाईन सेंटर प्राथमिक शाला भवन अन्य राज्यों से आए श्रमिकों के लिए आश्रय का जरिया बना। जहां से श्रमिकों को कोरोना संक्रमण जैसे परिस्थितियों में भोजन, पेयजल, चिकित्सा जैसी सुविधाएं मिली। साथ ही क्वारेंटाईन की अवधि पूरा करने के बाद उन्हें मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया। इन क्वारेंटाईन सेंटर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को सुबह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से योग, व्यायाम कराया जाता था। प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद सुखा नाश्ता चना गुड़ दिया जाता था।

ग्राम पंचायत महराजपुर में क्वारेंटाईन सेंटर की व्यवस्था एवं कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए कोरोना बचाव दल का गठन किया गया। जिसमें सभी शासकीय मैदानी अमला एवं ग्राम के जागरूक युवा को शामिल किया गया। जो दिन-रात निगरानी एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए क्वारेंटाईन सेंटर का संचालन कर रहे है।

ग्राम पंचायत महराजपुर एवं आश्रित ग्राम भोथीपारकला में 2 क्वारेंटाईन सेटर की व्यवस्था की गई । जिसमें 22 लोगों को क्वारेंटाईन किया गया। जिसमें पंचायत द्वारा सुखा नाश्ता एवं मजदूरों के घर के माध्यम से दाल, चावल, हरी सब्जियां एवं काढ़ा दिया जाता है।

ग्राम पंचायत महराजपुर के क्वारेंटाईन सेंटर में नियत अंतराल में प्रवासी मजदूरों को रखा गया। सेंटर में कुल 22 लोगों को क्वारेंटाईन किया गया जिसके लिये अलग-अलग 6 कमरों की व्यवस्था की गई एवं सभी को मास्क एवं सेनेटाईजर प्रदान किया गया। क्वारेंटाईन सेंटर में सुरक्षा के लिए चौकीदार एवं पंच प्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम प्रमुख देख रेख की जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा से निभा रहे है। क्वारेंटाईन में उपस्थित श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच प्रतिदिन मितानीन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से किया जाता है।

हाईवे में चेंकिंग, 21.500 किलो गांजा जप्त

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। चिल्पी पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी है कि एक सफेद रंग के टाटा जेस्ट वाहन क्र. ओ डी 15 क्यु 0165 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा भरकर रायपुर कवर्धा की ओर से जबलपुर की ओर परिवहन करते ले जा रहा है उक्त वाहन में बैठे व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही है कि उक्त सूचना के सबंध में थाना प्रभारी चिल्पी द्वारा वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा सूचना की तस्दीकी हेतु नाकाबंदी पाईन्ट लगाकर वाहनों की चेंकिंग करने निर्देशित किया गया जिस पर सहा. उप निरी. गोविन्द चन्द्रवंशी थाना चिल्पी द्वारा अपने हमराह स्टाप के

साथ रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवें रोड में नाकाबंदी पाईन्ट लगाया जाकर मार्गो में गुजर रहे वाहनों की चेकिंग कि गई कुछ समय पश्चात् मुखबीर द्वारा बताये गये जानकारी अनुसार एक सफेद रंग के टाटा जेस्ट वाहन क्र. ओ डी 15 क्यु 0165 में सवार व्यक्ति 1.बेदाब्यास दास पिता डान्डापानी दास वैष्णव उम्र 25 वर्ष साकिन अम्बाझरी(सुनाझरी) थाना बौद्ध जिला बौद्ध (उड़ीसा), 2.निर्मल बस्तीया पिता पुरनचन्द बस्तीया उम्र 24 वर्ष साकिन घन्टापाली थाना काटामाल जिला बौद्ध(उड़ीसा) से पुछताछ करने पर जबलपुर मध्यप्रदेश की ओर जाना बताया तथा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन एक सफेद रंग के टाटा जेस्ट वाहन क्र. ओ डी 15 क्यु 0165 की पीछे सीट के पैरदान व वाहन के पीछे डिक्की को चेकिंग करने पर गांजा रखा हुआ पाया गया जिसके सबंध में वाहन सवार व्यक्ति से पुछने पर उक्त गांजा उड़ीसा से जबलपुर मध्यप्रदेश बिक्री करने एवं अवैध रूप से धन अर्जित किये जाने हेतु ले जाना पाया गया । उक्त आरोपीगण से 22 पैकेट खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ कुल वजन 21.500 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती करीबन 107500ध- रूपयें एवं एक सफेद रंग के टाटा जेस्ट वाहन क्र. ओ डी 15 क्यु 0165 किमती करीबन 700000ध् रू., कुल जुमला करीबन 807500ध् रूपयें को जप्त किया गया है।

वृक्षारोपण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी - तुकाराम चंद्रवंशी

कवर्धा-(नवप्रदेश)। जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने बोड़ला जनपद पंचायत परिसर वृक्षारोपण किया और कहा कि वृक्षारोपण महत्वपूर्ण क्यों है इसके पीछे कई कारण हैं। मुख्य कारणों में से एक कारण यह है कि वृक्ष जीवन-प्रदान करने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। और पेड़ों से घिरे क्षेत्र, गांव और जंगल शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा दे सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में सभापति अर्चना पवन चंद्रवंशी,जिला महासचिव नरेंद्र चंद्रवंशी,मुख्यकार्यपालन अधिकारी बोड़ला,कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा,सहित जनपद पंचायत बोड़ला के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आरटीई की प्रथम लॉटरी आगामी 15 जुलाई को

कवर्धा-(नवप्रदेश) जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.एल. महिलांगे ने बताया कि आरटीई के अंतर्गत अलाभित समूह के विद्यार्थियों को 2020-21 में प्रदेश के निजी शालाओं में प्रवेश दिया जाना है। इसके अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम लॉटरी आगामी 15 जुलाई निर्धारित की गई है। छात्रों द्वारा भरे गए सभी विकल्पों की लॉटरी एक साथ की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। इस संबंध में किसी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाईन नंबर 011-41132689 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। प्रथम लॉटरी के उपरांत भी छात्रों को अधिक से अधिक समस्त आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए उन्हें पुनः अवसर प्रदान करने के लिए संचालनालय से पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे।

कवर्धा में लायंस क्लब ने किया 90 सफाई कर्मियों का सम्मान

कवर्धा-(नवप्रदेश)। कोरोना वॉरियर्स के सम्मान की कड़ी में लायंस क्लब ने आज 8 जुलाई को नगर पालिका के सभागार में 90 सफाई कर्मियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा और विशिष्ट अतिथि नपा उपाध्यक्ष जमील खान तथा मुख्य नपा अधिकारी लवकुश सिंगरौल थे। पार्षद चुनवा खान, प्रमोद लूनिया, मोहित माहेश्वरी, उमंग पांडे, भीखम कोसले, नरेंद्र देवांगन, अरुंधती चंद्रवंशी, सुशीला धुर्वे, सुनील साहू, संतोष यादव, नेतराम धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित थे। राष्ट्रगान और विश्व शांति के लिए एक मिनट के मौन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आनरेरी गवर्नर एमजेएफ लायन प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल ने अपने संबोधन में क्लब के उल्लेखनीय कार्यो के बारे में बताया। क्लब अध्यक्ष नीरज मनजीत छाबड़ा ने सफाई कर्मियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन कर्मियों ने क्लब को उन्हें सम्मानित करने का सुअवसर दिया है और इस कड़ी में पिपरिया के बाद पांडातराई, पंडरिया, बोड़ला के कोरोना वॉरियर्स को सम्मानित किया जाएगा। लवकुश सिंगरौल ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई कर्मियों के सहयोग से ही वे नगर को साफसुथरा रखने में सफल होते हैं। जमील खान ने अच्छे काम के लिए सभी कर्मियों को बधाई दी। आखिर में नपा अध्यक्ष ने कर्मियों को सफाई सैनिक निरूपित करते हुए कहा कि जिस तरह बहादुर सैनिक सरहद पर मुस्तैद रहकर देश की रक्षा करते हैं उसी तरह वीर सफाई कर्मी बीमारियों से हमें बचाते हैं। संचालन सचिव डीके श्रीवास्तव ने किया और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी ने किया। इस अवसर पर लायन रामेश्वर गुप्ता, नेमीचंद श्रीश्रीमाल, धनसुख पटेल, मनोज कुमार ठाकुर, गुरदीप सिंह अरोरा, दुर्गेश केशरवानी, राजेन्द्र ठाकुर, नवनीत गुप्ता, प्रभुसिंह राजपुरोहित, सूर्यकांत बिंदल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

वर्चुअल क्लास से जागरूक पालक भी जुड़ने लगे

■ देख रहे कैसे होती है ऑनलाइन पढ़ाई

■ शाला विकास समिति ने भी की सराहना

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। शिक्षक ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं। बच्चे इसमें अपनी भरपूर रुचि दिखा रहे हैं। बच्चों को समय पर क्लास ज्वाइन करने पालक तो सहयोग कर ही रहे हैं, शाला विकास व प्रबंधन समिति भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। पदाधिकारी व सदस्य पालक स्वयं वर्चुअल क्लास से जुड़कर देखने लगे हैं कि आखिर कैसे हो रही है ऑनलाइन पढ़ाई।

पढाई तुंहर दुआर के नोडल अधिकारी राजेश शर्मा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के प्रति डोंगरगांव, जंगलपुर संकुल क्षेत्र के ग्राम किरगी के पालक बेहद जागरूक हैं। बच्चों को इस आभाषी पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के साथ ही वहां की अनुभवी व अध्यापन कौशल में दक्ष पूर्व

माध्यमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती कमला सिन्हा की ऑनलाइन क्लास में शामिल होकर तारीफ करने से बिल्कुल भी नहीं चुक रहे हैं। संकुल क्षेत्र के समन्वयक साधुराम साहू ने बताया कि श्रीमती सिन्हा ने शुरुआती समय से ही बच्चों को जोड़ने नव सृजन वाट्सएप ग्रुप बनाया और पढ़ाना शुरू कर दिया था। इसी ग्रुप में शाला के प्रधान पाठक निगम दास अंग्रेजी व शिक्षक इंद्रजीत साहू गणित पढ़ाते आ रहे हैं। इन कार्यो की सराहना डीएमसी भूपेश साहूए बीईओ आर एल पात्रेए बीआरसी अरविंद रत्नाकरए एबीओ सुश्री रश्मि सिंग भी कर चुके हैं।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोहित साहू, भोला पटेल, सोमेश्वर साहू, बोधन पटेल, गजानंद निषाद, खिलेश्वरी बाई, कामिन बाई, नारद हिरवानी आदि लगातार शिक्षक-शिक्षिकाओं के संपर्क में रहकर बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं। समय-समय पर स्वयं बच्चों के साथ वर्चुअल क्लास से जुड़कर पढ़ाई का तौर-तरीका देखते आ रहे हैं। पठन-पाठन के सुखद वातावरण में संचालित आज की क्लास में हर्ष पटेल, हिमांशु कुमार, राहुल, नेमन, नितेश, हरीश, रोशन, मयंक, प्रिया, सरस्वती, नीलम, लीना, वंशिका, प्रेरणा, प्रेमलता, कुसुम, वंदना, दीपिका, तोषी, नेहा आदि बच्चे जुड़े थे। पढ़ाई के प्रति अन्य बच्चों में जागरूकता लाने में इन बच्चों की भी अहम भूमिका है।

दो चरणों में मनाया जा रहा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए विगत 27 जून से 10 जुलाई तक लक्ष्य दम्पत्ति सम्पर्क पखवाड़ा व 11 जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाने की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की गई है। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने उक्त सम्बन्ध में जानकारी ली व इस वर्ष कोरोना के कारण सोशल डिस्टेनसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए इस सम्बंध में राज्य से प्राप्त दिशानिर्देश के अनुरूप पखवाड़ा आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षो से विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत परिवार नियोजन की उपयोगिता, लाभ व इसके स्थायी एवं अस्थायी संसाधनों का प्रचार-प्रसार कर

लोगों का ध्यान केंद्रित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के साथ-साथ प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान माता और शिशु कल्याण एवं अवांछित गर्भधारण को रोकने के लिए आवश्यक है अतः इस दिशा में सभी सम्बन्धितों को गम्भीरता से कार्य करना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा दो चरणों मे आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में पुरुष व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, ए एन एम व अन्य सम्बन्धित स्टाफके द्वारा लक्ष्य दम्पत्तियों की लिस्टिंग, काउंसलिंग कर परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दूसरे चरण में परिवार नियोजन के संसाधनों की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ तिवारी ने बताया कि अन्य वर्षो की अपेक्षा परिवार नियोजन सेवाओं में कोविड 19 के कारण इस वर्ष संसोधन किया गया है।

इस वर्ष पुरुष व महिला नसबंदी ऑपरेशन आगामी आदेश तक स्थगित रखा गया है। जिला अस्पताल समेत समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में अंतरा इंजेक्शन, कॉपर टी, माला एन , छाया की गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दिया गया है ।, जिससे सबंधितों को सेवाएं सुचारू की जा सके। उन्होंने सभी को कोरोना से सुरक्षा के उपायों को अपनाते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य दल के साथ जनप्रतिनिधियों, समाज सेवकों व मितानिनों के सहयोग से प्रचार प्रसार कर लोगों को इस दिशा में जागरूक किया जा रहा है।

किसानों को विद्युत न देकर परेशान और छलावा न करें सरकार- यशवंत

कुंडा -(नवप्रदेश)। वर्तमान वर्ष में किसान कई प्रकार के आपदा से जूझते हुए अपने जीवन निर्वाह के साधन खेती बाड़ी में लगे हुए हैं, इस वर्ष लगभग प्रति 10- 15 दिवस में पूरे गर्मी में पानी गिरने से भी प्राकृतिक रूप से किसान परेशान होते रहे । कहीं ना कहीं कोरोनावायरस से भी किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है । पंडरिया क्षेत्र के मंडल कुंडा से किसान नेता यशवंत चंद्राकर ने वर्तमान सरकार के दोहरी नीति एवं किसानों के प्रति नियत साफ न होने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह तो बिल्कुल वही बात हो गई जैसे बच्चे को जन्म देकर पालक के द्वारा उनका

उचित देखभाल न करना । उन्होंने सरकार को समाचार के माध्यम से यह भी बताया कि बच्चे को मां बाप द्वारा जन्म देकर छोड़ देने से कुछ नहीं होता जिस तरह से वर्तमान सरकार बोर खनन में छूट देकर वाहवाही तो लूट लिया लेकिन उसी बोर के लिए उचित विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था करने में आनाकानी कर रहे हैं साथ ही साथ वर्तमान सरकार के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ही उनके ही कथन अनुसार वे इस लक्ष्य के पूर्ति हेतु समर्थ भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व रमन सरकार के कार्यकाल में अनलिमिटेड बोर खुदाई होता था एवं अनलिमिटेड विद्युत कनेक्शन दिया जाता था । वर्तमान सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए किसान नेता यह भी कहा कि कवर्धा जिला में 531 किसानों को विद्युत कनेक्शन में छूट देना है जिसमें प्रति किसान 1लाख की छूट है इस तरह से अगर सभी निर्धारित मात्रा में प्रत्येक जिला में सरकार किसानों को छूट देगी तो उनका अरबों रुपए खर्च हो जाएगा। किसान कहीं ना कहीं परेशान होंगे और सरकार कहीं ना कहीं छूट न देकर आनाकानी करते हुए अपने अरबों रुपए बचाने के चक्कर में लगे हुए हैं।

पहाड़ों के बीच मंदिर की भूमि में रंगमंच निर्माण, सवालों के घेरे में जिम्मेदार

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। पंचायत के आम ग्रामीणों की व्यवस्था को दरकिनार कर पहाड़ों के बीच मंदिर की भूमि में सरपंच सचिव ने रंगमंच निर्माण करने का मामला सामने आया है बकायदा तत्कालीन सरपंच व सचिव ने रंगमंच की आधा से ज्यादा राशि निकालकर नव प्रभार संभाले सरपंच को रंगमंच की बचत राशि 112 रुपए भी सौंपा गया है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने भी गांव से बाहर पहाड़ों के बीच बनाए गए रंगमंच के लिए सहमति देते हुए प्रगति मैं मूल्यांकन कर दीया ताकि अगली किस्त जारी हो सके मामला ग्राम पंचायत डोहेल का है। जहां वर्ष 2018-19 में विधायक मद से 2 लाख की लागत से रंगमंच स्वीकृत किया गया ताकि ग्रामीणों के उठने बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके लेकिन तत्कालीन सरपंच और सचिव ने ग्रामीणों की बैठने उठने व्यवस्था को अनदेखा करते हुए झाराबहाल स्थित साईं मंदिर से जोड़कर रंगमंच बना दिया जा रहा

है । जानकारी अनुसार रंगमंच स्वीकृत होने के बाद जनपद कार्यालय द्वारा पंचायत एजेंसी को प्रथम किश्त के रूप में 80 हजार जारी किया इसके अलावा प्रगति रथ कार्य को देखते द्वितीय किस्त पुनः 80 हजार जारी कर दिया लेकिन स्टीमेट के बिल्कुल विपरीत मंदिर के आकार में रंगमंच निर्माण शुरू कर दिया गया इसके लिए जिम्मेदारों ने मंदिर पीछे होने की बात कहकर कार्यवाही से बचने के लिए रास्ता भी अख्तियार किया है। ताकि मंदिर और रंगमंच को अलग-अलग बताया जा सके लेकिन मंदिर और कथित रंगमंच बिल्कुल एक दूसरे से चिपका हुआ है। और उक्त भूमि को मंदिर ट्रस्ट के नाम पर प्रस्ताव कर दिया जाना भी बताया जाता है। इस बीच जिम्मेदार अधिकारी सवालों के घेरे में नजर आ रहे हैं। कि आखिरकार पहाड़ों के बीच किस तरह रंगमंच निर्माण के लिए लेआउट सहित अन्य प्रक्रिया को पूरा किया हालांकि जिम्मेदार पंचायत द्वारा प्रस्ताव कर कहीं भी बनाने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर ग्रामीणों के बैठक के लिए गांव पर छोटी बड़ी भवन तक नहीं है। ऐसे में ग्रामीण मंदिर से जुड़कर बने कथित रंगमंच पर बैठक किस तरह कर सकते हैं। मतलब ग्रामीणों की व्यवस्था को पूरी तरह अनदेखा कर तत्कालीन सरपंच सचिव ने मनमानी रवैया अपनाते पहाड़ के बीच मंदिर से जोड़कर रंगमंच बना दिया। जबकि उक्त मंदिर ट्रस्ट में लोगों के सहयोग से अच्छी तरह निर्माण किया जा रहा है। बावजूद इसके पूरे नियम कानून की धज्जियां उड़ा कर पहाड़ों के बीच मंदिर परिसर में रंगमंच बना दिया गया।

> मैंने 2 महीना पहले ही प्रभार लिया है रंगमंच का पहले जिस इंजीनियर ने मूल्यांकन किया उन्हीं के द्वारा ही फाइनल मूल्यांकन किया जाएगा
>
> **कौशल नेताम,** इंजीनियर

> रंगमंच का निर्माण कहां और किस जगह किया गया है इसकी जानकारी मुझे नहीं है लेकिन मुझे 112 रुपए बचत राशि बचाकर प्रभार लेने के समय दिया है
>
> **बैसाखी बाई,** सरपंच ग्राम पंचायत डोहेल

रोपाई चालू, लागत मूल्य में प्रति एकड़ 500 रुपए की हुई बढ़ोतरी

- **डीजल महंगा होने से रोटावेटर का किराया भी बढ़ा**

भाटापारा। रोपा पद्धति से धान की फसल लेने वाले किसानों को इस बार प्रति एकड़ रोपाई पर 500 रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं तो मताई के लिए ट्रैक्टर के उपयोग पर प्रति घंटा रुपए 100 रुपए का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। परंपरागत तैयारी करने वाले हल बैल के किराया में ?50 की तेजी आ चुकी है। यह शुरुआत का दौर है। जैसे ही पौधों के तैयार होने का क्रम बढ़ता जाएगा वैसे-वैसे यह दरें और बढ़ने की प्रबल आशंका है। धान बीज की कीमतें भले ही ना बढ़ी हो। रासायनिक उर्वरक की कीमतों में कमी आ चुकी हो लेकिन खेती के काम के लिए जरूरी मानव श्रम इस खरीफ सत्र में अच्छी खासी रकम खर्च करने के बाद ही उपलब्ध होगा। परंपरागत हल बैल की जगह ट्रैक्टर, रोटावेटर सहायता से रोपाई के लिए खेत तैयार करने पर भी किसानों को ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ रही है। इस में आने वाले दिनों में तेजी की पूरी संभावना है क्योंकि रोपाई का यह शुरुआती दौर है। दिनों के बढ़ने के बाद यह काम और ज्यादा विस्तार लेगा जिसके बाद इन सभी संसाधनों की उपलब्धता सीमित होती जाएगी। लिहाजा इस बार रोपा पद्धति से धान की फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ अच्छी खासी रकम खर्च करनी पड़ेगी।

इस सत्र में इस दर पर काम

चालू खरीफसत्र में खेती के काम को सबसे ज्यादा प्रभावित डीजल की कीमतों ने किया है। इसकी वजह से कृषि उपकरणों में सबसे सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण ट्रैक्टर से किया जाने वाला काम महंगा हो चुका है। पहली मार प्री -मानसून बारिश के बाद कल्टीवेशन चार्ज के रूप में पड़ी। इसमें 50 से 100 रुपए की तेजी आई। अब रोपाई के लिए खेत तैयार करने ट्रैक्टर या रोटावेटर उपयोग करने पर 800 रुपए प्रति घंटा की दर पर भुगतान करना पड़ रहा है। बीते बरस यही काम 700 रुपए प्रति घंटे की दर पर किया गया था। रोपाई के लिए मजदूरी दर बढ़ने के बाद प्रति एकड़ 3500 रुपए लिए जा रहे हैं। यह काम बीते सत्र में 3000 रुपए प्रति एकड़ पर किया गया था। हल बैल का उपयोग बंद नहीं हुआ है लेकिन कम जरूर हुआ है इसके बाद भी इस के किराए में 50 रुपए की तेजी आ चुकी है। बीते बरस इसके लिए 250 रुपए का भुगतान किया गया था लेकिन इस बार इसे किराए पर लेने के लिए 300 रुपए देने पड़ रहे हैं।

काम बढ़ने पर और बढ़ेंगी दरें

रोपाई के लिए हो रहे काम फिलहाल शुरुआत के दौर में हैं। जैसे-जैसे संख्या बढ़ेगी रोपाई का काम बढ़ेगा वैसे-वैसे इन सभी काम की दरो का बढ़ना निश्चित माना जा रहा है क्योंकि संसाधन की मात्रा काम बढ़ने के साथ-साथ कम होती जाएगी। समय हाथ से निकल ना पाए इसके लिए किसानों को इसी काम के लिए प्रति एकड़ भुगतान में 400 सौ रुपए और चुकाने के संकेत मिल रहे हैं।

बेहतर उत्पादन का रखें ध्यान

धान की रोपाई की स्थिति पर नजर रख रहे कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि धान के पौधों की उम्र इस समय 21 से 25 दिन के आसपास है इसलिए यह उम्र उनके रोपण के लिए उपयुक्त है। रोपाई के लिए दो पौधों के बीच की दूरी में मानक का ध्यान रखते हुए 10 से 15 सेंटीमीटर का अंतर जरूर रखें। पौधों की संख्या दो से तीन का होना मानक को पूरा करता है। शीघ्र, मध्यम और देर से तैयार होने वाली किस्मों में यह संख्या अनुपात में कम या ज्यादा की जा सकती है।

> रोपाई के लिए पौधों की उम्र बिल्कुल सही है। दो पौधों के रोपण के बीच जरूरी मानक के अनुसार अंतर का ध्यान रखने पर बेहतर उत्पादन की संभावना को बल मिलता है। इसी तरह पौधों की संख्या दो से तीन का होना सही माना गया है।
>
> **- डॉ एके सरावगी,** प्रोफेसर एंड हेड, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग सेंटर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर

अंक बढ़ाने के लिए विरोध करना हास्यास्पद : गोपाल साहू

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। पूरे देश में महंगाई, भ्रष्टाचार पुरे चरम पर हैऔर जिसके कारण अफरा-तफरी से त्रस्त एवं परेशान लोग जहां एक ओर पेट्रोलियम पदार्थों के बेहिसाब मूल्य वृद्धि से जनता त्रस्त हैं जिसके कारण जनहित में प्रदेश भर में इसका विरोध प्रदर्शन एवं धरना कांग्रेस कार्यकर्ताओ के द्वारा किया गया जिसका पुरजोर समर्थन जनता ने किया तो विरोधी दल के कुछ कार्यकर्त्ता अपना अंक बढ़ाने कांग्रेस के खिलाफ बोल रहे है।जिला कांग्रेस के संयुक्त महामन्त्री डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने विपक्ष के कृत्य की निंदा की है।

डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा की केंद्र सरकार के खिलाफकांग्रेस के धरना प्रदर्शन से विपक्ष कुछ नेता आजकल खाना पूर्ति के लिए केवल विरोध दिखाने के लिए विरोध कर रहे हैं जब भाजपा की सरकार थी और स्वयं किसी पद में आरुढ थे तब तो कभी कोई बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। जबकि सच्चाई इसके उलट है, यदि हमारे साथी यह बताने में अपना अधिकार समझते हैं कि वैट टैक्स प्रदेश सरकार क्यों नहीं माफ कर देती? तो मैं कहना चाहूंगा कि कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो कीमत आज है वह अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर है। साथ ही नान घोटाले और धान घोटाले के बारे में अपनी प्रतिक्रिया क्यों नहीं देते? जबकि हमारे 9 सांसद जो केवल खानापूर्ति के लिए दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आज तक ना कोई एक बयान आया है ना हीं इन सांसदों का प्रतिनिधिमंडल इस विषय पर प्रधानमंत्री ,वित्त मंत्री अथवा पेट्रोलियम मंत्री से मिले हैं*।

डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने अपने क्षेत्र के संबंध में कहा कि डीजल पेट्रोल के मूल्य वृद्धि के संबंध में भाजपा के नेतागणों के विधवा विलाप करने से बेहतर है कि प्रदेश में हो रहे आंदोलन ,धरना ,प्रदर्शन का समर्थन करें और छत्तीसगढ़ की जनता का हित करें। अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए केवल विरोध के नाम पर ही विरोध करना उचित नहीं होगा। क्योंकि उनके द्वारा कहा जा रहा है कि इस समय कोरोना संकट और युद्ध जैसे हालात है, जबकि कोरोना तो इन्ही के द्वारा नमस्ते ट्रंप से लाया गया है और युद्ध जैसे हालात जानबूझकर पैदा किया जा रहा है। क्योंकि परस्पर विरोधी बयानों से विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय विशेषकर प्रधानमंत्री कार्यालय इनमें से किसी एक का बयान दूसरे के बयान से मेल नहीं खाता, तो देश यह जानना चाहता है कि आखिर इस तरह से देश चलाना देशवाशियों के साथ धोखाधड़ी है या फिर देशभक्ति, हमारे मित्रगण बताएं और यह स्पष्ट करें कि मोदी जी कैसे कठिनाइयों के बावजूद देश की सेवा करने में सफल हुए हैं। जबकि पिछ्ले 6 सालों में एक भी बड़ा प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया गया है ना ही शिलान्यास किया गया है तो विकास कैसे पैदा होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विवि संशोधन बिल पर आयोग...

की समस्याओं का जमीनी स्तर पर निराकरण हो। राज्यपाल ने कहा कि हम सबका उद्देश्य छत्तीसगढ़ का विकास करना है। इसके लिए जनहित में कार्य किया जाना चाहिए और जन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री को तैयारी करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कृषि मंत्री श्री चौबे से कहा कि उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करें। वन मंत्री अकबर ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों से संबंधित विषयों का जल्द समाधान कर लिया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

कवर्धा: राइस मिल के दो...

दिखाकर 71 लाख 57 हजार रुपए लूट लिए। उल्लेखनीय है कि सबेरे लगभग 8.10 बजे मनोज कश्यप पिता लाला कश्यप उम्र 31 वर्ष और पारश यादव पिता मोहन यादव उम्र 35 वर्ष ने मुन्ना अग्रवाल उक्त राशि लेकर प्लेटिना वाहन से कवर्धा से बिलासपुर के लिए निकले थे। ग्राम जंगलपुर से करीब एक किलोमीटर आगे इनकी वाहन के सामने से आ रही पैशन बाईक रूकी, जिसमें एक व्यक्ति लाल रंग की शर्ट पहना था, ने आंख में मिर्ची फेंक कर और पिस्तौल दिखाकर बोरी में रखे रकम को लेकर भाग गया। एक अन्य व्यक्ति एक्टिवा वाहन में था। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कवर्धा-बिलासपुर मार्ग पर लुट के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस वारदात के संज्ञान में आते ही तत्काल संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को दूरभाष पर चर्चाकर लुटेरे को पकड़ने के लिए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

जंगली फुटू खाकर...

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी। इसी दौरान जग्गावरम कोलाईगुडा इलाके में मलेरिया की जांच करने निकली डॉ. मुकेश बख्शी व उनकी टीम को सूचना दी गई। टीम ने तुरंत प्राथमिक उपचार किया। खेतों में बेहोश पड़े लोगों को ग्रामीणों ने खाट के जरिए गांव तक लाया।

अपराध के विकास पर...

पुलिस भी सक्रिय हुयी और उसे तथा उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे जहां पूछताछ की जा रही है, वहीं उत्तरप्रदेश पुलिस का दल भी उज्जैन के लिए रवाना हो गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उसने महाकाल मंदिर क्षेत्र से भागने की कोशिश भी की, लेकिन वहां मौजूद सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे ऐसा करने से रोक दिया।

विकास की गिरफ्तारी ने...

उन्होंने कहा कि तीन महीने पुराने पत्र पर 'नो एक्शन' और कुख्यात अपराधियों की सूची में 'विकास' का नाम न होना बताता है कि इस मामले के तार दूर तक जुड़े हैं।

पिता व भाई समेत...

उनके पिता तथा उनके भाई की आतंकवादियों ने बुधवार की रात नजदीक से गोली मार कर हत्या कर दी थी।

मजदूरों की बदहाली...

तथा उसे ठीक करने का प्रयास करना राज्य सरकार का दायित्व होता है। न्यायमूर्ति भूषण ने कहा कि यह महाराष्ट्र सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह विस्तृत हलफनामा दायर करके न्यायालय को प्रवासी मजदूरों से संबंधित वास्तविक मुद्दों से अवगत करायें। न्यायालय ने इसके बाद मामले की सुनवाई अगले शुक्रवार (17 जुलाई) तक के लिए स्थगित कर दी।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी टाटीबंध रायपुर में निर्मित ढांचा योजना में से भवन/ढांचा-387 में श्री देवेन्वदर सिंग पिता श्री स्व. भगवान सिंग को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 16.08.2007 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 4.4.2017 को हो जाने के कारण श्रीमती मनजीत कौर पति श्री स्व. देवेन्दर सिंग द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (1) गुरजीत सिंग (2) अमन सिंग दोनों के पित स्व. देवेन्दर सिंग) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती मनजीत कौर पति श्री स्व. देवेन्दर सिंग के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 23/2020-2021
वार्ड का नाम- तात्यापारा-37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि तात्यापारा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/भैंसथान एरिया जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सावित्री बाई पति छबीलदास अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती रविन्द्र अग्रवाल पिता स्व. छबीलदास अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 36/2020-21
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-47 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 47/ 784 भार्गवराज सिविल लाईन के पास जो कि निगम अभिलेख में श्री संजय खमारी पिता स्व. रामेश्वर खमारी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नरेन्द्र कुमार यादव पिता श्री ब्रम्हदेव यादव ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक-5
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.43/20-21 दि. 7.7.20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प. दीन दयाल उपाध्याय नगर वार्ड क्र. 69/41 स्थित भवन A-204 जो कि निगम अभिलेख में श्री कमलजीत सिंह गुम्बर s/o गुरुचरण सिंह गुम्बर के नाम से दर्ज है जिसको श्री अब्दुल इरफान सिद्धकी s/o अब्दुल सलीम ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 36/2020-21
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-47 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 47/ बी-4 पंचशील नगर के पास जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती कैलाश शर्मा w/o स्व.श्री मदनलाल शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री चन्द्रशेखर शर्मा -स्व. श्री मदनलाल शर्मा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 01/2020-21
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद- 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ मारूति रेसीडेन्सी गेट 02 के पास के पास जो कि निगम अभिलेख में श्री संतोष कुमार सिंह s/o स्व. दीनानाथ सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सुनील कुमार सिंह s/o स्व. दीनानाथ सिंह ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 01/2020-21
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद- 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ख.नं. 275/10 का भाग के पास जो कि निगम अभिलेख में श्री सुनील कुमार सिंह s/o दीनानाथ सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संतोष कुमार सिंह s/o दीनानाथ सिंह ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No.-07749-222370, Email Id: ee-res.balod@gov.in

मैनुअल पद्धति क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) सूचना

क्रमांक/5/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2020-21 बालोद, दिनांक 8.7.2020

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद/ गुण्डरदेही ग्रुप (अ), (ब), (स), (द) एवं (ई) निविदा हेतु मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 1.6.2015 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 15.4.2010 से प्रचलित एवं प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 7.2.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक 27.7.2020 को अपरान्ह 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 28.7.2020 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रु. 20.00 लाख (प्रति ग्रुप)
(2) अमानत राशि रु. 15000.00 (प्रति ग्रुप)
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750.00 (प्रति ग्रुप)

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.as.px या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 10.07.2020 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-82235/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- बालोद

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक - 09
मोवा थाना के पास स्थित सामुदायिक भवन
E-mail : rmczone 9@gmail.com

क्रमांक/37/न.पा.नि./जोन क्र.. 09/2020 रायपुर, दिनांक 09/07/2020

// निविदा संशोधन सूचना //

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 03/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2020 रायपुर, दिनांक 21.06.2020 में कार्य क्रमांक 04 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। निविदा की शेष कार्य एवं शर्तें यथावत रहेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक - 9
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
Fax No.-07786-242230 Email-cmokondagaon.2010@rediffmail.com

// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/673/लो.नि.शा./2020 कोण्डागांव, दिनांक 09/07/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से नगरपालिका परिषद कोण्डागांव द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	स्टेशनरी सामग्री क्रय एवं प्रिंटिंग सामग्री छपाई	13.00	25.07.2020
2	फ्लैक्स छपाई कार्य	05.00	25.07.2020
3	टेन्ट व्यवस्था	10.00	25.07.2020
4	सबमर्सिबल मोटर पंप, पैनल बोर्ड मरम्मत कार्य 1 एचपी से 5 एचपी तक	07.00	25.07.2020
5	सबमर्सिबल मोटर पंप, पैनल बोर्ड मरम्मत कार्य, 7 1/2 एचपी/ 5 एचपी,ओपन वेल, 40 एचपी मोनोब्लॉक मरम्मत कार्य	07.00	25.07.2020
6	लोक निर्माण शाखा से संबंधित वार्षिक मरम्मत सामग्री	10.00	25.07.2020
7	वाहन मरम्मत हेतु वार्षिक निविदा	10.00	25.07.2020

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस में सूचना फलक पर देखी जा सकती है एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

हास्य अभिनेता जगदीप जाफरी का निधन

शोले के 'सूरमा भोपाली' बॉलीवुड के हास्य अभिनेता जगदीप जाफ्री का बुधवार रात निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। अपने हास्य अभिनय से लाखों फिल्म प्रेमियों के चहेते जगदीप ने शोले फिल्म में शूरमा भोपाली की भूमिका से अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफ्री था। मध्यप्रदेश के दतिया में 29 मार्च 1939 को जन्मे जगदीप को अपने अभिनय के लिए आइफा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी मिला था। जगदीप ने 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था लेकिन शोले फिल्म में 'सूरमा भोपाली' की भूमिका से उन्हें बड़ी शोहरत मिली। जगदीप ने फिल्मी सफर 1951 में शुरु किया था।

जगदीप ने जावेद अख्तर से सीखी थी भोपाली भाषा

मुंबई (वार्ता)। फिल्म 'शोले' में निभाये किरदार 'सूरमा भोपाली' के जरिये खास पहचान बनाने वाले हास्य अभिनेता जगदीप ने भोपाली भाषा सुप्रसिद्ध गीतकार-शायर जावेद अख्तर से सीखी थी। वर्ष 1975 में प्रदर्शित रमेश सिप्पी निर्देशित फिल्म 'शोले' में जगदीप ने 'सूरमा भोपाली' का किरदार निभाया, जो उनकी पहचान बन गया। फिल्म 'शोले' में जगदीप का बोला गया संवाद 'हमारा नाम सुरमा भोपाली ऐसई नई हे' काफी मशहूर हुआ। आज भी फैन्स के बीच जगदीप सूरमा भोपाली के नाम से मशहूर हैं। इस किरदार की कहानी भी बड़ी रोचक है।

जगदीप ने एक बार बताया था, वह फिल्म 'सरहदी लुटेरा' में एक कॉमेडियन के तौर पर काम कर रहे थे। फिल्म में सलमान खान के पिता सलीम खान हीरो थे। फिल्म में जगदीप के डायलॉग काफी बड़े थे और वह इस बात को लेकर वह फिल्म निर्देशक के पास पहुंचे और कहा मेरे डायलॉग बहुत बड़े हैं, तो उन्होंने कहा जाओ जाकर जावेद को बताओ। फिर वह जावेद के पास पहुंचे। जावेद अख्तर जो फिल्म में क्लैपर बॉय थे उन्होंने डायलॉग को छोटा कर दिया। जावेद के इस काम से जगदीप काफी प्रभावित हुए और उन्होंने कहा, कमाल है यार, तुम तो बहुत अच्छे रायटर हो। इसके बाद जगदीप और जावेद एक शाम साथ बैठे थे। किस्से, कहानियां और शायरियों का दौर चल रहा था, तभी जावेद ने कहा ,क्या जाने, किधर कहां-कहां से आ जाते हैं' तो जगदीप ने कहा ये क्या है और कहां से ले आए हो। इस पर जावेद ने कहा कि ये भोपाल का लहजा है। जगदीप ने पूछा कि यहां भोपाल से कौन है। मैंने तो ये लाइन किसी से नहीं सुनी, तो जावेद ने कहा कि ये भोपाल की औरतों का लहजा है, वे इसी लहजे में बात करती हैं, इस पर जगदीप ने जावेद से कहा कि मुझे ये भाषा सिखाओ। रमेश सिप्पी जब फिल्म शोले' बना रहे थे तब उन्होने जगदीप को फोन किया उनके लिए इस फिल्म में एक रोल है और फिर यहीं से शुरू हुआ 'सूरमा भोपाली' का सिलसिला, और लोग जगदीप को उनके असली नाम से कम और 'सूरमा भोपाली' के नाम से ज्यादा जानने लगे।

जगदीप के निधन पर बॉलीवुड सितारों ने जताया शोक

मुंबई (वार्ता)। अपने कॉमिक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले दिग्गज अभिनेता जगदीप के निधन पर बॉलीवुड के सितारों ने शोक व्यक्त किया है। जगदीप के निधन पर पूरे सिनेमा जगत में शोक की लहर छा गयी है। बॉलीवुड फिल्म सितारों ने सोशल मीडिया पर जगदीप के निधन पर श्रद्धांजलि दी है।

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने ट्वीट करते हुए लिखा, ÷जगदीप साहब के निधन का दुखद समाचार सुना। हमेशा उन्हें स्क्रीन पर देखने का आनंद लिया। उन्होंने दर्शकों को बहुत आनंद दिया। जावेद और परिवार के सभी सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। जगदीप साहब की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना। मनोज बाजपेयी ने जगदीप को याद करते हुए लिखा, ÷आरआईपी! धन्यवाद उन तमाम यादों के लिए जो मैंने बचपन में आपकी फिल्में और प्रदर्शन देखकर प्राप्त की थी ! आप हम सबके द्वारा हमेशा याद किए जाओगे !! परिवार के प्रति संवेदना। अनुपम खेर ने ट्वीट कर कहा, ÷एक और सितारा ज़मीन से आसमान में जा पहुँचा। जगदीप साब हिंदी फ़िल्म जगत के एक बहुत ही बेहतरीन कलाकार थे। एक हास्य अभिनेता के नाते उनका कोई सानी नहीं था। एक पार्टी में बहुत साल पहले उन्होंने मुझसे कहा था,÷बरखुरदार ! हंसना आसान है, हंसाना बहुत मुश्किल है!



जगदीप के निधन से एक और नगीना खो दिया : अमिताभ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने हास्य अभिनेता जगदीप के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री एक और नगीना खो दिया है।

हास्य की दुनिया के बेताज बादशाह जगदीप ने 08 जुलाई 2020 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जगदीप के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गयी है। अमिताभ ने जगदीप को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी है। महानायक ने ब्लॉग में लिखा, ÷बीती रात हमने एक और नगीना खो दिया। जगदीप... कॉमेडी में अद्भुत काबिलियत रखने वाले, गुज़र गये। अदाकारी का उनका विलक्षण अंदाज़ था। मुझे कई फ़िल्मों में उनके साथ काम करने का सम्मान हासिल हुआ। दर्शकों की नज़रों में जो प्रमुख हैं, उनमें शोले और शहंशाह शामिल हैं।

सोफी न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोफी डिवाइन को महिला क्रिकेट टीम की स्थायी कप्तान नियुक्त किया है। वह एमी सैटर्थवेट की जगह लेंगी जो 2019 के आखिर में मातृत्व अवकाश पर गई हैं।

वेलिंगटन (वार्ता)। सैटर्थवेट अवकाश से आने के बाद उपकप्तान की भूमिका संभालेंगी। 30 वर्षीय डिवाइन को इस वर्ष जनवरी में हुए महिला विश्वकप में कप्तान बनाया गया था। डिवाइन ने यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर आभार व्यक्त किया और सैटर्थवेट के साथ एक मजबूत नेतृत्व कौशल दिखाने की बात कही है।

डिवाइन ने कहा, न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी मिलना एक बड़ा सम्मान है। मैंने पिछले सत्र में कप्तान के रूप में पूरा आनंद लिया। यह कई बार परिणामों के लिहाज से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं एमी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। उनके पास क्रिकेट की अद्भुत समझ है और मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह से टीम संयोजन कर एक मजबूत साझेदारी बना सकते हैं। डिवाइन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनी थीं। पिछले वर्ष महिला बिग बैश लीग में भी उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा था। उन्होंने 130.33 के स्ट्राइक रेट से 769 रन बनाए थे और 19 विकेट भी लिये थे। उन्होंने न्यूजीलैंड की तरफ से 105 वनडे और 91 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

मुख्य कोच बॉब कॉर्टर ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा, ÷सोफी एक मजबूत लीडर हैं। उनकी अपनी शैली है और वह जानती हैं कि वह खुद से और टीम से क्या उम्मीद रखती हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷एमी मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली हैं और वह तेजी से सुधार कर रही हैं। सोफी के साथ उनका काम करने का अनुभव टीम को फायदा पहुंचा सकता है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बाद न्यूजीलैंड का पहली सीरीज सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्धारित है जहां टीम तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलेगी।

राष्ट्रमंडल खेल गांव में कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रमंडल खेल गांव में दिल्ली सरकार की तरफ से बनाए गए 500 बेड के कोविड केयर सेंटर को शुरू किया गया है जिसमें गुरूवार से मरीजों को इलाज के लिए भेजा जाएगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस कोविड केयर सेंटर का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। केजरीवाल ने इस सेंटर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि राष्ट्रमंडल खेल गांव में 500 बेड के कोविड केयर सेंटर का जनता को लोकार्पण करते हुए उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्हें इस बात की ज्यादा खुशी है कि जिला प्रशासन के अथक प्रयास से यह सेंटर मात्र छह दिन के अंदर बन कर तैयार हुआ है। इसे एलएनजेपी अस्पताल से अटैच किया गया है।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राष्ट्रमंडल खेल गांव में बने कोविड केयर सेंटर का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया। सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि पूर्वी दिल्ली में सरकार का 500 बेड का शानदार कोविड अस्पताल केवल छह दिन में बन कर तैयार हो गया है। कल से इसमें मरीज भेजने शुरू किए जाएंगे।

रोहित शार्ट गेंदों को भी आसानी से खेलते हैं: जोश हेजलवुड

नई दिल्ली (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा शार्ट गेंदों को बेहद आसानी से खेलने की क्षमता रखते हैं। हेजलवुड ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷उनमें (रोहित) बहुत सारे गुण हैं। मुझे लगता है कि वह बहुत आसानी से खेलते हैं, विशेष रूप से बैक ऑफ लेंग्थ गेंद को, शार्ट गेंद पर भी वह आसानी से बड़े शॉट लगा लेते हैं। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें वह बेहतर होते जा रहे हैं। मुझे लगता है कि वह गेंद को जोर से मारना नहीं चाहते, उनके खेलने का अंदाज पूरी तरह क्लासिक और दर्शनीय है। उनका रिकार्ड, विशेष रूप से सीमित ओवर क्रिकेट में असाधारण है। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने कहा कि रोहित जैसे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क और पैट कमिन्स जैसे अच्छे गेंदबाजों को भी परेशान कर देते हैं और महसूस कराते हैं कि उनकी गेंदबाजी बहुत साधारण है।

महिला विश्व कप फुटबॉल के एक साल पूरे होने पर होगी ऑनलाइन चर्चा

ज्यूरिख (वार्ता)। फीफा पिछले फ्रांस में हुये महिला फुटबॉल विश्व कप के एक साल पूरे होने के अवसर पर महिलाओं के लिए फुटबॉल के खेल में हुये विकास को लेकर विश्व के शीर्ष कोच और विशेषज्ञों के साथ गुरूवार को ऑनलाइन चर्चा करेगा।

फीफा इस ऑनलाइन बैठक की मेजबानी कर रहा है और इस दौरान फीफा महिला विश्व कप फ्रांस 2019 की तरफ से हाल ही में प्रकाशित फीजिकल अनेलिसिस रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं पर भी चर्चा होगी। बैठक में विश्व के शीर्ष कोच और विशेषज्ञ इस रिपोर्ट तैयार करने वाले लोगों के साथ जुड़ेंगे और इस बात पर चर्चा करेंगे कि फुटबॉल के विकास में इस टूर्नामेंट का क्या मतलब था और भविष्य में महिलाओं के खेल के सामरिक और तकनीकी विकास के लिए इस टूर्नामेंट का क्या अर्थ है।

कोरोना के कारण जापान ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट रद्द

टोक्यो (वार्ता)। जापान ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट को कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के कारण रद्द कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने इसकी घोषणा की है। आईटीटीएफ ने एक बयान में कहा, आईटीटीएफ और जापान टेबल टेनिस संघ (जेटीटीए) वर्ष के अंत तक टूर्नामेंट के लिए नई उपयुक्त तारीखें तय करने को लेकर साथ मिलकर काम कर रहे थे।

117 दिन बाद लौटे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर पड़ी वर्षा की मार

कोरोना वायरस के कारण 117 दिन तक बंद रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के बीच पहले टेस्ट से वापसी हुई लेकिन इस पर भी वर्षा की मार पड़ गयी। इंग्लैंड ने वर्षा और खराब रौशनी से बाधित पहले दिन मात्र 17.4 ओवर के खेल में एक विकेट खोकर 35 रन बनाये।

साउथम्पटन (वार्ता)। दर्शकों के बिना खेले जा रहे इस टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टॉस में बारिश के कारण विलम्ब हुआ था और पहले सत्र का खेल धुल गया और लंच थोड़ा जल्दी ले लिया गया। चायकाल से पहले खराब रौशनी के कारण खेल रोका गया और चायकाल जल्दी ले लिया गया लेकिन चायकाल के बाद बारिश हुई और फिर खेल संभव नहीं हो पाया। दिन भर में सिर्फ 82 मिनट और 106 गेंदों का खेल हुआ। इस टेस्ट मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की 117 दिनों के लम्बे अंतराल के बाद वापसी हुई है जो कोरोना के कहर के कारण मार्च के मध्य से बंद था। लेकिन वर्षा और खराब रौशनी ने खेल की वापसी का मजा खराब कर दिया। टॉस होने से पहले ही बारिश शुरू हो गयी थी जिससे दोनों कप्तान मैदान में टॉस के लिए नहीं उतर सके थे । लंच के बाद टॉस हुआ और इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में खराब रौशनी के कारण खेल रोके जाने तक 17.4 ओवर में एक विकेट खोकर 35 रन बना लिए हैं। खेल रुकने के कारण चायकाल पहले ले लिया गया।

डोमिनिक सिब्ली दूसरे ही ओवर में खाता खोले बिना आउट हो गए। सिब्ली को शैनन गेब्रियल ने बोल्ड किया। रोरी बर्न्स और जो डेनली ने इसके बाद धीमी बल्लेबाजी करते हुए स्कोर 35 रन तक पहुंचाया लेकिन खराब रौशनी से खेल बाधित हो गया। चायकाल के समय बर्न्स 55 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 20 रन और डेनली 48 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 14 रन बनाकर क्रीज पर थे। चायकाल के बाद बारिश फिर शुरू हो गयी जिसने खेल की वापसी नहीं होने दी।

वेस्ट इंडीज ने इस दौरान चार तेज गेंदबाजों गेब्रियल, केमार रोच, अल्जारी जोसफ और कप्तान जैसन होल्डर का इस्तेमाल किया जिसमें सिर्फ गेब्रियल को सफलता हाथ लगी। विंडीज के चारों तेज गेंदबाजों ने सटीक प्रदर्शन किया और इंग्लिश बल्लेबाजों को लगातार दबाव में रखा। बर्न्स और डेनली ने भी संघर्ष करते हुए अपने विकेट बचाये रखे।

इस मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं :

इंग्लैंड : रोरी बर्न्स, डोमिनिक सिब्ली, जो डेनली, जैक क्राउली , बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, जोस बटलर (विकेटकीपर), डोमिनिक बेस, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन

वेस्ट इंडीज : जॉन कैम्पबेल, क्रैग ब्रैथवेट, शामरह ब्रुक्स, शाई होप, रोस्टन चेज, जर्मेन ब्लैकवुड, शेन डावरिच (विकेटकीपर), जैसन होल्डर (कप्तान), अल्ज़ारी जोसफ, केमार रोच, शैनन गेब्रियल।

सीएजी ने बीसीसीआई की सर्वोच्च परिषद से बाहर होने की अनुमति मांगी

नई दिल्ली (वार्ता)। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दायर करके भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सर्वोच्च परिषद तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद से बाहर होने की अनुमति मांगी है। सीएजी ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से 18 जुलाई, 2016 के आदेश में संशोधन करने की गुहार लगायी है, जिसमें शीर्ष अदालत ने बीसीसीआई की सर्वोच्च परिषद और आईपीएल की संचालन परिषद में सीएजी के एक सदस्य को शामिल करने के न्यायमूर्ति आर एम लोढा की सिफारिश पर अपनी मोहर लगायी थी। सीएजी ने कहा है कि न्यायालय अपने आदेश में संशोधन करके उसके सदस्य को बोर्ड की सर्वोच्च परिषद और आईपीएल की संचालन परिषद से बाहर आने की अनुमति प्रदान करे। सीएजी ने हालांकि यह स्पष्ट किया है कि वह वार्षिक या द्विवार्षिक तौर पर बीसीसीआई और राज्य क्रिकेट संघों के वित्तीय, नियमों पर अमल एवं प्रदर्शन संबंधी अंकेक्षण करते रहेंगे।

न्यूज गैलरी

30 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

महासमुन्द। पुलिस अधीक्षक महोदय महासमुंद श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमति मेघा टेमभुलकर तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री विकास कुमार पाटले के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार अवैध जुआ,शराब पर लगातार नजर रखी जा रही है एवं सतत कार्यवाही किया जा रहा है कि दिनांक 08/07/2020 को अवैध शराब रखने एवं बिक्री की सूचना पर आरोपी नरेश मुन्ना चौहान पिता रूपधर चौहान उम्र 40 साल निवासी बाराडोली के कब्जे से एक 30 लीटर क्षमता वाली हरे रंग के प्लास्टिक जरकिन में 20 लीटर, एक 05 लीटर क्षमता वाली सफेद प्लास्टिक जरकिन में 05 लीटर व एक 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग के प्लास्टिक जरकिन में भरा 05 लीटर महुआ शराब जुमला 30 लीटर महुआ शराब कीमती 3,000 रू0 को ज़ब्त कर थाना सरायपाली में अपराध क्रमाक 246/2020 धारा 34(2)आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

इलाज के दौरान किशोरी की मौत

महासमुंद। बागबाहरा के ग्राम सोनदादर में जलने से घायल हुई किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कु लक्ष्मी पिता मंगलूराम (16) आग में जलकर घायल हो गई थी। उपचार के लिए उसे रायपुर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

युवक ने फांसी लगाई

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कुंदन पटेल पिता दयाराम पटेल (28) ने अज्ञात कारणों से गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

गाली देने की बात पर मारपीट

महासमुंद। गाली देने की बात पर युवक की पिटाई कर दी। दीनदयाल दीवान ने पुलिस को बताया कि बुंदेली निवासी ईश्वर दीवान और खामसिंह दीवान ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान में शराब पिलाते पकड़ाया

महासमुंद। बसना पुलिस ने एक युवक को दुकान में शराब पिलाते हुए पकड़ा। जानकारी के मुताबिक निर्मल देवांगन (38) अपनी दुकान में लोगों को शराब पिलाने की सुविधा दे रहा था। पुलिस ने उन्हेंपकड़ लिया और दुकान से एक पौव्वा देशी प्लेन शराब जब्त कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट 36 च के तहत कार्रवाई की।

सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

महासमुंद। बागबाहरा के वार्ड 11 फुलवारी कला निवासी संतलाल सुरमणी के घर से 15 हजार रुपए नगद, सोना व कपड़ों की चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार संतलाल सुरमणी नगदी सहित उक्त सभी सामान एक काले रंग के बैग में डालकर घर में रखा था, 7 जुलाई की सुबह साढ़े आठ बजे जब वह अपने परिवार के साथ बियासी धान की चलाई करने कसहीबाहरा गया था तभी चोरी हो गई। प्रार्थी ने बताया कि उसने घर के बाहर गेट में ताला लगाया था, करीब 10 बजे बिजली मिस्त्री से लाइन फिटिंग कराने घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में जाकर देखा तो उक्त काले रंग के बैग से गहने और नगदी गायब था।

कांपा के चपरासी को हटाया गया

महासमुंद। ग्राम पंचायत कांपा में नियुक्त चपरासी को अंततः हटा दिया गया। दुर्व्यवहार से त्रस्त महिला पंचों ने इस्तीफा देने की चेतावनी देते हुए विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर चपरासी को हटाने की मांग की थी। जिस पर बुधवार को चपरासी तारेण सोनी को हटा दिया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कांपा की पंच शकीला बानो, शकीना बानो, नूतन बंजारे, कल्याणी दुबे, हुमन दुबे सहित ग्रामीण इदरीश खान, तब्रेज अली, चुनेश दुबे आदि ने विधायक निवास पहुंचकर विधायक चंद्राकर से मुलाकात कर बताया था कि यहां नियुक्त चपरासी तारेन सोनी द्वारा महिला पंचों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

अनाचार का फरार आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

महासमुंद। पिछले दो महीने से फरार पॉक्सो एक्ट के आरोपी शिक्षक को पिथौरा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पकडने पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. पुलिस के मुताबिक पिथौरा के लाखागढ़ निवासी आरोपी हेमेन्द्र कुमार यदु पिता स्व.परदेसी राम यदु 39 वर्ष के खिलाफ धारा 354, 294, 323 भादवि एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज है जो पिछले दो माह से फरार था। पुलिस की लंबी कोशिश के बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन के मनीष अध्यक्ष

महासमुंद। इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन की बैठक बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन का गठन करते हुए पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें मनीष शर्मा को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष और भरत चंद्राकर को उपाध्यक्ष चुना गया, सचिव पद पर अभय मालू, पूर्णेन्द्र चंद्राकर, एवं अशोक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सीएम भूपेश बघेल से चर्चा कर गदगद हुए बुजुर्ग

- **वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों का मुख्यमंत्री ने हाल जाना**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आत्मीय चर्चा कर मीराबाई और दुलाई बाई गदगद हुए। जब उन्हें पता चला कि मुख्यमंत्री श्री बघेल उनसे बात कर उनका हाल जानने वाले है, तब से वे उत्साहित थे। आज दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में वृद्धाश्रमों में रह रहे वृद्धजनों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस कड़ी में गरियाबंद विकासखण्ड स्थित ग्राम भिलाई में सियान सेवा सदन में रह रहे वृद्धजनों से भी बात की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सर्वप्रथम मीराबाई साहू से आत्मीय चर्चा किया। उन्होंने उनका स्वास्थ्य, खान-पान, साफ-सफाई और समस्या से संबंधित सवाल पुछे। इस पर श्रीमती मीराबाई ने कहा कि वे यहां पारिवारिक माहौल में अच्छे से रह रही है। उन्हें सुबह नास्ता, दोपहर भोजन, चाय और रात में भी भोजन मिलता है। हर सप्ताह डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता है। सीएम श्री बघेल ने दुलारी बाई नायक से भी हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी सेवा भाव से कार्य करते है। नर्स द्वारा प्रतिदिन स्वास्थ्य संबंधी देखरेख किया जाता है। उन्होंने भी यहां की व्यवस्था को सराहा। मुख्यमंत्री ने सभी वृद्धजनों को सेनिटाइजर का उपयोग करने, मास्क लगाने और सफाई की अच्छी व्यवस्था करने का आग्रह किया। वृद्धजनों ने बताया कि वे प्रतिदिन भोजन से पहले साबुन से हाथ धोते है तथा सेनिटाइजर और मास्क की व्यवस्था की गई है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्राप्त इस संस्था को प्रेरक स्वयं सेवी संगठन द्वारा संचालित किया जाता है। संस्था के संचालक श्री रामगुलाम सिन्हा ने बताया कि यहां कुल 23 वृद्धजन रहते हैं। इन्हें शासन के दिशा निर्देश के अनुरूप नियमित तौर पर स्वास्थ्य चेकअप और दवाई भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नरेन्द्र देवांगन, आदित्य लाम्बे एवं संस्था के कर्मचारी मौजूद थे।

गौठानों में मवेशी, खेतों में हरियाली, रोका-छेका की यही कहानी

- **रोका-छेका की कारगर व्यवस्था से अब किसान और पशुपालक निश्चिंत**

गरियाबंद। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा जब से परंपरागत रोका-छेका व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया गया तब से गांव-गांव में रोका-छेका अभियान को पहले से बेहतर और मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण जुट गए हैं। गांव के सरपंच से लेकर किसान और महिला समूह द्वारा इस परंपरागत व्यवस्था को फिर से लागू करने की पहल की सराहना की गई। आज जब यह अभियान गांव गांव में चलाया जा रहा है इसका असर किसानों के खेतों में दिखने लगा है, बरसात आते ही जब खेतों में हरियाली छा जाती है तब मवेशी हरा चारा के लालच में अपने घरों से सीधे खेतों की ओर दौड़ते हैं, तब उन्हें छेकना पशुपालकों के लिए सिरदर्द बन जाता है। किसान भी अपने फसल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो जाते है। लेकिन रोका-छेका अभियान के चलते अब जहां किसान और पशुपालक निश्चिंत नजर आ रहे हैं वही खेतों में फसल की हरियाली चहुंओर दिखाई देना शुरू हो गया है। अब खेतों में मवेशी चरते नहीं दिखाई देते हैं बल्कि आदर्श गौठानों में या फिर अपने परंपरागत गौठानो में इकट्ठे दिखते हैं। इसका असर खेतो में भी दिख रहा है।

गरियाबंद विकासखंड के ग्राम मरोदा के यह व्यवस्था जब से लागू की गई है तब से खेतों में हरियाली दिखाई दे रही है ग्राम के युवा सरपंच श्री अभिमन्यु ध्रुव बताते हैं कि एक तो हमारे गांव में यह परंपरा पहले से था, लेकिन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर अब यह व्यवस्था को लागू करने में हमें आसानी हो रही है। पहले कुछ पशुपालकों द्वारा ऐतराज जताया जाता था। इससे कई बार मनमुटाव भी हो जाता था लेकिन अब व्यवस्था लागू होने से यह समस्या भी दूर हो गई। हमने गांव में इस संबंध में दो बार बैठक कर ली है और गांव के उत्साही युवकों द्वारा इस अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग दिया जा रहा है। फिलहाल हम धान खरीदी मंडी में अस्थाई तौर पर पशुओं को रख रहे हैं। वही गांव के किसान श्री पदुम सिंह ने भी बताया की अब किसान अपने खेतों में बेफिक्र होकर खेती किसानी में जुटे है। एक तरफ हमें फसल के चराई की चिंता से मुक्ति मिली है वही हमारे पशु भी अब सुरक्षित हैं। गांव के अन्य किसान ने बताया की अब गांव में बोनी लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। गांव के ही युवक गजेन्द्र पुजारी, पवन बीसेन, जगदीश देव ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस अभियान के लिए हम लोग स्वयं रोका-छेका करते हैं। पंचायत के तरफ से भी हमें पूरा सहयोग मिलता है। ग्राम पंचायत के सचिव ने बताया कि गांव में लगभग 300 मवेशी है जिसे रोकने के लिए अस्थाई रूप से जगह का चयन किया गया है।

सावन माह लगते ही घर के मुख्य द्वार पर गोबर से बनाया गया पुतला

खरोरा। सावन का महीना लगते ही ग्रामीण अंचल में सावनाही त्योहार शुरू हो गया है । ग्रामीणों में मान्यता है कि गांव के मुख्य दरवाजे की दीवार पर गौ माता के गोबर से ग्रामीण सावन के पुतले बनाते हैं ताकि अपशगुन को घरों में प्रवेश न करे। वही गांव की देवी महामाया मंदिर में गांव वालों द्वारा माता पहुंचनी का त्यौहार मना कर गांव की खुशहाली के लिए देवी माँ महामाया के मंदिर और ठाकुर देवता सहित सभी देवी- देवताओं की आवाहन कर रात भर पूजा की जाती है। इस तरह सावन महीने में प्रत्येक सप्ताह में एक दिन सवनाही त्योहार मनाया जाता है । वही काम धंधे बंद रहते हैं पूजा-पाठ करते हुए तोहार मनाते हैं। सावन मास के आगमन होते ही गॉव देहात के सभी कच्ची -पक्की घर के दिवारों मे महिलाओं के द्वारा गौ-माता के गोबर से टोटका बनाया गया । गोबर के यह टोटका बनाने से सावन मास लगने का सूचक है । इसी कड़ी मे बंगोली के सुशीला-नारायण यादव ने अपने घर के दिवार मे टोटका बना कर सावन लगने का संकेत कर रही है ।

जरूरतमंदो को बांटी गई मास्क और सैनीटाइजर

खरोरा। कोरोना वायरस COVID -19 के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के उपायों के तहत चल रहे लॉकडाउन के दौरान सुरक्षित होने के लिए इंजीनियरिंग के ख्याति प्राप्त प्रोफेसरों द्वारा संचालित खरोरा रायपुर स्तिथ प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (PIETECH) द्वारा सैनिटाईज़र, दस्ताने, हैंडवाश , टैनिन बेस्ड आर्गेनिक फ्लोर क्लीनर, और संस्था द्वारा हाथ से बनाये गए मास्क का नया स्लॉट तैयार हो चुका है जिनको सफाई कर्मचारी, मजदूर एवं जरूरतमंदों को वितरित किये जा रहे हैं। जरुरत का सामान मिलने पर सभी लोगो को राहत मिली है, पाईटेक परिवार ने इस कार्य को पूरी संवेदनशीलता के साथ किया। जरूरतमंदों को राहत देने की दिशा में उक्त संस्था सहयोग कर रही है। कोरोना वायरस से बचाव को लेकर इस संस्था ने लोगों को सोशल डिसटेनसिंग का पालन करने एवं कोरोना के चलते बेवजह घर से न निकलने की अपील की और यह भी बताया की कोरोना से बचाव के लिए घर से बहार निकलते समय नाक मुँह पर मास्क का प्रयोग करें तथा हाथों को अच्छे से सैनिटीज़ करें। इस संस्था में सैनिटाईज़र , टैनिन बेस्ड आर्गेनिक फ्लोर क्लीनर बनाने का कार्य चल रहा है। यह संस्था इस कार्य के लिए निरंतर प्रयासरत है।

छू लो आसमान कोचिंग सेंटर का कक्षा 10वीं तथा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा

खरोरा। जिला प्रशासन द्वारा संचालित संस्था छू लो आसमान कोचिंग सेंटर का वर्ष 2019-20 में कक्षा 10वीं तथा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा 7 संस्था के सभी विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जिसमें कक्षा दसवीं में 92त्न के साथ प्रथम स्थान पर आयुषी मिश्रा, 88.8त्न के साथ दूसरे स्थान पर सपके दीपक तथा 88.5त्न के साथ तृतीय स्थान पर तनीषा सारके रही 7 ज्यादातर बच्चे छू लो आसमान जिले में प्रथम 10 में स्थान प्राप्त किए 7 इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 84.4त्न के साथ प्रथम स्थान पर भार्गव साहू, 82त्न के साथ द्वितीय स्थान पर संध्या नाग तथा 81त्न के साथ तृतीय स्थान पर रिनू झाड़ी रही विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के मेहनत और लगन के परिणाम स्वरूप बीजापुर जिले का मान बढ़ा है। इस वर्ष होने वाले प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे आईआईटी जीईई, नीट, पीईटी, पीपीएचटी, आईसीएआर, बीएचयू और जीजीयू आदि का फॉर्म प्रति वर्षानुसार संस्था द्वारा भरा गया है ।

गांजा तस्करी करते तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

गरियाबंद। गरियाबंद थाना छुरा मे दिनांक 8.7.2020 को पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद नीला रंग के यामहा मोटरसायकल में सवार तीन व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रखकर फिंगेश्वर की ओर जा रहे है । सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के दिशा निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टी.आर. कंवर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी छुरा राजेश जगत के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित किया गया । सूचना के आधार पर कार्यवाही हेतु , ग्राम अकलवारा कसेकेरा तालाब के पास मेन रोड पर टीम तैनात हुये । जहां मुखबिर के बताये अनुसार यामहा गाड़ी में सवार तीन व्यक्ति आते दिखे। जो पुलिस को देखकर डर से भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता से पकड़कर पूछताछ किया गया । जिन्होंने अपना नाम विकास यादव,मनीष सिंह राजपुत,वीरू निषाद गुढ़ियारी रायपुर के रहने वाले बताया । जिनकी तलाशी लिये जाने पर मनीष राजपुत द्वारा अपने काले रंग के बैग में दो पैकेट में कुल 2.40 किलोग्राम गांजा कीमती 20,400 तथा वीरू निषाद के कब्जे से एक सफेद लाल हरा रंग के प्लास्टिक के थैले में छुपाकर रखें दो पैकेट में कुल 2.70 किलोग्राम गांजा कीमती 20,700 रूपये मिला । आरोपियों द्वारा कुल 4.110 किलोग्राम चार किलो एक सौ दस ग्राम गांजा बरामत किया गया। जिसकी कीमत लगभग 41.100 बतााया गया, पूछताछ के दौरान टीटलागढ़ उड़ीसा से गांजा लाना बताया गया जिसे छुरा के रास्ते से जिले के बाहर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। किन्तु पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था,मजबुत मुखबिर तंत्र तथा क्षेत्र में लगातार हो रही पेट्रोलिंग एवं कार्यवाही के कारण आरोपीयों को धर दबोचा गया।

नवविवाहित दम्पति पर चाकू से हमला

गरियाबंद। नवविवाहित दम्पति पर एक युवक ने धारदार हथियार चाँकु से हमला कर घायल कर दिया। मौके पर पहुँचे पुलिस ने घायल दम्पति और आरोपी युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया है। जंहा उनका इलाज जारी है।

गरियाबंद पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक् नवविवाहित दम्पति ग्राम तन्वरबाहर गरियाबंद का रहवासी है। थाना प्रभारी विकास बघेल ने घटना के सबंध में बताया कि फोन से उन्हें सूचना प्राप्त हुआ कि मालगांव के पास एक घटना घटित हुई है जिसमें एक युवक ने एक दम्पत्ति पर हमला कर दिया है। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी को घटना स्थल के रवाना किया गया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि

तंवरबाहरा निवासी युवक सुनील साहू की शादी 28 जून को मगरलोड की युवती से हुआ था जो अपने ससुराल गया हुआ वँहा से दोनों मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था इस दौरान पण्टोरा-मालगांव के बीच मगरलोड के रहने वाले युवक हजरत अंसारी.ने दोनों का रास्ता रोककर विवाहित युवती से यह कहते हुए की मैने जो तुम्हे कहा था उस बात को तुम नहीं माने इस लिए तुम्हे जान से मार दूंगा कहते हुए पति-पत्नी पर धारदार हथियार चांकु से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक के इस हमले से पत्नी के भुजा बगल और पीठ,कमर व उंगली में चोंट आया है। वहीं बीच बचाव करते पति को भी चोंट आए है। जिसे मोके पर पहुँचे पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया है।

विधायक एवं नगर पालिका 17 लाख से नाली निर्माण का भूमि पूजन और 10 लाख की बेलिंग मशीन का लोकार्पण किया

महासमुंद। विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड 29 में 17 लाख से नाली निर्माण का भूमि पूजन और 10 लाख की बेलिंग मशीन का लोकार्पण किया.

पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 29 विघुत विभाग के सामने के नागरिकों की पिछले 10 सालों से मांग रहीं है कि नाली निर्माण किया जाए. इन मांगों को देखते हुए विभिन्न वार्डो में नाली निर्माण की शुरुआत गुरुवार को विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने की. पश्चात तुमाडवरी स्थित एस. एल. आर. सेंटर में स्थापित किए गए बेलिंग एवं फटक्का मशीन का लोकार्पण किया. इस दौरान विधायक एवं पालिका अध्यक्ष ने वर्मी कम्पोस्ट (खाद निर्माण) केंद्र का भी अवलोकन किया. विधायक ने खाद सप्लाई और विक्रेय के संबंध में जानकारी ली. मुख्य नगर पालिका अधिकारी ए. के. हलधर ने वर्मी कम्पोस्ट की विशेषता की जानकारी साझा की. उन्होंने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट खाद के खेतों में छिड़काव से फसल की उत्पादन में वृद्धि होती है, और आगामी समय में वर्मी कम्पोस्ट की मांग बढ़ेगी।

बता दें कि एस. एल. आर. सेंटर की बहनों को शहर भर से एकत्रित किए गए झिल्ली, प्लास्टिक, पुट्ठा, डिस्पोजल आदि को अपने हाथों अलग अलग करना पड़ता था. लेकिन अब विघुत से संचालित फटक्का मशीन में डालने पर झिल्ली प्लास्टिक साफ हो कर बाहर निकल जाता है. इस के बाद इस बेलिंग मशीन के द्वारा कंप्रेस कर के छोटे आकार में बना जाता है. इस सेंटर में इस मशीन के स्थापित होने से सफाई मित्रों बहनों बहुत राहत मिलेगी. इस अवसर पर उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, पार्षद निखिलकांत साहू, राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विरेन्द्र चंद्राकर, सुरेन्द्र जायसवाल, इजीनियर अमन चंद्राकर, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्स सहित सफाई मित्रों की बहने उपस्थित थे.

मुलाकात | **समाज से मंत्रिमंडल में एक मंत्री सहित निगम मंडल आयोग में उचित प्रतिनिधित्व की मांग की गई**

प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश साहू संघ का प्रतिनिधिमंडल मिले सीएम से

गरियाबंद/ रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर साहू समाज ने गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सुराजी योजना के तहत गांव-गांव में गौठानों के निर्माण तथा गोधन न्याय योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र तथा गाय और बछड़े की एक मूर्ति भेंट की।इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष श्री अर्जुन हिरवानी ने कोरोना संकट के समय प्रवासी मजदूरों एवं सीएम रिलीफ फंड एवं पीएम रिलीफ फंड में समाज के द्वारा किए गए सहयोग के संदर्भ में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए विभिन्न मांगे रखी जिसमें समाज की बृहद आबादी के अनुरूप कम से कम एक और योग्य अनुभवी वरिष्ठ विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल करने समाज से ज्यादा से ज्यादा योग्य जनों को निगम मंडल आयोग में प्रतिनिधित्व सहित छत्तीसगढ़ के समस्त जिला साहू संघ के लिए जिला मुख्यालय में जमीन का आवंटन शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कहा कि गौवंश के धार्मिक महत्त्व के साथ ही अब हमें पशुधन के आर्थिक महत्व को भी समझने की जरूरत है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर संग्रहण कर वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार की जाएगी। इससे किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी और इसके उपयोग से जमीन की उर्वरा क्षमता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेली त्योहार से इस बार गोबर क्रय करने की शुरूआत होगी। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं किसानों से इस योजना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

प्रतिनिधिमंडल में अर्जुन हिरवानी के साथ ,थानेश्वर साहू, सरिता साहू , तुलसी दास साहू ,शांतनु साहू , प्रवीण साहू , हनुमंत साहू संदीप साहू ,सनत बंटी साहू, राजू साहू, मेघराज साहू ,सुरजीत साहू सहित लगभग 22 से अधिक जिलाध्यक्ष सहित प्रदेश के विभिन्न प्रकोष्ठे के अध्यक्ष सहित सैकड़ों पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

बर्गर सिंह का फ्रेंचाइजी के जरिये कारोबार विस्तार की योजना

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय बर्गर ब्रांड बर्गर सिंह ने अपने कारोबार को फ्रेंचाइजी के माध्यम से विस्तार करने की योजना बनायी है और वर्ष 2021 तक चंडीगढ़ सहित पंजाब में 12 से ज्यादा आउटलेट शुरू करने का लक्ष्य तय किया है।

इस ब्रांड को संचालित करने वाली कंपनी बर्गर सिंह ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पंजाब में फ्रेंजाइजी के लिए उत्साही उद्यमियों की तलाश की जा रही है। चंडीगढ़, लुधियाना, जालंधर, पठानकोट और अन्य टीयर-3 शहरों में 12 से ज्यादा आउटलेट खोलने का लक्ष्य तय किया गया है।

कंपनी के अभी देश में 35 से ज्यादा आउटलेट हैं। लखनऊ, जयपुर, नागपुर, अहमदाबाद, दिल्ली एनसीआर और चंडीगढ़ जैसे शहरों में 20 फ्रेंजाइजी हैं। अभी कंपनी होम डिलीवरी पर केंद्रित क्लाउड किचन मॉडल में फ्रेंचाइजी दे रही है।

रुपया तीन पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजार की तेजी के दम पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज तीन पैसे की मजबूती के साथ 74.99 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पिछले तीन दिन में 36 पैसे टूटने के बाद मजबूत हुई है। बुधवार को यह नौ पैसे लुढ़ककर 75.02 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज आरंभिक तेजी रही। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के दम पर आठ पैसे चढ़कर यह 74.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 74.91 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के सूचकांक में तेजी से कुछ देर के लिए रुपया दबाव में भी आया। एक समय यह 75.07 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था। अंत में गत दिवस के मुकाबले तीन पैसे की मजबूती के साथ 74.99 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में मजबूती से रुपये की बढ़त सीमित रही।

दुबारा उड़ान शुरू करेगी अलायंस एयर

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया की इकाई अलायंस एयर 16 जुलाई से दिल्ली और कुल्लू के बीच दुबारा उड़ान शुरू करेगी। अलायंस एयर ने आज बताया कि अभी यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होगी। इस मार्ग पर 70 सीटों वाले एटीआर72 विमान का परिचालन किया जायेगा। उड़ान दिल्ली से सुबह 6.45 बजे रवाना होगी और सुबह 8.05 बजे कुल्लू पहुँचेगी। वापसी में सुबह 8.30 बजे रवाना होकर यह 9.50 बजे दिल्ली पहुँचेगी। एयरलाइन की एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुये विमान सेवा का परिचालन किया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र के उन्नयन के नये अवसर मिले: एफएसआईआई

काफी लंबे समय से लंबित सुधारों को पूरा करने के भी मिले अवसर

देश में बीज का कारोबार करने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफसीड इंडस्ट्री ऑफइंडिया (एफएसआईआई) ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए किये गये उपायों से इस क्षेत्र के लिए काफी लंबे समय से लंबित सुधारों को पूरा करने के अवसर मिले हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। संगठन के कार्यकारी निदेशक डॉ. शिवेंद्र बजाज ने आज यहां कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनने एवं मानवश्रम पर निर्भर खेती की तकनीकों में परिवर्तन करने में मदद करने के लिए खेत के इन्फ्रास्ट्रक्चर, जैसे डिजिटाईज़ेशन एवं मैकेनाईज़ेशन पर बल दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लॉकडाऊन के दौरान औद्योगिक एवं सर्विस सेक्टर कार्यशील नहीं था, लेकिन मानव श्रम की कमी के बावजूद किसानों ने रबी फसलों की कटाई की और उपभोक्ताओं के लिए कृषि सामग्री की आपूर्ति बनाए रखी। किसानों को सामर्थ्य से बढ़कर काम करना पड़ा, फिर भी उन्हें क्रेडिट उपलब्ध नहीं हुआ, फसल को मंडी ले जाने के साधनों के अभाव में अपना उत्पाद फेंकना पड़ा और ईटरीज़, रेस्टोरैंट एवं कैंटीन आदि के बंद हो जाने के चलते उनके पास अतिरिक्त कृषि उत्पाद एकत्रित हो गया। एफएसआईआई के अनुसार ज्यादातर मजदूर लॉकडाऊन के चलते शहरों में फंसे हुए हैं। इस स्थिति में किसानों को श्रमिकों की जरूरत को पूरा करने के लिए मशीनों एवं उपकरणों पर निर्भर होना पड़ेगा। साथ ही अच्छी गुणवत्ता के बीज एवं अन्य कृषि इनपुट के साथ सरकारी सहायता भी किसानों को उपलब्ध करानी होगी, ताकि वे कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न हुए नकारात्मक प्रभावों का सामना कर सकें।

डॉ बजाज ने कहा कि इस मुश्किल समय में खेती की चुनौतियों को सम्हालने की जिम्मेदारी किसानों, सरकार, सार्वजनिक एवं निजी उद्योगों की है। सबसे पहले खेती के मशीनीकरण से श्रमिकों की कमी का समाधान किया जा सकता है। फसल उगाने के लिए किसानों से डिजिटल एवं मैकेनाईज्ड तरीके अपनाने का निवेदन करना होगा। विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईज़ेशन , राष्ट्रीय कृषि विकास योजना , मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर , नेशनल मिशन ऑन ऑईलसीड्स एंड ऑईल पॉम (एनमूप) के माध्यम से खेत की मशीनरी एवं उपकरण खरीदने या भाड़े पर लेने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दूरी के प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिए सरकार ने किसानों को मशीनों की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं।

होंडा सिविक का बीएस-6 डीजल वैरिएंट लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रीमियम कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने होंडा सिविक का बीएस-6 डीजल वैरिएंट आज लॉन्च किया। होंडा सिविक का पेट्रोल वैरिएंट गत साल मार्च में इसके लॉन्च के समय से ही बीएस-6 इंजन के साथ आ रहा है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं निदेशक(विपणन एवं बिक्री) राजेश गोयल लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷होंडा भारतीय बाजार में अपनी अत्याधुनिक और उन्नत पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लोकप्रिय सेडान होंडा सिविक अब बीएस-6 डीजल और पेट्रोल दोनों वैरिएंट में उपलब्ध है। डीज़ल सिविक मैनुअल ट्रांसमिशन में उपलब्ध है और यह एक शानदार ड्राइविंग अनुभव की तलाश कर रहे ग्राहकों को आकर्षित करेगा।÷

सिविक का बीएस-6 डीजल वैरिएंट अर्थ ड्रीम टेक्नोलॉजी सीरीज के 1.6 लीटर आई-डीटेक डीजल टर्बो इंजन से लैस है। इसका माइलेज 23.9 किलोमीटर प्रति लीटर है। यह इंजन 120 हॉर्स पावर के साथ 300 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। इसमें 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन दिया गया है। नई सिविक का यह डीजल वेरिएंट वीएक्स और जेडएक्स ग्रेड में उपलब्ध होगा।

शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 409 अंक उछला

मुंबई (वार्ता)। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच धातु, वित्त एवं बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 408.68 अंक यानी 1.12 प्रतिशत उछलकर 36,737.69 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 107.70 अंक अर्थात 1.01 फीसदी की बढ़त के साथ 10,813.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का चार महीने से अधिक का उच्चतम स्तर है।

शेयर बाजारों में शुरू से ही तेजी रही। दिग्गज कंपनियों में निवेशकों ने अधिक पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर करीब चार फीसदी चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में पौने चार प्रतिशत और टाटा स्टील तथा एचडीएफसी में तीन प्रतिशत की तेजी रही। ओएनजीसी का शेयर डेढ़ फीसदी से अधिक लुढ़क गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने कम पैसा लगाया। बीएसई का मिडकैप 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,493.47 अंक पर स्मॉलकैप 0.49 प्रतिशत चढ़कर 12,848.24 अंक पर बंद हुआ।

विदेशों में अधिकतर प्रमुख शेयर बाजार लाल निशान में रहे। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.39 फीसदी, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.42 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.31 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.27 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.55 फीसदी टूट गया।

होंडा 2 व्हीलर्स ने लाँच किया ऑनलाईन बुकिंग प्लेटफॉर्म

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी के इस दौर में उपभोक्ताओं को कॉन्टेक्टलैस सेवाएं प्रदान करने के लिए दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की दूसरी बड़ी कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी आधिकारिक वेबसाइट होंडा2 व्हीलर्स इंडिया डॉट कॉम पर डिजिटल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक ‘ऑनलाईन बुकिंग’ प्लेटफॉर्म लाँच करने की घोषणा की।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उसका नया ऑनलाईन बुकिंग प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को बुकिंग का त्वरित, सहज एवं पारदर्शी अनुभव प्रदान करता है। अब उपभोक्ता अपना पसंदीदा 2-व्हीलर वेरिएन्ट, कलर और अपनी पसंद का ऑथोराइज़्ड डीलर चुन कर बुकिंग कर सकते हैं।

भारती एक्सा लाईफइंश्योरेंस ने लांच किया हेल्थ एवं लाईफ सिक्योर प्लान

नई दिल्ली (वार्ता)। जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस ने अपनी तरह के प्रथम ‘हेल्थ एंड लाईफ सिक्योर’ प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है।

कंपनी ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच प्रस्तुत यह एक समावेशी सुरक्षा समाधान है, जो लाईफ कवर, हॉस्पिटलाईज़ेशन एवं गंभीर बीमारियों के कवर का तिहरा फायदा प्रदान करता है। यह प्लान घरेलू बीमा बाजार में वित्तीय सुरक्षा एवं विस्तृत स्वास्थ्य तथा गंभीर बीमारी का कवरेज प्रस्तुत करने वाला एक ऑल-इन-वन सुरक्षा समाधान है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग राजा ने कहा कि कोरोना के संक्रमण तथा महामारी के चलते उत्पन्न डर एवं अप्रत्याशित वातावरण को देखते हुए हेल्थ एंड लाईफ सिक्योर समय की जरूरत बन गया है, जो ग्राहकों की जीवन की सुरक्षा, हॉस्पिटलाईज़ेशन एवं गंभीर बीमारियों के कवर की जरूरत को पूरा करता है। इस संपूर्ण समाधान का अद्वितीय प्रपोज़िशन यह है कि यह स्वास्थ्य एवं गंभीर बीमारियों के खर्चों का प्रबंधन करने के लिए वित्तीय सुरक्षा तथा सहयोग प्रदान करता है।

यह प्लान गंभीर बीमारी के विकल्प एवं भारती एक्सा लाईफ हॉस्पि कैश बेनेफिट राईडर तथा भारती एक्सा लाईफ एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट राईडर के साथ भारती एक्सा लाईफ फ्लेक्सी टर्म प्लान द्वारा उपलब्ध है। यह ऐसा मिश्रण है, जो लोगों के फाईनेंसेस को भविष्य में किसी भी कारण उत्पन्न होने वाली हेल्थ इमरजेंसी से सुरक्षित रखता है। इस अतिरिक्त निर्मित समाधान के तहत अधिकतम लाईफ कवरेज 75 साल की उम्र तक मिलेगा और इसमें प्रवेश की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होगी।

कारोबार — कागज आयात की अनुमति केवल वास्तविक उपयोगकर्ता लाइसेंस के आधार पर मिलनी चाहिए

कागज को फ्री रिस्ट्रिक्टेड श्रेणी में लाने की मांग

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन से कागज के आयात में वर्ष 2019-20 में 14 प्रतिशत की बढोतरी होने के बीच इस उद्योग के शीर्ष संगठन इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने कागज की आयात नीति को बदलकर तत्काल 'फ्री' से 'रिस्ट्रिक्टेड' श्रेणी में लाने की जरूरत बतायी है। संगठन ने आज कहा कि कागज आयात की अनुमति केवल वास्तविक उपयोगकर्ता लाइसेंस के आधार पर मिलनी चाहिए, जिससे चीन और आसियान देशों से हो रहा कागज आयात रोका जा सके।

उसने सरकार द्वारा जारी नये आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 में कुल कागज आयात 11 प्रतिशत बढ़कर 16 लाख टन हो गया। इसी अवधि में चीन से होने वाला आयात 14 प्रतिशत बढ़कर लगभग 3 लाख टन हो गया। भारत-आसियान एफटीए और भारत-कोरिया सीईपीए के तहत आसियान और दक्षिण कोरिया से होने वाला कागज आयात क्रमशः 18 प्रतिशत और 9 प्रतिशत बढ़ गया। इन दोनों देशों से आयात पर शुल्क शून्य है। चीन से होने वाले आयात पर एपीटीए करार के तहत ज्यादातर पेपर ग्रेड पर 30 प्रतिशत का मार्जिन ऑफ प्रेफ्रेंस मिलता है।

आईपीएमए के अध्यक्ष ए एस मेहता ने संगठन की मांग को लेकर केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को भेजे गये पत्र का हवाला देते कहा कि कागज ऐसे विनिर्माण क्षेत्रों में से है, जिस पर आयात का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। भारत में कई छोटे पेपर मिल और कुछ बड़े पेपर मिल भी वाणिज्यिक रूप से टिकाऊ नहीं रह पाने के कारण बंद हो गए, जिससे हजारों लोगों का रोजगार छिन गया। देश में कागज उत्पादन की क्षमता पर्याप्त है, लेकिन उसका पूरा प्रयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान देशों और चीन के कागज विनिर्माताओं को सस्ता इनपुट और कच्चा माल मिल जाता है तथा उन देशों में कंपनियों को इन्सेंटिव और सब्सिडी भी मिलती है। ऐसे में इन देशों से शून्य आयात शुल्क या प्राथमिकता के आधार पर आयात को मंजूरी देने से घरेलू बाजार में भारतीय विनिर्माताओं को बराबरी का अवसर नहीं मिल पाता है।

श्री मेहता ने कहा कि भारत दुनिया में पेपर और पेपरबोर्ड का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, जहां सालाना 7 से 8 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। शिक्षा और साक्षरता पर सरकार की ओर से जोर दिए जाने के कारण यहां पेपर एवं पेपरबोर्ड की मांग बढ़ी है। सरकार की इस पहल से गुणवत्तापूर्ण राइटिंग एवं प्रिंटिंग पेपर की मांग बढ़ी है। संगठित रिटेल के जरिये बेचे जाने वाले एफएमसीजी उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता वाली पैकेजिंग, ओवर द काउंटर दवाओं और रेडी टू ईट फूड के प्रति बढ़ती रुचि के कारण रिटेल सेक्टर में कागज का उपयोग बढ़ा है। हालांकि यह बढ़ी हुई मांग सस्ते आयात के कारण पूरी हो जा रही है और घरेलू विनिर्माताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

एयरटेल प्रीपेड ग्राहकों के लिए एयरटेल थैंक्स ऐप अब हिंदी में भी उपलब्ध

रायपुर। नये डिजिटल उपायों के माध्यम से ग्राहकों की सुविधाओं में विस्तार करने के अपने मिशन के तहत भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज एयरटेल थैंक्स ऐप पर प्री-पेड उपयोगकर्ताओं के लिए हिंदी भाषा का विकल्प जोड़ने की घोषणा की है। यह फीचर एंड्रॉयड पर उपलब्ध है और कुछ ही दिनों में आईओएस पर भी उपलब्ध रहेगा।

स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, विशेष रूप से छोटे शहरों और गांवों में। ऑनलाइन सुविधाओं के लिए इन ग्राहकों की पहली पसंद क्षेत्रीय भाषा होती है। एयरटेल थैंक्स ऐप का यह नया फीचर ग्राहकों को यह ऐप उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। यह भाषा संबंधी अवरोधों को दूर करके ऐप को एयरटेल ग्राहकों के लिए अत्यधिक इंटरैक्टिव बनाएगा। एयरटेल थैंक्स ऐप एयरटेल की सभी सेवाओं के लिए डिजिटल गेटवे है। यह ग्राहक के एआरपीयू पर आधारित कस्टमाइज्ड इंटरफेस - सिल्वर, गोल्ड, प्लेटिनम -के साथ आता है। ऐप एयरटेल स्मार्टफोन ग्राहकों को डिजिटल सेल्फ केयर का उपयोग करने की अनुमति देता है जिसके द्वारा वे रिचार्ज, बिल भुगतान, डेटा उपयोग / बैलेंस की जांच कर सकते हैं। ग्राहक ऐप के माध्यम से सेवा से संबंधित मुद्दों के लिए भी लॉग इन कर सकते हैं। ऐप एयरटेल के डिजिटल मनोरंजन संग्रह के पूर्वावलोकन के साथ-साथ डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवाओं तक पहुँच भी प्रदान करता है।

आज का भविष्यफल

मेष: आज व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आज आनन्ददायक बीतेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा।

वृषभ: राशि स्वामी शुक्र की अपने भाव में स्थिति और चन्द्रमा का मकर राशि पर संचार आश्चर्य और मन:संतोष का देने वाला है। किसी बहुप्रतीक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा।

मिथुन: राशि आधिपति बुध प्रथम भाव में तथा चन्द्रमा मकर राशि फिर कुंभ राशि में संचार करेगा। आज जो भी काम आप करेंगे सरलता से बन जाएगा। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें।

कर्क: राशि से षष्ठम शत्रु भाव में धनु राशि का गुरु और सप्तम भाव में चन्द्रमा आज सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता देने वाला है। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। बच्चे खेलकूद में तो पत्नी हास्य रस में विभोर रहेगी।

सिंह: राशि का स्वामी सूर्य एकादश लाभ भाव में तथा अष्टम भाव में चन्द्रमा है। इनसे सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास का सुयोग तो चल ही रहा है, नई खोजों में भी रुचि बढ़ेगी।

कन्या: आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। अपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा।

तुला: आज का दिन मिलाजुला प्रभाव रखेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है।

वृश्चिक: आज आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा।

धनु: आज आपके विरोधी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें।

मकर: आज आपको कोई उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी।

कुंभ: राशि का स्वामी शनि उदय हो चुका है। द्वादश-व्यय में चन्द्रमा संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोष वृद्धि कारक है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार का आज भी आपको लाभ मिलेगा।

मीन: राशि स्वामी देव गुरु बृहस्पति धनु: राशि पर विराजमान होने से आपका उत्कर्ष कर रहा है। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे।

सू- दोकू क्र. 78

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ... वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र... सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 77 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -78

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निपटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रखवाला, रखदार 11. माँ का बच्चों के प्रति प्रेम 13. सौगात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 77 का हल

ला	लु	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	म
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सुनसान सड़कों पर राहगीरों को लूटने वाले पकड़ाए

■ 02 मोटर सायकल , 03 मोबाईल, और 11500 नकद जब्त

भाटापारा। सुनी सड़को पर अकेले आते जाते लोगो से मोबाईल और पैसा लूटने के मामले में शहर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित 4 लोगो को पकड़कर उनके कब्जे से लूट के मोबाईल नगदी सहित मोटर सायकल को जब्त किया है।शहर पुलिस उन सभी के खिलाफ कार्यवाही की है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की ग्राम ढाबा डीह निवासी प्रार्थिया डागेस्वरी सोनवानी 2 जून को प्रातः लगभग पौने 11 बजे भाटापारा से अपने गांव सायकल से मोबाईल से बात करते हुए जा रही थी तभी बिना नम्बर की मोटरसायकल में सवार दो युवको ने उसका मोबाईल छिन कर फरार हो गए।प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याणी एलेसेला को दी गयी और उनके निर्दश पर अज्ञात आरोपियों की खोजबीन पतासाजी हेतु मुखबीर लगाया गया।यही पुलिस आरोपियों को पकडने के लिए सतत निगाह रखी गई थी की इसी दौरान पता चला कि लाला उर्फ टिकेश्वर साहू पिता

अशोक साहू पता सुभाष वार्ड के द्वारा मोबाईल बेचने के फिराक में ग्राहक ढूंढ रहा है उससे पूछताछ किया जो सुनसान रास्ते आने जाने वाले को लूटना , रात में अंधेरे का आड और लाकडाउन का फायदा उठा कर सायकल चलाने वाले, अकेले आने जाने वाले को शिकार बनाना बताए पूर्व में भाटापारा शहर से बाहर गांव जाने वाले को निगाह रखकर शिकार बनाने के लिए आगे पीछे जाकर लूट कर घटना को अंजाम देते थे जिसमें से अभिषेक वर्मा पिता पंचराम वर्मा को पीछे मोटर सायकल में बैठाकर स्वयं टिकेश्वर उर्फ लाला साहू मोटर सायकल चलाकर यात्री के पास चिपकाकर मोबाईल को लूट कर भाग जाते थे उसके बाद लूट के मोबाईल कम रेट में रिश्तेदार या किसी अन्य व्यक्ति को बेच देते थे जिसमें से सतभांवा के नाबालिक बालक व कुलदीप वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 19 साल को चोरी के मोबाईल बेचा था उसके कब्जा से 01 मोबाईल व 4000 रूपये को जप्त किया गया है। पैसा खतम होने के बाद पुनः घटना को अंजाम देते थे।आरोपीगण से उक्त घटना प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 पी 8944 एच एफ डिलक्स लूट के मोबाईल सेमसंग जे7 के आलावा और दो मोबाईल , मोबाईल खरीदी बिक्री के रकम मिले है तथा खोलवा रोड में भी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 जे 1393 से विवो मोबाईल को लूट करना बताया।

इस प्रकार आरोपीगण से कुल तीन मोबाईल , दो मोटर सायकल और 11500 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपीगण को न्यायालय पेश किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि ओम साहू , प्रधान आरक्षक युगल किशोर साहू नरेन्द्र कुमार निषाद, आरक्षक भारत भूषण पठारी , प्रमोद पटेल , श्रीचंद ध्रुव और सायबर टीम कुमार जायसवाल , नेहा तिवारी का विशेष योगदान रहा।

लवन नगर के वार्ड नं. 06 में भरा लबालब पानी

लवन। विगत दिनों व गुरूवार को हुई बारिश की वजह से नगर पंचायत लवन के वार्ड क्र. 06 में लबालब पानी भर गया है। लगातार हो रही बारिश से वार्ड की गलियों में 2 से 3 फीट तक गहरा पानी भर जाने की वजह से कई लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड की गली से लगा हुआ नगर का पुराना जय महामाया तालाब है, जिसके एक छोर पर लवन के वार्ड क्र. 06 बसा हुआ है। उक्त तालाब का घेरा (दीवाल) नहीं होने की वजह से तालाब का अतिरिक्त पानी वार्ड की गलियों में तालाबनुमा भरा हुआ है, जिससे वार्डवासियों को घर से निकलने व दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आने - जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उल्लेखनीय है कि उक्त तालाब की पानी निकासी के लिए नगर पंचायत लवन द्वारा नाली का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन तालाब का ओवर फ्लो पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है। नतीजन वार्ड की गलियों में ही तालाब की तरह पानी भरा हुआ है। वही मुख्य मार्ग के किनारे बना हुआ मार्डन नाली को काफी ऊंचा बना दिया गया है, जिससे तालाब से निकला हुआ पानी सही तरीके से निकासी नहीं हो पा रहा है।

उक्त वार्ड में पानी भरने की स्थिति बरसात के पूरे 4 माह तक बनी रहती है। वही वार्ड के लोगों की समस्याओं को देखते हुए स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस ओर कोई पहल करते नजर नहीं आ रही है, मजबूरीवश लोग वार्ड की गली में भरे हुए पानी को लांघकर नगर पंचायत को कोसते हुए आना-जाना कर रहे है।

जुआं खेलते 4 पकड़ाए,12 हजार से ज्यादा रूपये जब्त

भाटापारा। ग्रामीण पुलिस ने अर्जुनी के पास तास पत्ती का जुवा खेलते हुए 4 लोगो को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 12 हजार 360 रूपये जब्त कर उनके खिलाफ जुवां एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थाना से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को मुखबीर से मिली सुचना पर देहात भ्रमण पेट्रोलिंग पर ग्राम अर्जुनी की ओर रवाना हुआ था की अर्जुनी मिर्गी रोड दैहान के पास स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ व्यक्ति ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलने की सुचना पर मिले ,इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला को दी गई और उनके निर्देशानुसार घेराबंदी कर रेड कारवाही किया। इस रेड कार्यवाही में हार जीत का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेलते योगेश साहू पिता सुरेंद्र साहू उम्र 30 वर्ष ,सोनू साहू पिता धरमू साहू उम्र 20 वर्ष ,रंजीत कुमार पिता बेदराम साहू उम्र 29 वर्ष और भोला यदु पिता सेवाराम यदु उम्र 33 वर्ष सभी साकिनान अर्जुनी को पकड़ कर नगदी रकम 12,360 रूपये* को जब्त कर उन सभी के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।